संसेक्स 72,240.26 ▲ -170.12
डॉलर 83.185 ▼ +0.072

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 13.0 | 13.0 |
| धनबाद | 26.0 | 12.0 | 12.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 12.0 |
| पलामू | 26.0 | 11.0 | 11.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 30 दिसंबर 2023, वर्ष-30, अंक- 74, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय स्वच्छ भारत मिशन : साफ होते शहर-गांव ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
पीएम का वेलफेयरिज्म मॉडल एक केस ...10 देश/विदेश

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,170

चांदी (10 किलो) 73,760

## एक नजर

### केंद्र और उल्फा के बीच ऐतिहासिक समझौता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के वार्ता समर्थक गुट ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में केंद्र और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में हस्ताक्षरित समझौता, अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा गुट और सरकार के बीच 12 साल की बिना शर्त बातचीत के बाद हुआ है। इस शांति समझौते से असम में दशकों पुराने उग्रवाद के खत्म होने की उम्मीद है।

### आजसू केंद्रीय सचिव ने अपने ही छोटे भाई को मारी गोली, गिरफ्तार

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने अपने ही छोटे भाई को पारिवारिक विवाद में गोली मार दी। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। सूरज अग्रवाल के भाई चंदन अग्रवाल उर्फ टीनू को घायल अवस्था में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शहर के रघुनंदन लेन से सूरज अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि सूरज अग्रवाल और उसके छोटे भाई चंदन अग्रवाल उर्फ टीनू अग्रवाल के बीच किसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी बीच गुरुवार देर रात सूरज ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से छोटे भाई चंदन को गोली मार दी। पुलिस ने सूरज को मौके से गिरफ्तार किया और उसके लाइसेंसी रिवाल्वर को जब्त कर लिया है। इस घटना की पुष्टि एसपी हारिस बिन जमां ने की और कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है।

### सीआरपीएफ के हवलदार की मौत, ड्यूटी के दौरान हुई थी उल्टी

**मेदिनीनगर।** सीआरपीएफ 134 बटालियन के मुख्यालय में तैनात हवलदार की शुक्रवार की सुबह मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हवलदार राम विष्णु कुछ ही दिनों पहले छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर लौटे थे। पलामू में पिछले एक दशक से नक्सल विरोधी अभियान में उनकी तैनाती थी। फिलहाल उनकी कंपनी सारंडा के इलाके में नक्सल विरोधी अभियान में तैनात है, लेकिन हवलदार राम विष्णु पलामू के मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज स्थित सीआरपीएफ के मुख्यालय में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात थे। डिप्टी कमांडेंट ने घटना की पुष्टि करते हुये बताया कि ड्यूटी के दौरान हवलदार की तबियत खराब हुई थी। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## सरकार के चार साल पूरे होने पर आयोजित हुआ समारोह, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# डीवीसी कमांड एरिया में शीघ्र देंगे अपनी बिजली : हेमंत

- राज्य की छवि खराब करने में जुटा है डीवीसी
- केंद्र सरकार फिर लगाया सौतेले व्यवहार का आरोप
- झारखंड कोटे का पीएम आवास यूपी को देने का लगाया आरोप

डेढ़ साल में बन जाएगा अपना ट्रांसमिशन-डिस्ट्रब्यूशन सिस्टम

अब झारखंड में पेंशन 60 नहीं 50 साल में ही मिलेगी

कहा-हमारे साथ केंद्र की ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी

4547 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन

1134 युवाओं को सरकारी सेवा का नियुक्ति पत्र सौंपा





नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हमारी जमीन, हमरा कोयला, हमारा संसाधन मगर हमें ही बिजली नहीं मिलता है। डीवीसी एक हजार रुपया बकाया रहने पर भी बिजली काट देता है। यहां तक कि राष्ट्रपति के दौरे के समय भी केंद्र के इशारे पर वह बिजली काट कर राज्य सरकार की छवि खराब करने का प्रयास करता है। लेकिन अब चिंता न करें, हम वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं, डेढ़ साल बाद आपको कहीं और से बिजली लेने की जरूरत नहीं होगी। इस बीच हम डीवीसी कमांड एरिया में अपना ट्रांमिशन-डिस्ट्रब्यूशन सिस्टम तैयार कर लेंगे, हम खुद बिजली सप्लाई करेंगे। यह दावा शुक्रवार को राज्य सरकार के चौथे वर्षगांठ के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अहम घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में लोगों को अब पेंशन 60 नहीं बल्कि 50 वर्ष की उम्र से ही मिलेगा। पहले हम देश में सबसे अधिक पेंशन राशि देने वाला राज्य बनें अब पेंशन की उम्र घटाकर 50 वर्ष करने वाला भी पहला राज्य बनेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री ने एक बार फिर केंद्र पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का अरोप लगाया। कहा, पहले तो 1.36 हजार करोड़ के बकाये को मानते ही नहीं थे। मगर जब सच सामने आ गया तो स्वीकार करते हैं, मगर देते नहीं हैं। झारखंड के 8 लाख चिन्हित पीएम आवास की राशि हम मांगते रहे लेकिन नहीं मिला। झारखंड के हिस्से का पीएम आवास उत्तर प्रदेश को दिया। अब कहते हैं कि हमारी सरकार बनेगी तो सभी पीएम आवास देंगे, यह ब्लैकमेलिंग हमारे लोगों के साथा चलेगी। इसलिए हमने खुद से आठ लाख अबुआ आवास योजना देने का फैसला लिया। (संबंधित खबरें पेज 6-7 पर)

### 1932 पर विपक्ष को सांप सूंघ जाता है

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति की बात आती है तो विपक्ष को सांप सूंघ जाता है। आधे मन से एक ओर सदन में इसका समर्थन करते हैं, फिर बाहर के लोगों के जरिए कोर्ट-कचहरी में जाकर इसे फंसाते हैं। राज्यपाल को जाकर कान भरते हैं। दरअसल विपक्ष चाहता ही नहीं है कि स्थानीयों को नौकरी मिले। डबल इंजन की सरकार ने 1.50 लाख राशन कार्ड डिटित कर दिया था, कार्ड हाथ में लेकर गरीब भूख से मर गए। हमारी सरकार ने 20 लाख नए राशन कार्ड बनाया। हमने एफसीआई से राशन खरीदने का आवेदन दिया मगर केंद्र सरकार ने हमे राशन नहीं दिया। अब हम बाजार से मंहगे दाम पर खरीद कर राशन दे रहे हैं।

### झारखंड वीरों और शहीदों की धरती

मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की धरती है। हम पीठ दिखाकर भागने वालों में नहीं है। जब यह राज्य बना तो भूखे-नंगा नहीं बना, खजाने भरके अलग हुआ। मगर विपक्ष के लोगों ने इस पैसे से अपनी जेबें भरीं। इस राज्य को कंगाल बनाने का काम विपक्ष ने किया। ड़ेढ साल आपदा में गुजर गयी, जब सरकार काम पर लौटी तो सरकार को डिस्ट्रब करने और काम को बाधित करने का काम किया गया। मगर हम डटे रहे, अडे रहे और राज्य की बुनियाद को मजबूत करने में जुट गए।

### 3698.33 करोड़ रुपये की 323 योजनाओं का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 1134 को सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपा और 3698.33 करोड़ रुपये के 323 योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं 849.37 करोड़ रुपये के 20 योजनाओं का उदघाटन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कई लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया।

## संगठित अपराध का होगा सफाया : आईजी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि पलामू में नक्सलियों के खिलाफ सफलता अभियान डबल बुल से मिली थी। उसकी सफलता के बाद ही आपरेशन आक्टोपस की योजना तैयार की गयी थी। डबल बुल से ही बूढ़ापहाड़ पर आपरेशन आक्टोपस की नींव रखी गई थी। इस दौरान सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली और इस इलाके से माओवादियों का सफाया हो गया। आपरेशन आक्टोपस सीआरपीएफ और पुलिस के बेहतर समन्वय का बड़ा उदाहरण है। इन सभी मुद्दों पर जोनल आईजी लकड़ा ने बताया कि जब तक नक्सलियों का एक भी कैडर बचा हुआ है, पुलिस के लिये चुनौती है। पलामू जोन में नक्सली के साथ-साथ संगठित अपराध भी बड़ी चुनौती है। जिससे निबटने के लिये कारगर योजना तैयार की गयी है। श्री लकड़ा ने यह भी कहा कि पलामू का इलाका सामाजिक कुरीतियों से भी प्रभावित रहा है। जिस कारण यहां कई अपराध हुये हैं। अब अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आईजी ने नये वर्ष पर होने वाले सड़क हादसों पर चिंता जताते हुये कहा युवाओं को यातायात नियमों को समझना अत्यंत जरूरी है।

## पीएम आज रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसंबर को रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। रेल मंत्रालय जनवरी में ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा। रेलवे ने ट्रेन की समय सारणी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक वंदे भारत एक्सप्रेस से बनारस से रांची तक का सफर सिर्फ छह घंटा 20 मिनट में पूरा होगा। दक्षिण पूर्व रेलवे ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यह ट्रेन लोहरदगा टोरी होकर चलेगी। इस ट्रेन के शुरू होने से ही रांची से तीन वंदे भारत ट्रेन हो जाएंगी। फिलहाल एक ट्रेन रांची से पटना और दूसरी रांची से हावड़ा के बीच चल रही है। इसके अलावा पटना से हावड़ा और हावड़ा से पुरी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस भी झारखंड से होकर गुजरती है।

**छह घंटे 20 मिनट में बनारस से रांची का सफर :** वर्तमान में रांची और बनारस के बीच चार ट्रेनों का परिचालन अलग-अलग रूटों से हो रहा है, जिसमें 11 घंटे का समय लगता है लेकिन वंदे भारत ट्रेन छह घंटा 20 मिनट का समय लेगी। बनारस-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस बनारस से सुबह 5:50 बजे खुलेगी, जो दोपहर 12:10 बजे रांची पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 01:30 बजे रांची से रवाना होगी और शाम 07:50 बजे बनारस पहुंचेगी।

**1390 से 2600 तक किराया :** रांची-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में एसी चेयरकार का किराया 1390-1400 और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2545 से 2600 रुपये हो सकता है। हालांकि, इस ट्रेन की टाइमिंग और किराया पर अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है झारखंड में पहली वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से पटना के बीच शुरू हुई। रांची से हावड़ा के बीच दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस इस साल सितंबर में शुरू हुई। ट्रेन को पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ट्रेन का परिचालन शनिवार को छोड़कर किया जाता है।

## आज अयोध्या के दौरे पर पीएम, करेंगे रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का उद्घाटन

**अयोध्या (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री यहां रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या रेलवे स्टेशन और आस-पास के सभी रूट पर सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या में चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। उनके दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान पीएम मोदी अयोध्या एयरपोर्ट और पुर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। 240 करोड़ रुपये से पुनर्विकसित हुए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन में कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। तीन मंजिला आधुनिक रेलवे स्टेशन की इमारत में लिफ्ट, एस्केलेटर, फूड प्लाजा, पूजा की जरूरतों के लिए दुकानें, क्लॉक रूम, चाइल्ड केयर रूम, वेटिंग हॉल जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं हैं। स्टेशन भवन 'सभी के लिए सुलभ' और 'आईजीबीसी प्रमाणित ग्रीन स्टेशन भवन' होगा। 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम को देखते हुए 20 जनवरी से आम लोगों के लिए अयोध्या राम मंदिर के दर्शन बंद हो जाएंगे। इसके बाद 23 जनवरी से आम लोग राम मंदिर के दर्शन कर सकेंगे।

## एफसीआई गोदाम में ट्रक से दबकर मजदूर की मौत

### आक्रोशित श्रमिकों ने किया काम बंद, जताया रोष



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एफसीआई गोदाम डालटनगंज के प्रांगण में शुक्रवार को हुटार बरवाडीह लातेहार निवासी ठेका मजदूर ईश्वरी यादव की दो ट्रकों के बीच फंस जाने से मौत हो गयी। इसकी जानकारी मिलते ही मजदूरों में भारी आक्रोश फैल गया। लामबंद मजदूरों ने कार्य बहिष्कार कर जबरदस्त हंगामा किया। इस दौरान आक्रोशित मजदूर मृतक के परिजनों को मुआवजे की मांग कर रहे थे। मौके पर मजदूर नेता राकेश सिंह ने आरोप लगाया कि एफसीआई मैनेजमेंट की लापरवाही के कारण आए दिन मजदूरों के साथ दुर्घटनायें हो रही हैं। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी एफसीआई मैनेजमेंट एवं ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। गिरिडीह निवासी ठेकेदार संजय शर्मा द्वारा कार्यरत मजदूरों को सुरक्षा एवं बचाव के लिए सुरक्षा सामग्री से भी वंचित रखा गया है। जिस कारण एफसीआई ठेका मजदूर शोषण के शिकार होते हुए मौत के गाल में समा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब मजूदरों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यदि तत्काल मृतक के आश्रित को मुआवजा व नौकरी नहीं दी गयी तो राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जायेगा। मौके पर संजय सिंह, शंभू जी, मदन सिंह,अर्जुन सिंह आदि मौजूद थे।

## पलामू में भारतीय संस्कृति व संस्कार की अलख जगा रहीं छात्रायें

### देव संस्कृति विवि की तीन छात्रायें जिले में एक माह के प्रवास पर



**मेदिनीनगर।** देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की तीन छात्रायें एक माह के पलामू प्रवास पर हैं। वे जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर भारतीय संस्कृति व संस्कार की अलख जगा रही हैं। अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार से संबद्ध विवि से मनोविज्ञान से स्नातक तृतीय वर्ष व वैदिक शिक्षा का अध्ययन कर रहीं अनिष्का डबराल, निमिषा शर्मा व हर्षिता जोशी ने बताया कि हमारे पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य संपूर्ण विश्व में शांति के वाहक थे। उन्होंने संपूर्ण जगत में शांति की स्थापना व भारतीय संस्कृति व संस्कारों के अधिष्ठान के लिये ताउम्र प्रयत्नशील रहे। वर्तमान में उनके उत्तराधिकारी शांतिकुंज हरिद्वार के प्रमुख डा. प्रणव पांड्या उन्हीं के बताये मार्ग पर चल रहे हैं। उन्हीं के निर्देशन में विवि की छात्रायें व संस्था के अन्य सदस्य संपूर्ण देश में इस नेक कार्य में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हमारे पड़ोसी मुल्कों सहित पूरा विश्व हिंसा की चपेट में है। वैश्विक विध्वंसक ताकतों को हमारे देश की शांति रास नहीं आ रही है। इसलिये वे खलल डालने के लिये तमाम जतन कर रहे हैं। ऐसे में हम सभी को पूरे धैर्य के साथ मिलकर उनका सामना करना होगा। शुक्रवार को छात्राओं द्वारा रेड़मा ठाकुदबाड़ी मंदिर में भजन-कीर्तन व समागम कर लोगों को शांति का संदेश दिया गया। मौके पर अशोक मेहता, रंजन सिंह, साक्षी, उर्मिला शर्मा आदि मौजूद रहीं।

### सभी प्रखंडों में होगा कार्यक्रम

अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला संयोजक अंबिका सिंह ने बताया कि 23 दिसंबर को छात्राओं का पलामू आगमन हुआ है। वे 20 जनवरी तक जिले में रहेंगी। इस दौरान जिले के सभी प्रखंडों में संचेतना कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अभी तक मेदिनीनगर सदर,चैनपुर व ऊंटारी प्रखंड में कार्यक्रम किया जा चुका है।

## इंडिया आबादी को घटाने और अर्थव्यवथा को बढ़ाने की सीख देता 23



सुनील बादल



**जा** रहे वर्ष 2023 में विश्व के कई देशों के बीच युद्ध या अशांति रही पर भारत ने अपनी वैश्विक धमक के बाद भी कुछ घरेलू उलझनों को छोड़ दें तो शांति बनाए रखी । सबसे बड़ी समस्या दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया पर अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ती हुई द ग्रेट ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। आर्थिक आकलन के अनुसार 2030 तक या पहले ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। भारत ने 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी 60 विभिन्न स्थानों में 250 से ज्यादा से बैठकें की, अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्यता दिलाई और पहले ही दिन दुनिया भर के नेताओं ने दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति व्यक्त की। जी-20 की अध्यक्षता समाप्त होने से पहले पहली बार भारत ने एक आभासी शिखर सम्मेलन की भी मेजबानी की। प्रधानमंत्री मोदी ने क्वाड, जी-7, आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भागीदारी भी की और आभासी रूप से शंघाई सहयोग संगठन की एक एवं वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ के दो शिखर सम्मेलनों की मेजबानी की। उन्होंने अमेरिका की सफल राजकीय यात्रा की और अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। भारत की उपलब्धि यह भी है कि उसकी ऊर्जा प्रणाली में नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी 43 फीसदी (172 गीगावॉट) से अधिक हो गई है और वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता 45 फीसदी कम हो जाएगी, जैसा कि ग्लासगो जलवायु शिखर सम्मेलन में वादा किया गया था। कुछ चूक भी हुई मालदीव में नई सरकार का नेतृत्व मोहम्मद मुइज्जू कर रहे हैं, जो चीन समर्थक हैं। उन्होंने आधिकारिक रूप से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने और अपना हेलिकॉप्टर वापस लेने के लिए कहा है। भारत को इस छोटे, मगर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पड़ोसी से सावधानीपूर्वक निपटना होगा। अपने आविष्कारों, कठोर परिश्रम और चालाकियों से विश्व में दबदबा बनाने वाले चीन के साथ हमारे कामकाजी रिश्ते बने हुए हैं-हम ब्रिक्स, एससीओ एवं जी-20 शिखर सम्मेलनों में भाग ले रहे हैं। चीन के हांगझोऊ में हुए एशियाई खेल में भारत ने 100 से ज्यादा पदक जीते। चीन और भारत के बीच कमांडर स्तर की 20 दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर से चीनी सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। हालांकि अपने चीनी समकक्ष के साथ बात करते हुए हमारे विदेश मंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक सीमा विवाद का पूरी तरह से समाधान नहीं होता, तब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। क्षेत्रीय संतुलन और भविष्य की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में चीन की पैठ पर गहरी नजर रखने की जरूरत है। मित्रता के सुरों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री नीतीश फिर जदयू अध्यक्ष क्यों बने

### पहला -पार्टी व सत्ता दोनों पर एकाधिकार

### दूसरा -इंडिया गठबंधन में कद बढ़ाने या अन्य कहीं का सब कुछ अपने हाथ रखना



कृष्णमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** संसद से कुछ दूरी पर रफी मार्ग के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व राष्ट्रीय परिषद की बैठक के बाद राजीव रंजन सिंह उर्फ.ललन सिंह ने जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा की और नीतीश कुमार का नाम अध्यक्ष पद के लिए आगे किया। उसके बाद नीतीश कुमार बहुमत से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष हो गये। मालूम हो कि नीतीश 2016 से 2020 तक भी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। फिर किसलिए बने इसका संकेत देते हुए नीतीश कुमार कई बार कहे हैं कि वह 2024 के लिए पूरे विपक्ष को एकजुट करेंगे। रही बात जदयू के इतिहास की ,तो जनता दल (यूनाइटेड) का गठन जनता दल, लोक शक्ति व समता पार्टी के विलय के साथ 2003 में हुआ था। 30 अक्टूबर 2003 को जॉर्ज फर्नांडिस व नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली समता पार्टी का जनता दल में विलय हो गया। विलय की गई इकाई को जनता दल (यूनाइटेड) कहा गया। इसमें जनता दल का तीर चिन्ह तथा समता पार्टी का हरा और सफेद झंडा मिलकर जदयू का चुनाव चिन्ह बना। फिर शरद यादव 2004 से 2016 तक जदयू के संस्थापक अध्यक्ष रहे। उनके बाद नीतीश कुमार 2016 से 2020 तक अध्यक्ष रहे है। उसके बाद नीतीश ने अपने उस सजातीय यस मैन नौकरशाह रामचंद्र प्रसाद सिंह( आरसीपी सिंह ,कुर्मी) को पार्टी में ला आगे बढ़ा 2020 से 2021 तक जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए रखा। लेकिन जब वह जदयू का अध्यक्ष रहते भाजपामय हो केन्द्र में मंत्री बन गए , तब नीतीश कुमार ने उनको राज्य सभा का अगला टर्म नहीं दिया। इस दौरान उनको राजद अध्यक्ष पद से हटाकर राजीव रंजन सिंह उर्फ. ललन सिंह को अध्यक्ष बना दिया। इधर आरसीपी सिंह का राज्य सभा सदस्यता का टर्म खत्म होने के बाद पीएम मोदी को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### नहीं मिला शव, लौटी एनडीआरएफ की टीम



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के रानीताल डैम में डूबे चैनपुर बाजार के निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी का शव शुक्रवार को पांचवें दिन भी नहीं मिला। तीन दिनों तक डैम में शव की तलाश करने के बाद एनडीआरएफ की टीम शुक्रवार को वापस लौट गई।। शव नहीं मिलने से क्षेत्र में तरह-तरह की अफवाहों एवं कयासों का बाजार गर्म हो गया है। घटना को लेकर जितनी मुंह उतनी बातें की जाने लगी है। इधर पुलिस पिकनिक में साथ गये लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। जानकारी के अनुसार पूरे दिन डैम में एनडीआरएफ की टीम शुक्रवार को भी शव तलाशती रही और सफल नहीं होने पर शाम को वापस मुख्यालय लौट गई। बता दें कि बीते सोमवार को अपने तीन-चार दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रानीताल डैम गए धर्मेंद्र कमलापुरी अपने एक साथी के साथ तैरकर डैम पार करने के दौरान गहराई वाले हिस्से में डूब गये थे। जिसके बाद स्थानीय मछुआरों की मदद से ट्यूब पर बैठकर जाल लगाकर शव ढूंढने की कोशिश की गई। दूसरे दिन भी कोई सफलता नहीं मिलने पर रानीताल डैम पहुंचे उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर अंचलाधिकारी संजय बाखला ने एनडीआरएफ की टीम बुलवाई थी।

### गुरी के आरएन चौधरी बने डीएसपी



**नावाबाजार।** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी पंचायत निवासी आरएन चौधरी को झारखंड सरकार गृह कारा व आपदा प्रबंधन द्वारा इंस्पेक्टर से डीएसपी पद पर प्रोन्नति हुई है। इसकी खबर लगते ही पंचायत के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। प्रखंड उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह व गुरी पंचायत मुखिया रौसीला देवी ने इस उपलब्धि पर ढेर सारी शुभकामनायें और बधाई दी है। दूरभाष पर बात करते हुए श्री चौधरी ने बताया कि गांव के सभी बड़ों का उन्हें सदैव स्नेहाशीष प्राप्त हुआ है। सहज स्वभाव के धनी श्री चौधरी गांव के साथ ही क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने पंचायत में भव्य मंदिर का निर्माण भी कराया है। इस समय वे गिरिडीह नगर थाना प्रभारी के पद पर आसीन हैं। यादव महासभा प्रखंड अध्यक्ष नंदेव यादव, बिरजू यादव, गुड्डू पांडे, रामस्वरूप सिंह, अनिल सिंह, प्रदीप सिंह, योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण चौधरी, मुखलाल चौधरी, हीरालाल गुप्ता, नगीना मिश्रा विजय यादव आदि ने उन्हें बधाई दी है।

पदाधिकारियों ने कहा हेमंत राज में सुरक्षित नहीं महिलाओं की आबरू, रक्षक बने भक्षक

# भाजपा महिला मोर्चा ने पुतला फूंका

### हेमंत सरकार में राज्य की गिरती विधि व्यवस्था से लोगों में असुरक्षा की भावना है : लवली गुप्ता



सीएम का पुतला दहन करतीं महिला मोर्चा की कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिलाओं पर बढ़ते अपराध व दुष्कर्म की घटनाओं के खिलाफ पलामू भाजपा महिला मोर्चा की सदस्याओं ने शुक्रवार की शाम शहर के छहमुहान पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। मौके पर मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीटू गुप्ता ने आरोप लगाया कि राज्य की भ्रष्ट हेमंत सरकार के कार्यकाल में महिलायें पूरी तरह से असुरक्षित हैं। प्रत्येक दिन प्रदेश के किसी न किसी शहर या गांव में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ दुष्कर्म व गैंग रेप की घटनायें हो रही हैं। सरेआम अपराधी बिना भय के घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मेदिनीनगर में महिला के साथ गैंग रेप की घटना घटी है। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि इस सरकार में रक्षक ही भक्षक बनकर अपराधियों वाला काम कर रहे हैं। इस घटना की जितनी भी भर्त्सना एवं निंदा की जाए कम है। प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की गिरती विधि व्यवस्था से लोगों में असुरक्षा की भावना है। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाएं चिंताजनक है। निकम्मी भ्रष्ट हेमंत सरकार सोई हुई है। शहर में दिन के उजाले में महिला के साथ हुई बलात्कार की घटना ने आम जनमानस को झकझोर दिया है। रेणुका पांडे ने कहा कि बीमार महिला शहर में इलाज कराने आती है और उसके साथ घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में दुष्कर्म हो जाना सरकार और प्रशासन को चुनौती देना है। पुतला दहन कार्यक्रम में सरिता सिन्हा, रेखा देवी,राजलक्ष्मी तिवारी व अनुप्रिया पांडे सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

मोहम्मदगंज से जपला के मध्य तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूरा

# अधिकारियों ने तीसरी रेल पटरी का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के मोहम्मदगंज से जपला तक निर्मित तीसरी रेल पटरी का हाजीपुर जोन के सीआरएस सुबय मित्रा व डीडीयू के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता ने निरीक्षण किया। स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर लगे सैलून से अधिकारी द्वय सुबह करीब 8:30 बजे निकले। अधिकारी प्लेटफार्म संख्या दो पर विधिवत पूजा-अर्चना में भी शामिल हुये। इसके बाद तीसरी रेल पटरी का निरीक्षण व ट्रेन के परिचालन की जानकारी ली। नवनिर्मित स्टेशन भवन के निरीक्षण के बाद अधिकारी तीसरी रेल पटरी के प्लेटफार्म संख्या एक पर लगी ट्रॉली से जपला स्टेशन पहुंचे। करीब तीन घंटे तक निरीक्षण किया। तीसरी रेल पटरी के कोसीआरा, डाली रेल फाटक व हैदरनगर में भी निरीक्षण कर अन्य कार्यों की जानकारी प्राप्त की। सीआरएस सुबय मित्रा ने बताया कि तीसरी लाइन शुरू होने के बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य हो जायेगा। मालूम हो कि नवनिर्मित जपला-मोहमदगंज रेलखंड सोननगर - पतरातू तीसरी लाइन परियोजना का एक भाग है। सोननगर से पतरातू तक पूरी परियोजना के पूरा हो जाने पर समग्र रूप में रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि के साथ विशेषकर कोयले के विद्युत संयंत्रों तक त्वरित आवागमन में काफी सहायता मिलेगी। इस मौके पर सीनियर डीओएम इकबाल अहमद, सीनियर डीइएन तीन स्वाति प्रिया, स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार, आरपीएफ जपला पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन जवानों के साथ मौजूद थे।

### छापेमारी में सात पेटी शराब की गयी बरामद

**पाटन।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पाटन पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान नागेश्वर गांव में केश्वर मोची पिता पाली मोची के किराना दुकान से सात पेटी देशी व अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब को बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। अभियान में एसआई रॉबिन कुमार दलबल के साथ शामिल थे। पुलिस ने आरोपी दुकानदार केश्वर मोची को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# चार सालों में युवाओं को ठगने का काम किया : अभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज ने राज्य सरकार के चार साल पूर्ण करने पर कहा की आज झारखंड सरकार किसी तरह चार साल पूरे कर अपने विदाई वर्ष मे प्रवेश कर चुकी है। प्रदेश के युवाओं को इस सरकार ने सिर्फ ठगने का काम किया है। यह युवा विरोधी सरकार अपने चार सालों के कार्यकाल में एक नीति तक नहीं बना सकी है। नियुक्तियों का मापदंड इस सरकार के पास ना होने के कारण इस प्रदेश मे 8 साल 10 साल से बिल्डिंग तैयार पड़ी है। मगर वहा शैक्षणिक वातावरण नहीं बन सका। इस सरकार ने कई वादे किए थे। सारे के सारे अधूरे हैं।

# शैक्षणिक भ्रमण सह वनभोज पर गये छात्र-छात्रायें




हरी झंडी दिखाते मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के शिक्षा निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों को एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुक्रवार को पांकी पूर्वी के मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता ने बस को हरी झंडी दिखाकर बेतला के लिए रवाना किया। रवाना होने से पहले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण का मतलब वहां जाकर स्थल के संबंध में उपयोगी जानकारी हासिल करना है। दल में कुल 100 विद्यार्थी हैं। उनके मार्गदर्शन के लिये प्रधानाध्यापक विनोद सिंह एवं शिक्षक भी गये हैं। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी केचकी संगम, बेतला नेशनल पार्क तथा बेतला संग्रहालय सहित विभिन्न ऐतिहासिक दार्शनिक स्थलों का अवलोकन करेंगे। साथ ही बच्चे वनभोज का भी आनंद उठाएंगे।

एक जनवरी से बंद रहेंगी पीडीएस की दुकानें, लिया गया निर्णय

# डीलरों ने बैठक कर बनायी हड़ताल की रणनीति




प्रदर्शन करते डीलर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर स्थित रूद्रा होटल परिसर में शुक्रवार को लंबित मांगों को लेकर एक जनवरी को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के मद्देनजर डीलरों ने ऑल इंडिया फेयर प्राईस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर बैठक कर रणनीति बनायी। मालूम हो कि फेयर प्राईस डीलर्स एसोसिएशन ने एक जनवरी से अनिश्चितकालीन देशव्यापी हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीलर संघ के अनुमंडलीय अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने प्रमुख मांगों के बाबत कहा कि पूर्व का बकाया कमीशन भुगतान करने, कमीशन की राशि तीन रुपये प्रति किलो करने, मानदेय 50 हजार रुपये सुनिश्चित करने के साथ ही अविलंब पॉश मशीन को 3 जी से 4 जी किया जाये। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जायेंगी। तब तक हमलोग हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान जन वितरण प्रणाली की सभी दुकानें बंद रहेंगी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार व एमओ मनोज कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को मांग पत्र दिया जा चुका है। इस मौके पर डीलर संघ के सचिव उदय यादव, जमील अहमद, उमेश पासी, चन्द्रमोहन प्रसाद,विमलेश कश्यप, मिथिलेश राम, सूर्यनाथ राम, अजीत चौधरी, प्रविण चौधरी, अरुण सिंह,संजय सिंह, गोपाल शरण सिंह, आदि सदस्य मौजूद थे।

# विधान सभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण लेते प्रशिक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विषयों पर शुक्रवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण उन्हें जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों ने दिया। विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, एक्सपेंडिचर मोनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट, एमसीएमसी पेड न्यूज, ईवीएम एन्ड वीवीपैट, इलेक्शन मैटेरियल, पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस, काउंटिंग और डिक्लेरेशन ऑफ रिजल्ट विषय पर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में डीएलएमटी के रूप में एसडीओ सदर अनुराग कुमार तिवारी, एलआरडीसी सदर प्यारे लाल, सीओ सतबरवा कृष्ण मुरारी तिर्की, एसडीओ छतरपुर हीरा कुमार, डीसीओ पलामू उमेश कुमार सिन्हा, उप निदेशक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आनंद और उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू उपस्थित थीं।

### पलामू में लंबित हैं 5134 पीएम आवास

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 2022 तक सभी लोगों को पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था परंतु आवंटित पक्का आवास का निर्माण भी अबतक पूरा नहीं हो सका है। वित्त वर्ष 2023-24 के तिसरी तिमाही समाप्त होने के कगार पर है परंतु अब भी पलामू जिले में 5134 आवास लंबित हैं। पलामू जिले को वित्त सत्र 2015-16 से 2021-22 तक आवंटित आवास में एक लाख 54 हजार 666 का निर्माण पूरा हुआ है। इस मद में 2022-23 और 2023-24 में कोई आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। जिले के पांकी, पाटन, नीलांबर-पीतांबरपुर, पांडू आदि में कार्रवाई की गई है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 16/2023-24/RWD/GARHWAदिनांक – 28.12.2023

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | भवनाथपुर | RWD/GARHWA/ /01/ 2023-24 (2nd Call) | ग्राम झगड़ाखांड़ बिरसा नगर होते हुए बावरी तक पथ कालीकरण कार्य। (5.80 कि0मी0) | 597.201 | पाँच करोड़ सन्तानबे लाख बीस हजार एक सौ रूपये। | 15 महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.01.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.01.2024 पूर्वाह्न 10:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 314699 Rural Development(23-24)D



## उद्योगविभाग
जिला उद्योग केन्द्र, गढ़वा।
प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योगउन्नयन योजना(PMFME)

1. जिले के बेरोजगार युवक/युवतियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्यम लगाने के लिए बैंक से सस्ते ब्याज पर 10 प्रतिशत मार्जिन मनीलगानेपर 01 करोड़ तक का उद्योग एवंFPO, SHG, सहकारिता समितियाँ, सखी मंडल इत्यादि को समूह पर 10 करोड़ तक उद्योग लगाने हेतु जिला उद्योग केन्द्र, गढ़वा द्वारा आमंत्रित किया जाताहै।
2.आवेदनपत्र पहलेआओ, पहलेपाओ के आधार पर साक्षात्कार के उपरान्त आवेदनों को बैंक में वित पोशण हेतु भेज दिया जायेगा।
3.हुनर मंद और अधिक योग्यता वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जयेगी।
4.आवेदकों को अपना आवेदन पत्र ऑनलाईन आवेदित करना है, जिसका बेवसाईट pmfme.mofpi.gov.in है।
5.इस योजना के तहत पारिवारिक आय की कोई सीमा नहीं है।
6.इस योजना के अन्तर्गत आवेदक का केवल साक्षर होना मात्र है।
7.अनुदान की राशि व्यक्तिगत 35 प्रतिशत तथा अधिकतम 10 लाख रूपयेहै। FPO, SHG,या समूहको 35 प्रतिशत तथा अधिकतम 03 करोड़ रूपये परियोजना लागत का देय होगा।

अतः अपना आवेदन पत्र शीघ्र ऑनलाईन आवेदित करें।

विशेष जानकारी हेतुः–कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, गढ़वा से सर्म्पक किया जा सकता है।

सर्म्पक करें:
जिला उद्यमी समन्वयक, गढ़वा
मो0 नं0–7004803764
प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक,गढ़वा
मो0न0– 9065520322

निवेदक
महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र,गढ़वा।

PR 314705 Urban Development(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-16/2023-24(2nd call) जिसका PR No. 312903 Lohardaga (23-24)#D द्वारा प्रकाशित था, अपरिहार्य तकनीकी कारणों से रदद् हो गया है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 314667 Lohardaga (23-24)_D



## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
आम सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता हैं कि नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना सं0 1470 दिनांक 15.03. 2016 द्वारा नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के लिए सेवा शुल्क निर्धारित की गई है। जो निम्नवत हैं :–

| क्र0 सं0 | उपभोक्ता की श्रेणी | नगर पंचायत के लिए सेवा शुल्क प्रतिमाह (रूपया में) |
|---|---|---|
| 01 | आवासीय भवन | |
| | EWS | 10 |
| | LIS | 15 |
| | MIG | 20 |
| | HIG | 30 |
| 02 | ढाबा के लिए | 150 |
| 03 | होटल/गेस्ट हॉउस | |
| | 10 रूम तक | 350 |
| | 11 से 20 रूम तक | 500 |
| | 21 से 30 रूम तक | 700 |
| | 30 से 50 रूम तक | 1300 |
| | 50 से ऊपर रूम | 3000 |
| | 5 Star एवं उससे ऊपर | 5000 |
| 04 | धर्मशाला | 200 |
| 05 | रेस्तरा के लिए | 500 |
| 06 | बेकरी फुड कोर्ट एवं बेकरी के आउटलेट्स | 150 |
| 07 | स्वीट शॉप | 100 |
| 08 | फास्टफूड | 100 |
| 09 | ठेला/खोमचा इत्यादि | 50 |
| 10 | पान तथा चाय दुकान | 25 |
| 11 | शॉपिंग काम्प्लेक्स Ac | 2000 |
| | शॉपिंग काम्प्लेक्स Non-Ac | 1000 |
| 12 | कारखाना, कार्यशाला एवं उद्योग | |
| | घरेलु एवं लघु | 100 |
| | मध्यम | 500 |
| | बड़े | 1500 |
| 13 | सिनेमा हाल | 1000 |
| 14 | दुकान | |
| | होलसेल दुकान | 500 |
| | मुख्य बाजार का दुकान | 250 |
| | मोहल्ला का दुकान | 100 |
| | अन्य दुकान | 50 |
| 15 | गोदाम, कोल्ड स्टोरेज (केवल गैर खतरनाक अपशिष्टों के लिए) | 350 |
| 16 | सब्जी एवं फल दुकान | 50 |
| 17 | कार्यालय के लिए | |
| | 2 रूम तक ; 10 $m^2$ | 50 |
| | 3–5 रूम तक ; 25 $m^2$ | 75 |
| | 6–10 रूम तक ; 50 $m^2$ | 250 |
| | 11–20 रूम तक ; 100 $m^2$ | 400 |
| | 20 से ऊपर रूम के लिए ; 100 $m^2$ | 1000 |
| 18 | अस्पताल, डिस्पेंसरी, लेबेरेटरीज इत्यादि | |
| | बिना बेड का | 100 |
| | 20 बेड का | 1000 |
| | 20–50 बेड तक | 2000 |
| | 50 से ऊपर | 5000 |
| 19 | स्कूल, कोचिंग तथा शैक्षणिक संस्थान | |
| | सरकारी | 100 |
| | गैर सरकारी | 250 |
| | आवासीय 50 रूम तक | 500 |
| | आवासीय 50 रूम से अधिक | 1250 |
| 20 | शादी विवाह स्थल/उत्सव घर | |
| | 3000 वर्ग मीटर तक | 1000 |
| | 3000 वर्ग मीटर से अधिक | 1500 |

अतः नगर पंचायत, लातेहार के आम जनता से अनुरोध हैं कि सरकार द्वारा उपरोक्त निर्धारित दर अनुसार प्रतिदिन डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के उपरांत उपभोक्ता शुल्क की राशि प्रतिमाह इस कार्य हेतू चयनीत एजेंसी M/s MLBCPL Pvt. Ltd को भुगतान करना सूनिश्चित की जाय, ताकि नगर पंचायत, लातेहार द्वारा नगर निकाय क्षेत्र के सभी वार्डो में कचरा संग्रहण की सेवा स–समय दी जा सकें।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.314672 Urban Development(23-24):D



## Office Nagar Parishad, Lohardaga
Very Short Tender Notice

NIT No.- RFP/LNP/12/2023-24 Date: 27/12/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Request for Proposal for Selection of Consultant for Preparation of Detailed Project Report and Project Management Consultancy for Various Projects Under Nagar Parishad Lohardaga, Jharkhand. |
| 2. | Mode of submission of bids | Online Tender |
| 3. | Tender Fee &Earnest MoneyDeposit (EMD) (In INR) | Cost of Tender Document: 5,000/- *(Rupees five Thousand) only(Non-refundable) + 18% GST* Earnest Money Deposit (EMD) – Rs. 10,000/- *(Rs. Ten Thousand) only* (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) |
| 4. | Date of starting of sale ofonline Tender | 01/01/2024 |
| 5. | Date of Start of Submissionof online Bids | 01/01/2024 |
| 6. | Last Date/Time for submission of online bids | 08/01/2024 at 17.00 Hrs |
| 7. | Date of Online Bid Opening | 09/01/2024 at 5.00 Hrs |
| 8. | Tender fee and EMDsubmission address | In favour of Executive Officer Nagar Parishad,Lohardaga |
| 9. | Helpline no. | + 91 9304502260 |

**Note: Only e-tender will be accepted**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in

Administrator
Nagar Parishad Lohardaga

PR 314655 Lohardaga(23-24)D



## Office of the Executive Engineer
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding
(Very Short Term Tender)

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1339/2023-24 (2nd Call) Date:- 27.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Construction of H.L. Bridge (with Approach Road) over Dhobni River at 12th km. in Ketar to Kandi Road under Road Division, Garhwa** |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. **6,93,21,383.00** (Rupees Six crore Ninety Three Lac Twenty One thousand Three hundred Eighty Three) only. |
| b. | Bid Security | Rs. **6,94,000.00** (Rupees Six Lac Ninety Four Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 12 (Twelve) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 10-01-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 04-01-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | **06561-295161** |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.

*Further details can be seen on website*
http://jharkhandtenders.gov.in

UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 314576 (Road)23-24*D



## Office of the Executive Engineer
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding
(Very Short Term Tender)

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1338/2023-24 (2nd Call) Date:- 27.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Chainpur-Ramkanda Road from km. 13.00 to km. 26.718 (Total Length 13.718 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 9,20,24,535.55 (Rupees Nine crore Twenty Lac Twenty Four thousand Five hundred Thirty Five & Paise Fifty Five) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 9,21,000.00 (Rupees Nine Lac Twenty One Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 03 (Three) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 10-01-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 04-01-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
**Further details can be seen on website** http://jharkhand tenders. gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 314579 Road(23-24).D

## एक नजर

### कुलपति डा. शांडिल्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड



पुरस्कार ग्रहण करते कुलपति

**मेदिनीनगर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति व एनपीयू मेदिनीनगर के प्रभारी कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज भुवनेश्वर ओडिशा द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। एक भव्य समारोह में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत द्वारा डॉ. शांडिल्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। बताते चलें कि उच्च शिक्षा और शिक्षण-अध्ययन प्रतिमानों को बढ़ावा देने में बहुमूल्य योगदान के लिये डॉ. शांडिल्य को उक्त प्रतिष्ठित पुरसकार से नवाजा गया है। कुलपति शांडिल्य अर्थशास्त्र के जानकार है और उनका दृढ़ विश्वास है कि देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अच्छी तरह ध्यान रखना होगा।

### 30 दिसंबर का प्रशिक्षण कार्यक्रम अब तीन जनवरी को

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के आदेशानुसार आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का 30 दिसम्बर को आयोजित होने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम अब 3 जनवरी 2024 को आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, वूलनेरेबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी एन्ड पोल डे अरेंजमेंट, पोलिंग स्टेशन, इलेक्ट्रोल रोल ईआरओ-नेट, स्वीप,आईटी एप्लीकेशन विषय पर विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षकों को जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### भाकपा नेताओं ने जन समस्याओं की ली जानकारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, उपाध्यक्ष सनी सिंह व एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने ग्रामीण अंचलों का भ्रमण कर जन समस्याओयं की जानकारी ली। ग्राम अवसाने,दुबा एवं चांदो भ्रमण के दौरान चांदो में बाबूलाल सिंह के घर आम जनता की बैठक हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में खुले स्टोन माइंस के कारण हो रही परेशानियों से अवगत कराया। श्री तिवारी ने कहा कि जल्द ही इसके खिलाफ आंदोलन किया जायेगा। साथ ही गांव में शहीद भूखन सिंह का प्रतिमा लगाकर इसका अनावरण भी किया जायेगा। मौके पर अशोक कुमार सिंह, अरुण सिंह, विपिन सिंह आदि ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मणि सिंह, किरण देवी, नसीम राइन, चंद्रशेखर तिवारी उपस्थित थे।

### निराशा जनक रहा प्रदेश सरकार का चार वर्ष का कार्यकाल

**मेदिनीनगर।** पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का चार वर्ष का कार्यकाल काफी निराशाजनक रहा है। इस दौरान उपलब्धि नगण्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सरकार गठन के छह माह के अंतराल में ही नियोजन नीति बनाने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक नियोजन नीति नहीं बन सकी। प्रतिवर्ष एक लाख नियुक्ति करने की घोषणा किये थे, लेकिन चार वर्ष में महज 1500 लोगों की सरकारी नियुक्ति हो सकी। विभिन्न विभागों में हजारों पद खाली हैं। जबकि बेरोजगार दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021-22 को नियुक्ति वर्ष घोषित किया थे। इस दौरान भी बेरोजगार खाली हाथ रहे। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारों को 1000 से 5000 रुपये तक बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा किये थे, लेकिन एक भी बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल सका। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे ज्यादा बेरोजगारों को ठगने का काम किया है। पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनी नगर को उप राजधानी बनाने की घोषणा भी धरातल पर नहीं उतर पायी।

---

प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर जेएमएम ने किया कंबल वितरण

## हेमंत के नेतृत्व में युवा झारखंड के बढ़ते कदमः राजेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चार वर्ष के कार्यकाल में युवा झारखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। दूसरे शब्दों में हेमंत सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल को बेमिसाल कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शहर के छहमुहान चौक पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में जेएममएम के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के 23 वर्षों में जितना काम नहीं हुआ। उतना हमारे युवा सीएम ने तमाम अड़चनों के बाद भी महज चार वर्ष में करके दिखाया है। सरकार की योजनाओं का लाभ घर-घर जाकर समाज के सभी वर्गों को दिया गया है। इस दौरान उन्होंने गरीबों-असहायों में कंबल वितरण के साथ मिष्ठान वितरण कर कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। मौके पर जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, वरिष्ठ नेता अमित सिन्हा, बबहू शाहनवाज, कमाल खान, हाजी ललन, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सनी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक आदि मौजूद रहे।



कंबल वितरित करते जेएमएम जिलाध्यक्ष

---

श्रद्धालुओं के गगनभेदी जयघोष से वातावरण भक्तिमय, लोगों में उत्साह का माहौल

## ठाकुरबाड़ी व बारालोटा जनकपुरी पहुंचा पूजित अक्षत-कलश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** परम पावन अयोध्या नगरी में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर से प्राप्त पूजित अक्षत-कलश शुक्रवार को रेड़मा ठाकुरबाड़ी व बारालोटा जनकपुरी मंदिर पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे गगनभेदी जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। शुक्रवार सुबह एक अक्षत-कलश को कोयला नदी किनारे स्थित चित्रगुप्त मंदिर से पांकी रोड स्थित बारालोटा जनकपुरी मंदिर ले जाया गया। इस दौरान पूजित अक्षत-कलश के साथ निकली शोभा यात्रा का नागरिकों ने भव्य अभिनंदन किया। दूसरे अक्षत-कलश को भक्तों के दर्शनार्थ रेड़मा ठाकुरबाड़ी में रखा गया है। अन्य दो पूजित अक्षत-कलशों को विष्णु मंदिर व सूदना देवी धाम में रखा गया है। कार्यक्रम में परशुराम सेना युवा सेना के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि विहिप की योजना इस अभियान में सभी सनातनी संगठनों को जोड़ने की है। शहर के सभी मंदिरों में पूजित अक्षत-कलश पहुंच चुका है। 31 दिसंबर तक यह कार्यक्रम जारी रहेगा। एक से 15 जनवरी तक पूजित अक्षत-कलश को घर-घर तक पहुंचाया जायेगा। मौके पर उपाध्यक्ष अजीत पाठक, रामनवमी समिति के जुगुल किशोर, सहमंत्री अमित तिवारी, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्त, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, नगर सह संयोजक दिलीप गिरी, परशुराम युवा वाहिनी के प्रवीण सिंह, प्रदीप दुबे, नवीन तिवारी आदि मौजूद रहे।

**एक से 15 जनवरी तक पूजित अक्षत-कलश को घर-घर तक पहुंचाया जायेगा**



अक्षत कलश की पूजा करते श्रद्धालु

---

उपभोक्ता महीने में कर रहे 100 यूनिट से कम बिजली की खपत, सरकार की योजना का मिला लाभ

## एक लाख उपभोक्ताओं का जीरो आया बिजली बिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू मे डालटनगंज व छतरपुर विद्युत प्रमंडलों को मिलाकर एक लाख से अधिक उपभोक्ता जीरो बिजली बिल की सहूलियत प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से डालटनगंज विद्युत प्रमंडल में ही 75 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं। जबकि छतरपुर प्रमंडल में भी 25 हजार उपभोक्ताओं को यह सुविधा मिल रही है। ये सभी उपभोक्ता महीने में 100 यूनिट तक बिजली की खपत कर रहे हैं। बताते चलें कि झारखंड सरकार ने 100 यूनिट तक बिजली बिल को माफ किया है। डालटनगंज विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने बताया कि प्रमंडल में 100 यूनिट फ्री बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 75000 से भी ऊपर है। उन्होंने उपभोक्ताओं के संदेह को दूर करते हुये कहा कि सिर्फ महीने में 100 यूनिट तक बिजली का प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं को ही यह सुविधा प्राप्त है। इससे अधिक बिजली की खपत करने वालों को पूरे का बिल अदा करना होगा।

**सिर्फ महीने में 100 यूनिट तक बिजली का प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं को ही यह सुविधा प्राप्त है : कार्यपालक अभियंता**



### बिजली उपभोक्ताओं पर 80 करोड़ बकाया

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पलामू जिले में बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग का 80 करोड़ से भी ज्यादा बकाया है। इसका भुगतान हो जाने पर सुविधाओं में काफी बढ़ोतरी संभव हो सकेगी। इसमें से कई बिलों का भुगतान 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। पुराने बकायेदारों के लिये विभाग द्वारा जून महीने से सितंबर तक कैंप लगाया गया था। कैंप में 3360 बकायेदारों से 5 करोड़ 45 लाख रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ था। उन्होंने बेहतर सर्विस के लिये उपभोक्ताओं को समय पर बिल अदा करने का आह्वान किया है।

---

## इंडियन रोटी बैंक की एजुकेशन उड़ान मुहिम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रोटी बांटने से ज्यादा जरूरी है ज्ञान बांटना। स्वस्थ शरीर के लिए जैसे रोटी जरूरी है वैसे ही सशक्त समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। इसी सोच को हकीकत में बदलने के लिये इंडियन रोटी बैंक ने उड़ान एजुकेशन स्कॉवड मुहिम के माध्यम से नई पहल शुरू की है। इंडियन रोटी बैंक के सेवादार दीपक तिवारी के आवासीय कार्यालय में निशुल्क डिजिटल क्लास का शुभारंभ करते हुये अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इससे बच्चे नये तकनीकी के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इसमें कक्षा एलकेजी से कक्षा छह तक बालक एवं बालिका सभी को डिजिटल तरीके से निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। साथ ही कक्षा सात से कक्षा दस तक की बालिकाओं को डिजिटल क्लास के माध्यम से उनके भविष्य को नई दिशा प्रदान की जाएगी। मौके पर शिक्षाविद् अविनाश देव, प्रसिद्ध चिकित्सक डा. अमित मिश्रा, आकाशवाणी की उद्घोषिका अनुपमा तिवारी, विनोद सिंह, कमलेश पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त किये। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कर रहीं उड़ान एजुकेशन स्कॉवड की संचालिका दुर्गा तिवारी ने सभी को शुभकामनायें दीं। संचालन एपी लकी ने किया। मौके पर यशवंत तिवारी, कृष्ण कन्हैया दूबे, आनंद पाण्डेय, परवेज अख्तर, राकेश तिवारी मौजूद रहे।

---

## लोस चुनाव को लेकर कोषांग गठित, नोडल पदाधिकारी नियुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान निर्वाचन कार्यो को सुचारू एवं सुगमता पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कोषांगों का गठन कर दिया गया है। सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी भी नियुक्त किये गए हैं। उपायुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के अद्यतन अनुदेशों को उपनिर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू से आवश्यकता अनुसार प्राप्त करेंगे। निर्वाचन कोषांग के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, कार्मिक कोषांग के लिए अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, वाहन कोषांग के लिए परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, सामग्री कोषांग के लिए नगर आयुक्त जावेद हुसैन, ईवीएम और विविपेट कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के लिए उप विकास आयुक्त रवि आंनद, आदर्श आचार संहिता/विधि-व्यवस्था के लिए अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, मीडिया कोषांग के लिए उप निदेशक सह जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी आनंद, प्रेक्षक कोषांग के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता चंद्रशेखर कुणाल, व्यय लेखा कोषांग के लिए राज्य कर आयुक्त मिथिलेश कुमार, कम्प्यूटराइजेशन सेल एंड एसएमएस मोनिटरिंग एन्ड कम्युनिकेशन प्लान कोषांग एवं स्वीप सेल के लिए सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी रवि कुमार, सेवा मतदाता सह डाक मतपत्र कोषांग के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

### नीतीश के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष

**मेदिनीनगर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुनः जनता दल यूनाइटेड का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जिले के कार्यकर्ताओं में भारी हर्ष व्याप्त है। जनता दल यूनाइटेड के पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने कहा कि श्री कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से देश और राज्य में पार्टी का मजबूती से विस्तार होगा। इससे आगामी लोकसभा एवं होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी को ज्यादा सीट जीतने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड विधान सभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर पार्टी सरकार में भी भागीदार बनेगी। महासचिव सुरेंद्र यादव, चिंटू मेहता,अवध किशोर सिंह, शमीम अंसारी, मनोज मेहता, राजेंद्र राय, अरुण प्रसाद, प्रेमचंद मेहता, रवि सहित अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगदीश उरांव मौजूद थे।

---

प्रशिुओं को आय बढ़ाने के बताये गये उपाय, अधिकारियों ने किया उत्साहवर्द्धन

## आरसेटी का दो दिवसीय रिफ्रेशर बैंक सखी प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय स्टेट बैंक-ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पलामू के तत्वावधान में दो दिवसीय रिफ्रेशर बैंक सखी के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। संस्थान में आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसएलपीएस पलामू के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विमलेश कुमार शुक्ला, सीएससी जिला प्रबंधक अरविन्द कुमार, आरसेटी निदेशक ब्रह्मानन्द साह, वरिष्ठ संकाय जितेन्द्र मेहता एवं संकाय जयंत चक्रवर्ती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर डीपीएम विमलेश शुक्ला ने उपस्थित 27 आईआईबीएफ प्रमाणित बीसी सखी को शुभकामना देते हुए लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक ब्रह्मानन्द साह ने बीसी सखियों के आय में वृद्धि के उपाय को बताते हुए उनका हौसला बढाया। उन्होंने स्वरोजगार के साथ ही जीवन-स्तर को सुधार करने में प्रशिक्षण के महत्व को बताया। अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुए वरिष्ठ संकाय जितेन्द्र मेहता ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे जीवन में वित्तीय प्रबंधन का होना नितांत आवश्यक है। सीएससी जिला प्रबंधक अरविन्द कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को सीएससी आईडी एवं बीसी सखी के कार्यो में उत्पन्न तकनीकी समस्या एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग में बैंकिंग, बीमा, विपणन, उद्यमी योग्यता, वित्तीय समावेशन, व्यवसायिक कार्य प्लान के अलावे एक आदर्श बीसी सखी के कार्य एवं चुनौतियां तथा विभिन्न बीसी सखियों के कार्यों का अनुभव सम्बंधित जानकारी दी जाएगी। विदित हो कि दो दिवसीय रिफ्रेशर बैंक सखी के प्रशिक्षण के पहले बैच के 35 सखियों को गुरुवार को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान दिया गया तथा शुक्रवार को रिफ्रेशर बैंक सखी के प्रशिक्षण का दूसरा बैच का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय सहायक मणि कान्त दुबे, शशि रंजन कुमार, मनोज चौधरी, संजय कुमार एवं अमरनाथ उरांव उपस्थित थे।



दीप प्रज्ज्वलित करते अधिकारी

झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता
झारखण्ड के युवाओं को अपना हुनर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर
Jharkhand Skill Competition
India Skills
राज्य के प्रतिभाशाली युवा इस स्वर्णिम अवसर का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण लिंक https://forms.gle/3RoGk4bzSEAAuEVt7 या QR कोड के माध्यम से पंजीकरण कराएं
प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के लिए योग्यताएं :
• प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का जन्म 1 जनवरी 2002 या उसके बाद होना अनिवार्य है।
झारखण्ड राज्य के state specific जॉब रोल निम्नवत हैं -
Autobody Repair, Automobile Technology, CNC Milling, CNC Turning, Refrigeration & Air Conditioning, Electrical Installations, Electronics, Welding, Health & Social Care, Beauty Therapy, Hotel Reception, Restaurant Service, Cooking, Bakery and Patisseries & Confectionery.

प्रतियोगिता में हुनर दिखाकर राज्य और देश का स्वाभिमान बनें
झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड
पंजीकरण की अंतिम तिथि : 07 जनवरी 2024
राज्य टोल फ्री नंबर: 1800-123-3444
jsdm.jharkhand.gov.in
skilljharkhand@gmail.com
PR No. 314524 (Labour Employment and Traning) 2023-24

## एक नजर

### सभी वनभोज स्थलों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी : कुशवाहा

**रमना।** थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने शुक्रवार को थाना कार्यालय में कहा है कि क्षेत्र के वनभोज स्थलों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सभी वनभोज स्थलों पर पुलिस सुरक्षा बल की तैनाती की जायेगी। क्षेत्र में गश्ती की जाएगी। थाना प्रभारी ने नव वर्ष की क्षेत्र के सभी लोगों को अग्रिम हार्दीक बधाई दी।

### पूर्व मंत्री ने राज्यपाल को अपनी पुस्तक 'सड़क से सदन तक' की भेंट

**श्री बंशीधर नगर।** महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश वैश्य से मुंबई राजभवन में मिलकर पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी तथा उनके बड़े पुत्र विजय कुमार केशरी ने अपनी पुस्तक 'सड़क से सदन तक' व बुके भेंट किया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने पुस्तक देखकर प्रशंसा की। पुस्तक में राज्यपाल रमेश वैश्य का शुभकामना संदेश भी अंकित है। इसकी जानकारी पूर्वमंत्री ने दूरभाष पर दी।

### जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह के स्थानीय शाखा द्वारा शुक्रवार को प्रखंड के पतरिहा ग्राम में जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, शाखा व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, मंत्री आनन्द जायसवाल, नागेंद्र प्रसाद, राजेन्द्र यादव, नवनीत कुमार सिन्हा, राजीव कुमार सिन्हा, मनोज प्रताप देव, पंकज प्रताप देव, दिलीप प्रताप देव, विकास देव आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य सहिया के रूप में कुसुमलता चयनित

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड के करचाली पंचायत के जमौती गांव में स्वास्थ्य सहिया की चयन को लेकर शुक्रवार को मुखिया मोनिका खलखो की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें 10 आवेदन आए। सर्व समिति से कुसुमलता किस्पोट्टा को स्वास्थ्य सहिया के रूप में चयन किया गया। मौके पर चयन कमेटी के एमपीडब्ल्यू संतोष टोप्पो बीटीटी कामता किस्पोट्टा, पंचायत समिति सदस्य शीतलमनी कुजूर, वार्ड सदस्य सुमित मिंज, रेखा कुजूर, संगीता देवी, सुनीता कुमारी, रश्मि खाखा,मनीता कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### लड़की भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**केतार।** थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का प्राथमिकी अभियुक्त ललन कुमार रजक को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी कमलेश महतो ने बताया कि गुरुवार की सुबह लड़का और लड़की रेलवे स्टेशन से बरामद किये गये और अभियुक्त ललन को जेल भेज दिया गया।

### निकाली गई शोभायात्रा

**विशुनपुरा।** हिंदू संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से अयोध्या से लाये गए श्रीराम कलश एवं पूजित अक्षत का पिपरीकला हनुमान मंदिर के पास भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा विशुनपुरा विष्णु मंदिर से निकलकर कोचेया गांव होते हुए कमता गांव स्थित श्री श्री अष्टभुजी कामेश्वरी मंदिर परिसर में पहुची, जहां पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद श्रीराम कलश को लेकर श्रद्धालु पिपरी खुर्द गांव होते हुए पिपरी कला बाजार स्थित हनुमान मंदिर पहुचा। जहां पर श्रीराम आरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया।

### श्री बंशीधर नगर के आसपास प्राकृतिक छटाओं वाले कई पिकनिक स्पॉट, जहां नववर्ष पर बड़ी संख्या में पहुंचते हैं प्रकृति प्रेमी


# आकर्षित करता है हरी भरी पहाड़ियों से घिरा बम्बा डैम

**राशीद अनवर। श्री बंशीधर नगर**


अनुमंडल मुख्यालय के आसपास कई पिकनिक स्पॉट अपनी प्राकृतिक छटाओं के कारण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में लोग नव वर्ष के आगमन पर तथा मकर संक्रांति के दिन पिकनिक मनाने आते हैं और प्राकृतिक छटाओं का लुत्फ उठाते हैं।

प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दक्षिण दिशा में स्थित बम्बा डैम एक खूबसूरत पिकनिक स्पॉट है। बम्बा डैम हरी भरी पहाड़ियों से घिरा है। नये वर्ष को यादगार बनाने, प्राकृतिक दृश्यों का लुत्फ लेने व पिकनिक मनाने के लिये बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। नगर उंटारी से चितविश्राम ग्राम होते तथा धुरकी मोड़ से धुरकी रोड होते यहां पहुंचा जा सकता है। अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर दूर उतर पश्चिम दिशा में कुम्बा खुर्द ग्राम में स्थित है पंडरवा डैम। डैम के बीच मे प्राकृतिक जल स्त्रोत होने के कारण डैम में हमेशा पानी रहता है। पहाड़ों से घिरा यह स्थान काफी मनोरम है। यहां प्रतिवर्ष एक जनवरी व मकर संक्रांति के अवसर पर लोग वनभोज का आनंद लेने आते हैं। अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर भवनाथपुर रोड स्थित नैना झरना लोगों को सहसा अपनी ओर आकर्षित करता है। प्रकृति की गोद में स्थित यह झरना बहुत ही मनोरम स्थल है यहां सिर्फ नववर्ष पर ही नहीं बल्कि मकरसंक्रांति व अन्य दिनों में भी बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर उतर दिशा में जंगल व पहाड़ों के बीच मनोहारी प्राकृतिक छटाओं को संजोए घाघरा नदी है। वनों से आच्छादित घाघरा नदी का झरना बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां अत्यंत प्राचीन शिकारगाह भी है, जहां गढ़ परिवार के लोग शिकार करने आते थे। शिकारगाह की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। यहां सिद्ध बाबा का स्थान है। उसी स्थान पर प्राकृतिक जल स्त्रोत भी है, जिसके कारण उक्त नदी में सालोभर पानी रहता है। अनुमंडल मुख्यालय में विश्व प्रसिद्ध बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर है, जहां झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्य के लोग आकर पूजा अर्चना कर नववर्ष का स्वागत करते हैं।


बम्बा डैम




नैना झरना



घाघरा नदी



राजा पहाड़ी



### सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस प्रशासन की रहेगी पैनी नजर : अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि नए साल के आगमन पर अनुमंडल के सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा सभी पिकनिक स्पॉटों पर भारी पुलिस सुरक्षा बल कि तैनाती की जायेगी। उन्होंने कहा कि अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों को सभी पिकनिक स्पॉटों पर सुरक्षा बल तैनात करने, अपने अपने क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने, बेवजह शराब पीकर घूमने वालों पर अंकुश लगाने तथा तेज गति से मोटरसाइकल चलाने वालों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया है।



**170 मरीजों की जांच : गढ़वा।** साईं मोहल्ला स्थित आरपी सेवा सदन में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 170 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। कई जरूरतमंद मरीजों को दवा भी उपलब्ध कराई गई। मौके पर डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि दिनचर्या और खानपान में सुधार कर लोग इसे नियंत्रित कर सकते हैं।

# 'कब तक आश्वासन पर जिंदा रहेंगे'

### बेमियादी हड़ताल को लेकर राशन दुकानदारों ने सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के तत्वाधान में आगामी 1 जनवरी से केंद्रीय संगठन के आह्वान पर देशव्यापी राशन दुकान बंद किए जाने को लेकर शुक्रवार को खरौंधी प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के डीलरों ने अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार को आवेदन दिया। इस दौरान डीलर संघ के रामवृक्ष शर्मा ने कहा हमसब अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन, रैली, घेराव कार्यक्रम करते आ रहे हैं। लेकिन किसी भी सरकार ने हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। हमलोगों को सिर्फ आश्वासन ही मिलते आया है। हमलोग सभी आखिर कब तक सरकार के आश्वासन पर जिंदा रहेंगे। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना को कमीशन पर क्यों चलाएं। हम लोग सभी डीलरों को मानदेय के साथ अन्य आय के स्त्रोत उपलब्ध कराया जाएं। मौके पर अध्यक्ष शिवकुमार यादव, सचिव अंजन कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष पुष्पा देवी, वेवी देवी, कुलदीप सिंह, प्रेमन बैठा, किरण देवी, जवाहिर उरांव, रामजीवन उरांव, प्रेमन बीबी, सुनैना देवी, नरेश बैठा, शंभू प्रसाद श्रीवास्तव, हबीबन बीबी, रेयासत अंसारी, जय कुमार साव आदि उपस्थित थे।



### हड़ताल करेंगे डीलर

**विशुनपुरा।** प्रखंड डीलर संघ ने 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इसको लेकर डीलर संघ ने आपूर्ति सहायक अमल सिंह को ज्ञापन सौंपा है। मौके पर संघ के अध्यक्ष शिवबचन प्रसाद यादव, कामख्या नारायण सिंह, आफताब आलम, नवीन कुमार दिनेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

### डीलर हड़ताल पर जाएंगे

**रमना।** जन वितरण प्रणाली संघ के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश पांडेय के नेतृत्व में प्रखंड के सभी दुकानदारों ने शुक्रवार को सीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी बासुदेव राय को ज्ञापन सौपते हुए 1 जनवरी से हड़ताल पर जाने की घोषणा की। मौके पर रविंद्र पाल, गुंजेश कुमार सिंह, विजय राम, मनोरमा देवी, कुलदीप उरांव, नन्हाई प्रसाद गुप्ता, सुनेश्वर राम, नंदकिशोर उरांव, प्रेमनाथ उरांव, नारायण सिंह,योगेद्र कुमार सिंह, सुर्यदेव राम, रामस्वरुप राम, मनोरमा देवी, सुखमानी देवी, कलावती देवी मौजूद थे।

## 20सूत्री अध्यक्ष व प्रमुख पति ने सड़क का लिया संज्ञान

**डंडई।** मेराल से अम्बाखोरिया तक बनाई जा रही कालीकरण सड़क के संवेदक द्वारा डंडई गांव में कम चौड़ाई में सड़क का निर्माण करने के मामले को प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी के साथ-साथ ब्लॉक प्रमुख पति घुरविगन बैठा ने भी संज्ञान लिया है। अंसारी ने कहा कि जिस आकार में अन्य जगहों पर संवेदक के द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है उसी तरह डंडई गांव में भी सड़क का निर्माण करना होगा। वहीं प्रमुख पति घुरविगन बैठा ने कहा कि डंडई गांव में कम चौड़ाई की सड़क का निर्माण होने की जानकारी मिलते ही संवेदक से टेलीफोनिक संवाद हुआ है। उनके द्वारा बताया गया है कि मेराल से अम्बाखोरिया तक सभी जगहों पर प्राक्कलन के अनुसार सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य से किसी भी तरह का समझौता नहीं होगा। प्राक्कलन के अनुसार डंडई गांव में भी सड़क का निर्माण करना होगा। लोगों से अपील करते हुए कहा कि सहयोग कर उनसे प्राक्कलन के अनुसार सड़क निर्माण कार्य कराने का काम करें।

## प्रभारी डीलर पर राशन की कटौती करने का आरोप

**डंडई।** डंडई गांव का प्रभारी डीलर सफीक अंसारी पर लाभुकों का शोषण करने का आरोप लगाया जा रहा है। डीलर पर प्रति किलो 100 ग्राम कटौती कर लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने का आरोप लगाया जा रहा है। लाभुक महावीर सोनी, ध्रुवालाल मेहता, छोटन यादव, पवन कुमार, सलीम अंसारी, निरंजन कुमार इत्यादि ने बताया कि एक तो ससमय खाद्यान्न दिया नहीं जाता है, वही दिया भी जाता है तो 100 ग्राम प्रति किलो कटौती कर। वहीं सरकार की ओर से मिले तराजू पर तौलने के बाद उनके द्वारा उसी खाद्यान्न को अपना एक निजी तराजू पर भी तौला जाता है। वहीं डीलर सफीक अंसारी ने कहा कि मेरे द्वारा एक छटाक भी राशन की कटौती नहीं की जाती है। हम सिर्फ सरकारी तराजू का ही उपयोग कर रहे हैं।

# लीगल घाट शुरू होने तक मुफ्त हो ट्रैक्टर के लिए बालू : तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने शुक्रवार को गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीसी से मिले।

डीसी से मिलने के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन को बालू का लीगल घाट शुरू होने तक ट्रैक्टर वालों के लिए शत-प्रतिशत बालू फ्री करना चाहिए। मंत्री को इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए कैबिनेट से प्रस्ताव पारित कराना चाहिए। इससे लोगों को कम दर पर बालू की उपलब्धता होने लगेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों को पांच से छह हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर की दर से बालू मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी ट्रैक्टर वालों से बालू के कार्य में रात भर ट्रैक्टर चलाने के एवज में मंत्री को 25 सौ रुपये देना पड़ता है। 25 सौ रुपये जमा करने के बाद ट्रैक्टर वाले रात भर बालू ढोते हैं। अधिक ट्रिप करने को लेकर ट्रैक्टर की गति अधिक होती है, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर बालू के कार्य में मंत्री की ओर से वसूली बंद हो जाएं, तो लोगों को प्रति ट्रैक्टर एक हजार रुपये में बालू उपलब्ध होने लगेगा। कहा कि हेमंत सरकार चार वर्ष पूरा होने पर उत्सव मना रही है, जबकि राज्य सरकार ने अपना एक भी वायदा पूरा नहीं कर पाई।



## एंबुलेंस पोल व पेड़ में टक्कर मारकर हुई दुर्घटनाग्रस्त

**भंडरिया।** भंडरिया गोदरमाना मुख्य मार्ग में खजूरी सुखी खेती के समीप 108 एम्बुलेंस बिजली खंभे में जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे पेड़ टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद एम्बुलेंस चालक एवं एक कर्मी बाल-बाल बच गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एम्बुलेंस मेदिनीनगर सदर अस्पताल से मरीजों को छोड़कर वापस भंडरिया अस्पताल जा रही थी कि अचानक सुखी खेती के समीप एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर बिजली खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना के बाद एम्बुलेंस चालक एवं कर्मी को घायलवस्था में इलाज के लिए भंडरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।


Government of Jharkhand Urban Development Department

Latehar Nagar Panchayat , Latehar

e- Procurement Notice (Short Tenders Notice)

NIT No. - UDD/LNP/09/2023-24

Notice No. - 3290 Date – 28.12.2023

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन मद से | | | | | | |
| 1 | 01/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 01 में विशु सिंह के धर से जावेद अंसारी के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 741600.00 | 14900.00 | 5000.00 | दो माह |
| 2 | 02/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 03 में जवाहर भुईयां के धर से विसम्बर भुईयां के धर होते हुए लुल्हा भुईया के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1300150.00 | 26100.00 | 5000.00 | दो माह |
| 3 | 03/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 03 में माको रोड़ से अमरेश उरॉव के धर होते हुए राजमोहन सिंह के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1121600.00 | 22500.00 | 5000.00 | दो माह |
| 4 | 04/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 04 में स्टेशन रोड़ से सुनीता कुमारी के धर होते हुए सुरेन्द्र सिंह के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1852500.00 | 37100.00 | 5000.00 | दो माह |
| 5 | 05/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 05 में नया मस्जिद से कईम अंसारी के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1742700.00 | 34900.00 | 5000.00 | दो माह |
| 6 | 06/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 06 में जयप्रकाश महलका के धर से नया मस्जिद तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1690800.00 | 33900.00 | 5000.00 | दो माह |
| 7 | 07/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 07 सत्येन्द्र पासवान के धर से अंशु आदव के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1013900.00 | 20300.00 | 5000.00 | दो माह |
| 8 | 08/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 09 में वैष्णों माता मंदीर के बगल से बरगद वृक्ष होते हुए मेनरोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 380100.00 | 7700.00 | 1000.00 | एक माह |
| 9 | 09/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 10 में बाईपास रोड से मास्टर साहब के धर होते हुए रंजीत गुप्ता के धर तक पेबर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य। | 780150.00 | 15700.00 | 5000.00 | दो माह |
| 10 | 10/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 11 में चन्द्रदेव उरॉव के धर से किरण उरॉव के धर से पहले तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 354800.00 | 7100.00 | 1000.00 | एक माह |
| 11 | 11/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 12 में रितेश तिवारी के धर से गुड्डू तिवारी के धर होते हुए पारस तिवारी के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 711650.00 | 14300.00 | 5000.00 | दो माह |
| 12 | 12/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 13 में नहर पीण्ड के बगल से पुराने पी0सी0सी0 मोड़ से जीवन लता बहेर के धर तक गार्डवाल सहीत पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। | 697900.00 | 14000.00 | 5000.00 | दो माह |
| 13 | 13/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 07 चटनाही रवीदास चौक से रामप्यारे बैठा, रामचन्द्र राम के धर होते हुए महराजा पैलेस के सम्पर्क पथ तक पथ निर्माण कार्य। | 628350.00 | 12600.00 | 5000.00 | दो माह |
| नागरीक सुविधा मद से | | | | | | |
| 14 | 14/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 01 में सेलिब्रेशन इन से गुहादी तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 784450.00 | 15700.00 | 5000.00 | दो माह |
| 15 | 15/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 02 जुबली चौक मोड से जयत्री नाला तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1870200.00 | 37500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 16 | 16/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 04 में रियाज अंसारी के धर से जाहिर खान के धर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 650900.00 | 13100.00 | 5000.00 | दो माह |
| 17 | 17/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 07 में सुधीर प्रजापति के धर से जयत्री नदी तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 612200.00 | 12300.00 | 5000.00 | दो माह |
| 18 | 18/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 08 में पुस्तक महल से मिश्रा जी के धर होते हुए राजकिशोर प्रसाद के धर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1033600.00 | 20700.00 | 5000.00 | दो माह |
| 19 | 19/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 09 वैष्णों माता मंदीर थाना चौक से एच.डी.एफ.सी. बैंक तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1472500.00 | 29500.00 | 5000.00 | दो माह |
| 20 | 20/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 10 में संतोष सिंह के धर से कन्हैया मिस्त्री के धर होते हुए आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 924500.00 | 18500.00 | 5000.00 | दो माह |
| 21 | 21/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 10 बाईपास रोड में मंटु प्रजापति के धर से कमलेश यादव के धर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 908500.00 | 18200.00 | 5000.00 | दो माह |
| 22 | 22/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 11 प्रवीण प्रसाद के धर के पीछे से आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 667700.00 | 13400.00 | 5000.00 | दो माह |
| 23 | 23/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 13 राउफ अंसारी के धर से आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 695850.00 | 14000.00 | 5000.00 | दो माह |
| 24 | 24/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 14 में राजु राम के धर से सामुदायिक भवन होते हुए आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 लिंक नाली निर्माण कार्य। | 679300.00 | 13600.00 | 5000.00 | दो माह |
| 25 | 25/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 14 में दिपक कुमार सिंह के धर से मड़की टीचर के धर होते हुए सम्पर्क नाली तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 918300.00 | 18400.00 | 5000.00 | दो माह |
| 26 | 26/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 15 में रविन्द्र प्रसाद के धर से प्रेम नगर के पुराने नाली तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 370650.00 | 7500.00 | 1000.00 | एक माह |
| 27 | 27/LNP/09/2023-24 | वार्ड सं0 15 में मॉ अम्बे ट्रॉसपोर्ट से राजु लाल के धर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1133550.00 | 22700.00 | 5000.00 | दो माह |
| 28 | 28/LNP/09/2023-24 | नगर पंचायत लातेहार के सभी वार्डों में पुराने नाली को ढकने हेतु कुल 1500 अदद आर0सी0सी0 स्लैब निर्माण कार्य। | 1858950.00 | 37200.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 29 | Date of Publication of Tender on website | | 30.12.2023 at 11:00 AM | | | |
| 30 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 31 | Date start of submission of bids | | 30.12.2023 at 11:30 am | | | |
| 32 | Last Date/Time of submission of bids | | 20.01.2024 upto 03:00 pm | | | |
| 33 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 22.01.2024 upto 05:00 pm | | | |
| 34 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 35 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 36 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.

Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 314671 Urban Development(23-24)D


## खेलकूद

### क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में राम साहू हाई स्कूल को 20 रन से हराया

# ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम क्वार्टर फाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रही 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल बेलचम्पा की टीम ने राम साहू हाई स्कूल को 20 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले गोविंद हाई स्कूल के मैदान में 14 दिन बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत की।

ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल बेलचंपा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। ज्ञान निकेतन बेलचंपा के बल्लेबाज ने बेहतर शुरुआत करते हुए नंदन के नाबाद 67 रन और सीटू के 28 रनों के सहयोग से निर्धारित 16 ओवर में पांच विकेट खोकर 157 रनों का स्कोर खड़ा किया। राम साहू हाई स्कूल की ओर से अभिनव ने दो विकेट प्राप्त किये। जवाबी पारी खेलने उतरी राम साहू हाई स्कूल की टीम अजीत के 64 और रोहित के नाबाद 34 रनों के बावजूद निर्धारित ओवरों में तीन विकेट खोकर 137 रन ही बना पाई। ज्ञान निकेतन की ओर से हेमंत ने एक विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल बेल चंपा के नंदन कुमार को बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार, मैच के पर्यवेक्षक मुजीबउद्दीन खान ने प्रदान किया। मौके पर मुजीबुदीन खान, शिक्षक सुशील कुमार, आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, नवनीत, मनोज तिवारी, प्रिंस खान, विशाल कुमार, बंटी, सुमित, मनीष पाठक, दिव्य रंजन, अभिषेक पाठक, शिवांश भारद्वाज आदि मौजूद थे।



## एक नजर

### महिला को गला दबा कर फांसी के फंदे से लटकाने का आरोप

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत बारिबांध ग्राम निवासी प्रमोद यादव की पत्नी लीलू देवी (28) को राजेश यादव व उसकी पत्नी द्वारा गला दबाकर फांसी में लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक के जेठ बिनोद यादव ने बताया कि मेरा भाई बोल नहीं पता है। वह मुखबधिर है। दो बच्चों के साथ भाई ससुराल पांकी स्थित केकरगढ़ गया हुआ था। उसी रात्रि में मृतका लीलू देवी ने फोन कर अपनी बहन रीमा कुमारी को रविवार रात्रि लगभग 8 से 9 बजे बताया कि चापानल से पानी लाने को लेकर राजेश यादव और उसकी पत्नी के साथ लड़ाई हो रही है। आज हमको ये लोग मार देंगे। इसके बाद गांव के बगल के व्यक्ति रामजतन यादव, पिता गेंदा यादव को फोन कर जानकारी दी गई थी। सुबह लीलू देवी को फांसी के फंदे से लटकते देख ससुर बालकेश्वर यादव ने उसे नीचे उतार दिया था। भय से पुनः ससुर द्वारा महिला को फंदे से लटका दिया गया। इसकी सूचना बारियातु थाना को दी गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव को सौंप दिया गया। परिजनों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। थानेदार मुकेश ने बताया कि अनुसंधान जारी है। मामले का जल्द उद्भेदन कर दिया जायेगा।

### पुलिस ने 3 एकड़ में लगी अवैध पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**लातेहार।** हेरहंज थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत कांचा ग्राम से सटे जंगल में तीन एकड़ में लगी अवैध पोस्ते की खेती को हेरहंज पुलिस ने नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

### आपूर्ति पदाधिकारी को डीलरों ने ज्ञापन सौंपा

**लातेहार।** सदर प्रखंड के डीलर संघ ने आगामी 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर सदर प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। मौके पर जनवितरण प्रणाली संघ के अध्यक्ष केदार प्रसाद, उपाध्यक्ष हीरा सिंह, सचिव सुदर्शन पासवान, संदीप उरांव, प्रदीप प्रसाद, दीनानाथ राम, देवेन्द्र राम आदि मौजूद रहे।

### बीडीओ सह प्रभारी एमओ को सौंपा ज्ञापन


**गिद्धौर।** प्रखंड के जपुआ शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को प्रखंड डीलर संघ की बैठक हुई। बैठक के पश्चात 1 जनवरी की हड़ताल को लेकर ज्ञापन बीडीओ सह प्रभारी एमओ को सौंपी गई। मौके पर संघ के अध्यक्ष अवध किशोर दांगी, सचिव कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, गीता देवी, अनीता देवी, नागी देवी, राजेश कुमार दांगी, मुंशी साव, राजेंद्र साव, विष्णु साव मौजूद थे।

# नये वर्ष में पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार चंदवा के पर्यटन स्थल

## कांती झरना, झुंझुनिया वाटर फॉल, इको पाक लोगों के बीच हैं खासे लोकप्रिय

**मुबारक आलम। चंदवा**

प्रकृति ने चंदवा प्रखंड को भी अपने अनुपम छटा से सजाया है। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई मनमोहक स्थान हैं जो निरंतर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इनमें लाधुप स्थित कांती झरना, हुटाप स्थित हिंडाल्को पार्क, निंद्रा स्थित झुंझुनिया वाटर फॉल, देवनद तट पर बना इको पार्क, टोरी-लोहरदगा रेल खंड पर स्थित 27 नंबर रेलवे ब्रिज लोगों के बीच खासा लोकप्रिय है। चंदवा प्रखंड के लाधुप स्थित कांती झरना प्रखंड के मनोरम स्थलों में से एक है यह झरना घने जंगल के बीच अवस्थित है, यहां का दृश्य बहुत ही सुंदर और मनमोहक है। पत्थरीली चट्टानों से होकर नदी का निर्मल जल कल कल करता अपने पथ पर निरंतर गिरते पड़ते अपने मंजिल की ओर बढ़ता है।



कांती झरना बरबस ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह झरना राज्य स्तर पर प्रचलित नहीं होने के बावजूद भी नजदीक के क्षेत्र के सैलानियों के बीच काफी प्रसिद्ध है। कमोबेश यहां सालभर सैलानियों का आना जाना लगा रहता है। नव वर्ष पर सैलानियों की यहां भरमार रहती है। 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन यहां मेला का भी आयोजन किया जाता है। पर्यटन विभाग अगर कांती झरना को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने में ध्यान दे तो यह राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में देश के मान चित्र पर दिखाई देगा। इससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

### ऐसे पहुंचें कांती झरना

झारखंड की राजधानी रांची से कांती झरना की दूरी लगभग 65 किमी है तथा लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड से 17 कि मी की दूरी पर रांची चंदवा मुख्य सड़क पर लाधुप के पास से वहां पहुंचा जा सकता है। झरना स्थल तक पहुंचने के लिए सैलानियों को अपने निजी वाहन से पहुंचना होगा तथा अपने साथ नास्ता व भोजन की व्यवस्था लेकर ही जाना होगा। आबादी से दूर होने के कारण यहां खाने पीने के सामान उपलब्ध नहीं होते हैं।

### सावधानी बरतें

यहां पहुंचने वाले सैलानी सावधानी का विशेष ख्याल रखें। झरना की चट्टानें बेहद चिकनी तथा फिसलन भरी हैं। किनारे पर न जाएं और बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

# किराना व मिठाई दुकान में चोरी का उद्भेदन चोरी के सामान के साथ व्यवसायी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

जिले के पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक में संचालित किराना दुकान व मिठाई दुकान में हुए चोरी की घटना का पुलिस ने त्वरीत कारवाई करते हुए उद्भेदन कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दुकानदार विकास अग्रवाल ने पत्थलगड़ा थाना में आवेदन देकर चोरी की सूचना थाने में देते हुए बताया कि वह सुबह जब दुकान खोला तो कई सामान इधर-उधर बिखरे हुए थे व कई सामान गायब थे। सूचना पाकर थाना प्रभारी सचिन कुमार दास दलबल के साथ दुकान पहुंचे व जांच पड़ताल शुरू की। इसी दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच के क्रम में व्यवसायी कुणाल कुमार



पिता जागेश्वर राम दांगी उर्फ जागी सेठ को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी कुणाल ने अपना जुर्म कबूल किया। उसके बाद पुलिस ने उसके निशानदेहार पर उसके घर की तलाशी के दौरान चोरी के कई सामान भारी मात्रा में बरामद किया गया। उसी रात आरोपी ने एक मिठाई दुकान में भी चोरी की थी। पुलिस आरोपी कुणाल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं इस चोरी कांड के उद्भेदन की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है। आरोपी कुणाल का सुभाष चौक पर ही अपना एक बड़ा कपड़ा का दुकान है।

## सांसद विकसित भारत कार्यक्रम में हुए शामिल

**महुआडांड़।** प्रखंड के अंतर्गत नेतरहाट पंचायत में आयोजित केंद्र सरकार के हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह शामिल हुए। वहीं सुनील सिंह ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। मौके पर केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके लाभुकों ने अपने विचार रखें। वहीं उज्वला योजना के तहत लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर चूल्हा तथा आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया और गोद भराई की रस्म भी अदा की गई।

# सहायक अभियंता ने दो सौ मीटर रोड उखड़वाया

## आदेश की अवहेलना कर सड़क का निर्माण करना संवेदक को पड़ गया भारी

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड क्षेत्र के इटखोरी जिहू मोड मुख्य सड़क महेशा में संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता के रोक लगाने के बावजूद गुणवत्ता से खिलवाड़ कर सड़क निर्माण कराना भारी पड़ गया। मुखिया सह दिशा सदस्य मंजित सिंह के विरोध करने के उपरांत शुक्रवार को पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने लगभग दो सौ मीटर सड़क उखडवा कर जांच की औश्र पुनः गुणवता के साथ कार्य करने का निर्देष दिया। ज्ञात हो कि सड़क निर्माण मां



अष्टभुजा कंशट्रक्शन हजारीबाग द्वारा कराई जा रही है। जिसमें संवेदक द्वारा प्राक्कलन से खिलवाड़ कर सड़क निर्माण कार्य शुरू से ही की जा रही थी, जिसकी शिकायत जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी व मुखिया ने विभाग के वरीय अधिकारियों से दर्जनो बार किया। यहां तक की गुणवत्ता से खिलवाड़ करता देख सड़क निर्माण कार्य को ही मंझगावां मुखिया ने रोक दिया था। विभाग के सहायक अभियंता एवं कनिय अभियंता ने बताया की संवेदक को गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया गया परंतु कार्य में सुधार नहीं की गई। सड़क का थिकनेश 50 एमएम की जगह कहीं 30 तो कहीं 40 एमएम किया गया था, जिसे उखाड़ कर दुबारा बनाया जा रहा है।

# हादसे में मजदूर की मौत, विरोध में एनएच-22 जाम

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

थाना के सामने बाइक के धक्के से एक मजदूर की मौत हो गई। इसके विरोध में स्थानीय लोगों और परिजनों ने बालूमाथ चेक नाका के समीप रांची-चतरा एनएच 22 मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

जानकारी के अनुसार बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के चेक नाका मोहल्ला निवासी शनिचर भुईया के 45 वर्षीय पुत्र कैला भुईया कुछ अपनी जरूरी कार्यों से थाना चौक के पास खड़ा था। इसी दौरान विपरीत



दिशा से जा रही एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उसको सीधी टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां से उसकी स्थिति को गंभीर और चिंताजनक बताते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के पश्चात रांची रिम्स रेफर कर दिया, लेकिन घायल युवक की रास्ते चांन्हो ब्लॉक के पास मौत हो गई। बता दें कि मृतक की चार पुत्रियां हैं। इस घटना के बाद से मृतक की पत्नी गीता देवी समेत सभी पुत्री और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष ही मृतक युवक के बड़े भाई कारू भुईया की मौत बालूमाथ मुरपा मोड़ के पास कार के धक्के से हो गई थी। इधर बालूमाथ थाना पुलिस ने जाम स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन के साथ साथ मृतक के परिजनों को समझने का प्रयास किया। वहीं बालूमाथ सीओ तृप्ति विजया कुजूर एवं पुलिस निरीक्षक शशि रंजन के आश्वासन के बाद शाम 5:15 बजे जाम खुलवाया। मुखिया नरेश लोहरा ने परिवार जनों की वस्तु स्थिति को जानकर गहरा शोक व्यक्त किया।

## ट्रक के खलासी से मारपीट, सीएचसी में हुआ उपचार

**बालूमाथ।** तेतरिया खाड़ कोलवरी में कोयला लोडिंग के दौरान साइड लेने के क्रम में स्थानीय ट्रक मालिक और अज्ञात लोगों द्वारा ट्रक के खलासी के साथ मारपीट कर घायल कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल खलासी की पहचान लोहरदगा जिले के भंडरा थाना के मसमानो ग्राम निवासी स्व रामावतार उरांव के पुत्र अंकित उरांव के रूप में हुई है। उसका उपचार सीएचसी में कराया गया।

**पहल** आरओबी व फुट ब्रिज निर्माण के लिए सोशल मीडिया अभियान का समापन

# 'टोरी आरओबी के निर्माण में विलंब होना दुर्भाग्यपूर्ण'

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर बरकाकाना-बरवाडीह रेल खंड पर स्थित टोरी जंक्शन समपार आरओबी (फ्लाई ओवरब्रिज) और स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर माकपा नेता सह कामता पंसस अयुब खान द्वारा एक सप्ताह तक चलाये जा रहे सोशल मीडिया पर पोस्टर अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया।

अभियान के अंतिम दिन शुक्रवार को भी रेलवे क्रॉसिंग के इलाके में एनएचआई विभाग की लापता का पोस्टर लगाया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे अयुब खान ने बताया कि इस अभियान के दौरान सोशल



मीडिया एक्स के माध्यम से देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल, रेलवे जीएम हाजीपूर, डीआरएम धनबाद, उपायुक्त लातेहार, चतरा सांसद सुनील सिंह से फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने की आग्रह किया गया है। साथ ही सोशल मीडिया फेसबुक, पब्लिक एप, इंस्टाग्राम, वाट्सएप ग्रुप, यूट्यूब और कू पर लगातार एक सप्ताह तक इस मुद्दे को उठाया गया। सोशल मीडिया आज के समय में बड़ा प्लेट फार्म है, इससे चुनाव भी लड़कर जीता जा रहा है, इस लिए इस मुद्दे पर सोशल मीडिया का सहारा लिया गया है।

सोशल मीडिया पर पोस्टर अभियान का उद्देश्य था कि 3 अप्रैल 2021 को टोरी चंदवा का फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण का शिलान्यास कर भूल जाने वाले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,सांसद सुनील सिंह,विधायक बैद्यनाथ राम का ध्यान इस ओर आकर्षित करना था। शिलान्यास हुए ढ़ाई वर्ष से अधिक समय हो गया लेकिन अबतक इसका निर्माण कार्य शुरू तक नहीं हो पाया है। रैयतों को उसके अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा देने और फ्लाई ओवरब्रिज की निर्माण की बारी आई तो नेशनल हाईवे प्राधिकरण (एनएचएआई) विभाग लापता हो गया है। झारखंड का यह एकलौता नेशनल हाईवे पर बना रेलवे क्रॉसिंग है, जहां घंटों जाम में फंसे रहते हैं आमजन। टोरी स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज निर्माण भी अबतक शुरू नहीं हो पाई है इसमें भी रेलवे प्रशासन उदासीन है। अयुब खान ने सोशल मीडिया अभियान का समर्थन करने वाले प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया साथियों का शुक्रिया अदा किया है।

**अनुमंडल पदाधिकारी ने किया पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण : सिमरिया।** अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज ने शुक्रवार को सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के बारा गांव के जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीलरों को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभुकों को निर्धारित मात्रा में अनाज उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि यह ओचक निरीक्षण लगातार जारी रहेगा।


## उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
## (एन०आर०ई०पी०, शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–09/2023–24**

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 08.01.2024 कार्यालय दिवस में 10.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराहन तक।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 09.01.2024 3.00 बजे अपराह्न तक।
निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक– 09.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड– लातेहार, पंचायत– परसही, ग्राम– परसही में चुरूरवा नाला पर 01 स्पेन का पुलिया निर्माण। | 23,85,500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | प्रखंड– लातेहार, पंचायत– परसही, ग्राम– परसही में विवाह मंडप के पास कल्भर्ट एवं गार्डवाल निर्माण। | 23,46,500.00 | 47000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | प्रखंड– हेरहंज, पंचायत– चीरू, ग्राम– हुम्बु में करीवा यादव के घर से टोंगरी पथ तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 19,00,400.00 | 38000.00 | 5000.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग /पथ निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्तें https://latehar.nic.in एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

PR.NO.314686 Rural Development(23-24):D



## कार्यपालक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–16/2023-24**

**शहरी परिवहन मद**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेण्टी–फिकेशन न. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Road from House of Rajesh Tiwari to House of Brijkeshwar Tiwari | 07 | 2367500.00 | 47500.00 | 5 000.00 | 04 माह | NPSBN/NIT-16/2023-24 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 26.12.2023 |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड प्रारंभ की तिथि एवं समय | 28.12.2023 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 12.01.2024 अप0 02:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा ऑनलाईन खोलने की तिथि एवं समय | 13.01.2024 अप0 03:00 बजे। |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 6 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 | 8294763962 |

Note :– Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Govt. of Jharkhand (Letter 120, Dated 03-10-2023)

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 314623 Urban Development(23-24)#D



## समाहरणालय, गढ़वा
## (समाज कल्याण शाखा)

**सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति**

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आम सभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नविवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आम सभा में उपस्थित हो कर चयन कार्यक्रम में भागलें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ी केन्द्र का नाम | पोषक क्षेत्र में बाहुल्य | रिक्त पद | आम सभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गढ़वा | गढ़वा | चेरिपोखर | OBC | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 का पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 2 | मेराल | मेराल | बालेखाड़ आदिवासी टोला | ST | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजेतक |
| 3 | मेराल | मेराल | उरॉव टोला लातदाग | ST | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 4 | मेराल | मेराल | तिसर टेटुका भुईयॉ टोला | SC | सहायिका | गुरूवार 18.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजेतक |
| 5 | मेराल | मेराल | दामर टोला करके | MIN | सहायिका | गुरूवार 18.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 6 | मेराल | मेराल | ओखरगाड़ा भुईया टोला | SC | सहायिका | शुक्रवार 19.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 7 | नगर उॅटारी | नगर उॅटारी | रक्साटिकर | BC1 | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 कोपूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजेतक |
| 8 | नगर उॅटारी | नगर उॅटारी | निमियाडीह | GEN | सेविका | बुधवार 17.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 9 | नगर उॅटारी | नगर उॅटारी | मुरलीतर भागोडीह | SC | सहायिका | गुरूवार 18.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 10 | धुरकी | सगमा | कटहर खूर्द | ST | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 11 | धुरकी | सगमा | लोलकी | ST | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 12 | धुरकी | धुरकी | कदवापूर्व | SC | सेविका | गुरूवार 18.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 13 | धुरकी | रमना | मानदोहर | ST | सेविका | गुरूवार 18.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 14 | धुरकी | रमना | मानदोहर | ST | सहायिका | शुक्रवार 19.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 15 | काण्डी | काण्डी | भण्डरिया | SC | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 16 | भवनाथपुर | केतार | हुरका–1 | SC | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 17 | भवनाथपुर | खरौंधी | पिपरा | BC2 | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 18 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | बैगाडीह | ST | सहायिका | गुरूवार 18.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 19 | भवनाथपुर | केतार | ताली | OBC1 | सेवीका | गुरूवार 18.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजेतक |
| 20 | रंका | रमकण्डा | सुली | ST | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 21 | रंका | रंका | रबदा | OBC | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 22 | रंका | रंका | कुदरूम | ST | सहायिका | गुरूवार 18.01.2024 का पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 23 | रंका | रंका | कंचनपुर–2 | SC | सहायिका | गुरूवार 18.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 24 | रंका | रंका | अनहर | SC | सेविका | शुक्रवार 19.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 25 | रंका | रंका | अनहर | SC | सहायिका | शुक्रवार 19.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 26 | रंका | चिनियॉ | रनपुरा | SC | सहायिका | शनिवार 20.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजेतक |
| 27 | रंका | चिनियॉ | हेताड़ कला | ST | सेविका | शनिवार 20.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 28 | रंका | चिनियॉ | बरवाडीह | ST | सहायिका | सोमवार 22.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 29 | रंका | रमकण्डा | पटसर | SC | सहायिका | सोमवार 22.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 30 | रंका | रमकण्डा | बैरिया | ST | सहायिका | बुधवार 24.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 31 | रंका | रंका | मानपुर–1 | MIN | सहायिका | बुधवार 24.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 32 | भण्डरिया | भण्डरिया | पाट | ST | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 33 | भण्डरिया | भण्डरिया | करचाली | MIN | सेविका | बुधवार 17.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजे तक |
| 34 | भण्डरिया | भण्डरिया | कुम्भीकोना | ST | सहायिका | गुरूवार 18.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 35 | मझिऑव | मझिऑव | रानी ताली–1 | ST | सेविका | बुधवार 17.01.2024 को पूर्वाह्न 09.00 से 12:00 बजे तक |
| 36 | मझिऑव | मझिऑव | परहियाडीह | ST | सहायिका | बुधवार 17.01.2024 को अपराह्न 01.00 से 04:00 बजेतक |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.314710 Social Welfare,Women and Child Development(23-24):D

**बार-बार गिरने से कभी पराजय नहीं होती, पराजय तो तब होती है जब आप गिरने के बाद उठने से मना कर देते हैं : अज्ञात**



# जर्जर पुल का निर्माण हो

झारखंड में जाम अब बड़ी समस्या बनते जा रही है। इसकी वजह है कि आबादी और गाड़ियां काफी बढ़ गयी हैं। वर्षों पुरानी सड़कें बढ़ते दबाव को झेलने में असमर्थ साबित हो रही हैं। दूसरी तरफ अतिक्रमण ने और बेड़ा गर्क किया है। यही कारण है कि डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने पिछले दिनों विधानसभा में पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से शाहपुर- चैनपुर मार्ग पर स्थित कोयल नदी पर एक नया पुल बनाने का मामला सदन में उठाया है। यह सही है कि राज्य में कई ऐसे पुल हैं जो काफी जर्जर हो चुके हैं। उन्हें तत्काल निर्माण की जरूरत है। जिन पुलों पर प्रति दिन हजारों की संख्या में बढ़े- छोटे व भारी मालवाहक वाहनों का आवागमन होता है। वह कभी भी धराशायी हो सकते हैं। उदाहरण के तौर पर देखा जाये तो पलामू का कोयल पुल विधानसभा के ग्रामीण इलाकों को प्रमण्डलीय मुख्यालय से जोड़ने का काम करता है। यह पुल ही एकमात्र आने-जाने का जरिया है। जिस पर कई बार दुर्घटना एवं जाम के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है। इससे आमजनों को तो परेशानी होती ही है,जाम के कारण कई बार बीमार या घायल मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। ऐसे में हेमंत सरकार को चाहिए कि अविलंब एक और पुल का निर्माण कराये। हालांकि मंत्री बादल पत्रलेख ने इस बाबत बताया है कि उनके द्वारा विभाग को डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया गया है। जल्द ही इस विषय पर संज्ञान लेकर फंड मुहैया कराया जायेगा। गौरतलब है कि कोयल पुल से होकर गुजरने वाला यह मार्ग न सिर्फ डालटनगंज विधान सभा ग्रामीण सैकड़ों गावों को जोड़ता है बल्कि गढ़वा व भवनाथपुर समेत यूपी और छतीसगढ़ जैसे राज्यों तक पहुंचता है। हाल के वर्षों में कई सड़कों का निर्माण हुआ है। बावजूद इस मार्ग से गुजरने वाली वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। एनएच की तरह इस मार्ग पर भी चौबीसो घंटे वाहनों का आवागमन होता रहता है। इससे चार दशक पुराना यह पुल लगातार कमजोर भी हो चुका है। इसके क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में नजदीकी इलाकों का मुख्यालय से संपर्क टूट जायेगा। क्योंकि कोयल पार करने का दूसरा नजदीकी कोई मार्ग नहीं है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में भविष्य में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। बहरहाल पलामू ही नहीं राज्य के कई हिस्सों में ऐसी समस्यायें मुंह बाढ़े खड़ी हैं। अतिक्रमण और आवागमन का संबंध काफी गहरा है। इस बात को समझने की जरूरत है। जाम की समस्या के कई और पहलू हैं। इसे समझने की जरूरत है। इसके लिए प्रायोजित तरीके से हाई लेबल बैठक की जरूरत है। यह ऐसी समस्या है जिसे समय रहते हल करने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयावह होने से कोई नहीं बचा पायेगा। वैसे भी हाल के दिनों में राज्य सरकार द्वारा कई लोकलुभावन कार्य किये जा रहे हैं। वैसी स्थिति में आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में कार्य में तेजी लाने की जरूरत है।

**पलामू का कोयल पुल विधानसभा के ग्रामीण इलाकों को प्रमण्डलीय मुख्यालय से जोड़ने का काम करता है। यह पुल ही एकमात्र आने-जाने का जरिया है। जिस पर कई बार दुर्घटना एवं जाम के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है। इससे आमजनों को तो परेशानी होती ही है,जाम के कारण कई बार बीमार या घायल मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। ऐसे में हेमंत सरकार को चाहिए कि अविलंब एक और पुल का निर्माण कराये। हालांकि मंत्री बादल पत्रलेख ने इस बाबत बताया है कि उनके द्वारा विभाग को डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया गया है।**

# 'अवसाद' पर प्रहार करती 'मन में है, आकाश कम नहीं'

इन दिनों



***प्रख्यात*** कथाकार, कवि रतन वर्मा की कविता 'मन में है, आकाश कम नहीं' की पंक्तियां लोगों के जीवन में आये अवसाद, परेशानियां और कड़वाहट पर जबरदस्त ढंग से प्रहार करती हैं। पंक्तियां लोगों में जीवन जीने की एक नई उत्साह और ऊर्जा भरती हैं। विभिन्न समस्याओं को लेकर युवाओं, छात्राओं, किसानों सहित कई अन्य लोगों में कुंठा बढ़ती चली जा रही है। इसी कुंठा के कारण हर वर्ष हजारों लोग आत्महत्या तक कर रहे हैं। यह समाज के लिए बेहद चिंता की बात है। इस विकट और बदली परिस्थिति में रतन वर्मा की 'मन में है, आकाश कम नहीं' जैसी कविता की पंक्तियां लोगों को अवसाद से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती हैं। 'मन में है, आकाश कम नहीं' कविता की पंक्तियां व्यक्ति के जीवन को संवारने की प्रेरणा देती हैं। आज लोगों का जीवन भागम भाग भरा हो चुका हैं। जहां लोग सिर्फ पैसे, पद, नाम और यश के पीछे भागते नजर आते हैं। ईश्वर प्रदत्त इस जीवन को हम सब पैसे,पद, नाम और यश के पीछे गंवा देते हैं। जीवन में थोड़ी सी परेशानी आने पर लोग अवसाद से ग्रसित हो जाते हैं और इस बहुमूल्य जीवन को खत्म करने पर उतारू हो जाते हैं। जबकि यह जीवन बहुत ही बहुमूल्य और महत्वपूर्ण है। हिन्दू धर्म ग्रंथों की माने तो कई जन्मों के पुण्य-प्रताप से मनुष्य जीवन मिलता है। हम सब इस बहुमूल्य जीवन को यूं ही नष्ट कर देते हैं। कविता की बताती हैं कि जीवन और समय दोनों बहुमूल्य है, जो इस जीवन और समय को बहुमूल्य समझते हैं, वे बहुत ही बेहतर ढंग से जीवन जी पाते हैं। आज की बदली परिस्थिति जहां चंहुओर कोलाहाल, अवसाद और आत्महत्या जैसी घटनाओं के बीच रतन वर्मा की 'मन में है, आकाश कम नहीं' की पंक्तियां लोगों में जीवन जीने की प्रेरणा और एक नई ऊर्जा भरती हैं। रतन वर्मा की कविता की चर्चा करूं। इससे पूर्व यह बता देना चाहता हूं कि रतन वर्मा देश के जाने माने साहित्यकार, कथाकार, कवि हैं। अब तक ढाई सौ से अधिक कहानियां लिख चुके हैं। लघु उपन्यास और उपन्यास सोलह के आसपास हैं। चौदह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनकी चर्चित कहानी 'नेटुआ' का ओलंपियाड में नाट्य मंचन भी हो चुका है। इनकी कहानियां नियमित देश की प्रतिष्ठित हिंदी पत्र-पत्रिकाओं में छपती रहती हैं। पिछले दिनों पटना में रतन वर्मा को 2022 का उत्कृष्ट कथा लेखन के लिए 'बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान' से अलंकृत किया गया। इनका रचना संसार बहुत ही विस्तृत है। फिर भी इनकी कलम रुक नहीं रही है। इनकी साहित्यिक यात्रा भी बड़ी दिलचस्प है। ये एक कथाकार के रूप में जाने और पहचाने जाते हैं। लेकिन इनके अंदर कहीं न कहीं एक कवि मन भी निवास करता है। इसी कारण कहानियों के बीच कविताएं भी आकार ग्रहण ले लेती हैं। रतन वर्मा की जिस कविता पर चर्चा करने जा रहा हूं, उसका शीर्षक है, 'मन में है, आकाश कम नहीं'। शीर्षक से ही बातें स्पष्ट हो जाती हैं कि मन एकाग्र होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ चले तो बुलंदियों को छुआ जा सकता है। मन चंचल है। इतना गतिशील है कि उसकी गति आवाज और रोशनी से भी कई गुणा अधिक है। आज मनुष्य जीवन तो जी रहा है, लेकिन जीवन में परेशानियां और कड़वाहट बहुत है। कवि अपनी पंक्तियों के माध्यम से यह बताना चाहता हैं कि परेशानियां, कड़वाहट और अवसादो के बीच में रहकर भी जीवन को बहुत ही आनंद के साथ जिया जा सकता है। जीवन में परेशानियां, कड़वाहट चाहे कितनी हो, सिर्फ खुद में परेशानियों और कड़वाहट को सहने की ताकत पैदा करने की जरूरत है। फिर जीवन की दिशा और दशा ही बदल जायेगी। जीवन का मतलब है, संघर्ष कर जीवन का निर्माण करना। महापुरुषों ने संघर्ष के बीच ही कालजई व्यक्तित्व का निर्माण किया, जिसे दुनिया उन्हें बर्षों तलक याद रखती हैं अपनी पंक्तियों में कवि कहता है। जीवन में अवसाद बहुत, पर / सपनों के सौगात कम नहीं / कंट भरी है राह,परंतु / मन में है, आकाश कम नहीं'। इन पंक्तियों के माध्यम से कवि यह बताना चाहता है कि जीवन में अवसाद बहुत है, पर सपनों के सौगात कम नहीं है।

**'मन में है, आकाश कम नहीं' कविता की पंक्तियां व्यक्ति के जीवन को संवारने की प्रेरणा देती हैं। आज लोगों का जीवन भागम भाग भरा हो चुका हैं। जहां लोग सिर्फ पैसे, पद, नाम और यश के पीछे भागते नजर आते हैं। ईश्वर प्रदत्त इस जीवन को हम सब पैसे,पद, नाम और यश के पीछे गंवा देते हैं। जीवन में थोड़ी सी परेशानी आने पर लोग अवसाद से ग्रसित हो जाते हैं और इस बहुमूल्य जीवन को खत्म करने पर उतारू हो जाते हैं। जबकि यह जीवन बहुत ही बहुमूल्य और महत्वपूर्ण है। हिन्दू धर्म ग्रंथों की माने तो कई जन्मों के पुण्य-प्रताप से मनुष्य जीवन मिलता है। हम सब इस बहुमूल्य जीवन को यूं ही नष्ट कर देते हैं। कविता की बताती हैं कि जीवन और समय दोनों बहुमूल्य है, जो इस जीवन और समय को बहुमूल्य समझते हैं, वे बहुत ही बेहतर ढंग से जीवन जी पाते हैं। आज की बदली परिस्थिति जहां चंहुओर कोलाहाल, अवसाद और आत्महत्या जैसी घटनाओं के बीच रतन वर्मा की 'मन में है, आकाश कम नहीं' की पंक्तियां लोगों में जीवन जीने की प्रेरणा और एक नई ऊर्जा भरती हैं। रतन वर्मा की कविता की चर्चा करूं। इससे पूर्व यह बता देना चाहता हूं कि रतन वर्मा देश के जाने माने साहित्यकार, कथाकार, कवि हैं। अब तक ढाई सौ से अधिक कहानियां लिख चुके हैं। लघु उपन्यास और उपन्यास सोलह के आसपास हैं। चौदह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनकी चर्चित कहानी 'नेटुआ' का ओलंपियाड में नाट्य मंचन भी हो चुका है। इनकी कहानियां नियमित देश की प्रतिष्ठित हिंदी पत्र-पत्रिकाओं में छपती रहती हैं।**

■ विजय केसरी

## आप की बात

### पलामू में हाथी पांव के बढ़ते मामले

पलामू में फाइलेरिया के मरीजों में बढ़ोतरी हो रही है। इसके रोकथाम के लिए नेशनल वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है। जनवरी 2023 से अब तक जिले में 1303 हाथी पांव और 970 लोग हाइड्रोसिल फलेरिया से पीड़ित मरीज सामने आये हैं। हाथी पांव में सर्वाधिक मेदिनीनगर में 379 और हाइड्रोसिल फाइलेरिया के सर्वाधिक मामले विश्रामपुर में 305 मरीज सामने आये हैं। मलेरिया विभाग के इंस्पेक्टर पंकज विश्वकर्मा ने कहा कि हाइड्रोसिल के 970 मरीजों में अब तक 238 लोगों का ऑपरेशन किया गया है। जबकि हाथी पांव फलेरिया के 1303 लोगों को इलाज के लिए किट उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे बचने के लिए एक मात्र उपाय है कि चूंकि यह मच्छरों के काटने से फैलता है इस कारण सोते समय मच्छरदानी का निश्चित रूप से उपयोग करें,ताकि फाइलेरिया से काफी हद तक बचा जा सके। उन्होंने कहा कि जिन हाइड्रोसिल फाइलेरिया के मरीजों का ऑपरेशन नहीं हो सका है,वैसे लोगों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कैंप लगाकर ऑपरेशन करनी योजना है। जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में हाथी पांव के 74, हाड्रोसिल फाइलेरिया के 140 मरीज अब तक मिले हैं। इसी प्रकार विश्रामपुर प्रखंड में हाथी पांव के 204, हाइड्रोसिल के 305, चैनपुर प्रखंड में हाथी पांव के 80, हाड्रोसिल के 24,मेदिनीनगर क्षेत्र में हाथी पांव के 379 लेस्लीगंज प्रखंड में हाथी पांव के 162, हाइड्रोसिल के 199, पाटन प्रखंड क्षेत्र में हाथी पांव मिले हैं।

**- उपेन्द्र कुमार, डालटनगंज**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

राजनीति

# चापलूसी संस्कृति से चमक खोती कांग्रेस




ललित गर्ग

***कांग्रेस*** में शीर्ष नेतृत्व के प्रति चापलूसी की पुरानी परंपरा रही है, इस परंपरा को कांग्रेसी नेता पार्टी की संस्कृति की तरह से अपनाते रहे हैं। ऐसे अनेक नेता हुए हैं, जिन्होनें उस परंपरा को परवान चढ़ाने की मिसाल कायम करके सुर्खियां बटोरीं हैं, लेकिन इससे सबसे सशक्त एवं पुरानी राजनीतिक पार्टी का क्या हश्र हो रहा है, इस बात को देखने का साहस पार्टी के भीतर किसी नेता में नहीं है। यही कारण है कि राष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के बाद सर्वाधिक वोट बैंक वाली पार्टी होने के बावजूद वह कोई सार्थक परिणाम एवं प्रदर्शन नहीं दिखा पा रही हैं। हाल ही में सम्पन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसने करारी हार का सामना किया है। इन राज्यों में हुए चुनावों में या तो कांग्रेस की सरकार जाती रही या विपक्ष में होने का बावजूद भी वो वहां कुछ खास कमाल नहीं कर सकी। राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए पार्टी 2019 के लोकसभा चुनाव में कोई खास कमाल नहीं कर सकी। पूर्व में सम्पन्न हुई राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की भांति आगामी न्याय यात्रा कोरा चापसूसों का जमावड़ा होकर रह जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है। भारतीय राजनीति के अमृतकाल तक पहुंचे शासन में से लगभग पचास साल कांग्रेस का राज रहा है। प्रश्न है कि ऐसे क्या कारण है कि अब कांग्रेस सत्ता से दूर होती जा रही है। कद्दावर एवं राजनीतिक खिलाड़ियों की पार्टी होकर भी वह अपना धरातल खोती जा रही है। इसका कारण परिवारवाद एवं चापलूसी राजनीतिक संस्कृति ही है। इसी कारण अनेक पार्टी-स्तंभ नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं। बावजूद इसके पार्टी कोई सबक लेने को तैयार नहीं है। कांग्रेस अगर इस गलतफहमी में जीना चाहती है कि वंशवादी नेतृत्व ही उसका उद्धार करेगा तो उसे ऐसी गलतफहमी पालने का पूरा अधिकार है, लेकिन उसके परिणाम भी उसे झेलने ही होंगे। ऐसा नहीं कि पार्टी से जुड़े हर ऊपर से नीचे तक के कार्यकर्ता एवं नेता को उचित अनुचित का बोध नहीं है।

**हाल ही में पांच राज्यों के विस चुनावों में उसने करारी हार का सामना किया है। इन राज्यों में हुए चुनावों में या तो कांग्रेस की सरकार जाती रही या विपक्ष में होने का बावजूद भी वो वहां कुछ खास कमाल नहीं कर सकी।**

फेसबुक वॉल से




X-से




# इतिहास कब भूलता है



डॉ. सुरेश कु. मिश्रा

***आप*** लोगों को महाभारत की घटनाएँ तो याद ही होंगी। याद नहीं भी है तो कोई बात नहीं। यह तो ऐसी घटनाएँ हैं जो आये दिन घर-दुनिया में कहीं-न-कहीं घटती रहती हैं। ऐसी ही एक घटना है - द्रौपदी चीरहरण। वैसे तो द्रौपदी का चीरहरण एक बार हुआ था। किंतु हमारी भूल ने न जाने कितनी बार द्रौपदी को चीरविहीन होने पर मजबूर कर दिया। मानो द्रौपदी का चीर, चीर न हुआ उतार फेंकने का तमाशा हो गया। ऐसी ही एक घटना आजकल सुर्खियों में है। वैसे जो सूर्ख होते हैं वे सुर्खियों में ही रहते हैं। बात है तालिबान की। ये तालिबानी न तो ताली से सुनते हैं न ही बानी से। इनका तो एक ही फॉर्मूला है - गोलाबारी। ये प्राणी अत्यंत आतंकप्रिय हैं। लोगों को डराना, धमकाना, कत्लेआम करना, अबलाओं को हवस का शिकार बनाना इनकी पाठशाला का पाठ्यक्रम है। ये अपने पाठ्यक्रम के इतने पक्के होते हैं कि कोई मजाल जो इन्हें शत-प्रतिशत अंक पाने से रोक पाये। विश्वास न हो तो मलाला को देख लीजिए। मलाला उन्हीं आतंकी पाठशाला का शिकार है। अंतर केवल इतना है कि मलाला को नोबल मिला और तालिबान को अफगानिस्तान। यदि आप सोच रहे हैं कि द्रौपदी चीरहरण का तालिबान से क्या रिश्ता है, तो इसका समाधान वर्तमान परिदृश्य है। संयुक्त राष्ट्र संघ, मानवाधिकार संघों और आये दिन इंसानियत की दुहाई देने वाले कुकुरमुत्ता एंड कंपनी धृतराष्ट्र, विदुर, भीष्म जैसे धुरंधरों का पात्र निभा रहे हों तो तालिबानी घटना नहीं घटेगी तो क्या भरत मिलाप होगा! अफगानिस्तान किसी द्रौपदी सी निस्सहाय है। तालिबानी कौरव हैं। शकुनी के पात्र में पाकिस्तान और चीन आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। अमेरिका, जिन्हें आये दिन भगवान बनने का दौरा पड़ता है, वे पांडवों की भांति हाथ पर हाथ धरे मौन बैठा है। तालिबानी कौरव निस्सहाय अफगानिस्तानी द्रौपदी का चीरहरण करते जा रहे हैं और दुनिया चुपचाप तमाशा देख रही है। साहब तमाशे में मजा जरूर आता है। लेकिन तमाशे इतने में भी मत देखिये कि एक दिन खुद का तमाशा बन जाय। कहते हैं इंसान जब मरता है तब मरता है। सबसे पहले वह अपने कर्मों से मरता है फिर कहीं जाकर शरीर से। चाहे देश अफगानिस्तान हो या फिर फिलिस्तीन। देश तो देश है। वहाँ रहने वाले भी हमारे जैसे इंसान हैं।

**संयुक्त राष्ट्र संघ, मानवाधिकार संघों व आये दिन इंसानियत की दुहाई देने वाले कुकुरमुत्ता एंड कंपनी धृतराष्ट्र, विदुर, भीष्म जैसे का पात्र निभा रहे हों तो तालिबानी घटना नहीं घटेगी तो क्या भरत मिलाप होगा!**



बोधि वृक्ष

# कथा गौ माता 'कामधेनु' की

***इसके*** अलावा काफी लोग कामधेनु की प्रतिमा को अपने कार्यस्थल में भी स्थापित करते हैं। माना जाता है कामधेनु गाय कार्य स्थल में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे अनुकूल होती है। कामधेनु गाय को ब्रहमांडीय गाय माना जाता है और यह पोषण, शान्ति और समृद्धि का प्रतीक है। कहते हैं आज की दुनिया के सभी मवेशी कामधेनु के वंशज हैं। कामधेनु गाय के शरीर के हर अंग का एक धार्मिक प्रतीक है। इसके चार पैर चार वेदों के प्रतीक हैं, और इसके स्तन चार पुरुषार्थों के प्रतीक हैं। इसके सींग देवताओं के प्रतीक हैं, इसका चेहरा सूर्य और चंद्रमा का प्रतीक है, इसके कंधे अग्नि के प्रतीक हैं। कामधेनु गाय की तरह हिंदू धर्म में हमेशा से ही हर गाय को एक पवित्र पशु माना गया है। भारतीय संस्कृति में युगों से ये माना जाता रहा है कि जिस घर में गाय निवास करती है और जहाँ उनकी सेवा की जाती है वहां कोई भी समस्या अपने पाँव नहीं पसारती। आज भी भारत के सभी गाँव कस्बों में जब किसी की रसोई में खाना बनता है तो हमेशा पहली रोटी गाय के लिए निकाली जाती है। गाय को ना केवल एक जीव बल्कि हिंदू मान्यताओं में मां की उपाधि दी गई है। ऐसी भी मान्यता है कि 84 लाख योनियों में जन्म लेने के बाद हमारी आत्मा अंतिम योनि में गाय बनती है। गाय को मनुष्य का पालनहार माना गया है और इससे मिलने वाले दूध को अमृत के समान माना जाता है। भगवान कृष्ण से जुड़ी कथाओं में भी गाय अपना विशेष स्थान रखती है। इस प्रकार भारत में गाय का महत्व बहुत अधिक है और इसकी रक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की बनती है। कामधेनु गाय की तरह हिंदू धर्म में हमेशा से ही हर गाय को एक पवित्र पशु माना गया है। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

# एक्स ला रहा है दो नये प्लान्स

***वहीं*** अगर प्रीमियम प्लान का महंगा टियर आप खरीदते हैं तो इसमें भी आपको सभी फीचर मिलेंगे लेकिन इसमें एक भी ऐड नहीं होगा। अब इसकी कीमत कितनी होगी यह तो आने वाले समय में स्पष्ट होगा लेकिन यह बिल्कुल साफ है कि एक प्लान 900 से कुछ कम ही होगा, जबकि दूसरा प्लान इससे ज्यादा होगा। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार एक्स वास्तव में तीन प्लान्स पर कार्य कर रहा है जिसमें बेसिक, स्टैंडर्ड और प्लस को गिना जा सकता है। शुरूआत में जब सोशल मीडिया का दौर चला था तो कई सारे लेखक प्रतिक्रिया में रहते थे कि जब यूजर्स इसके आदी हो जाएंगे तो लाइक और कमेंट के भी पैसे लगेंगे और एक्स इसको बिल्कुल सही साबित करता जा रहा है। आपको बता दें कि एलन मस्क बॉट अकाउंट से निपटने के लिए एक डॉलर वाले प्लान की टेस्टिंग भी कर रहे हैं जो न्यूजीलैंड और फिलीपींस में स्टार्ट किया गया है। वास्तव में मस्क ट्विटर पर पोस्ट लाइक और कमेंट के लिए भी लोगों से पैसे लेने की योजना पर कार्य कर रहे हैं और इसके पीछे मकसद यह है कि इस प्लेटफार्म से फ्री अकाउंट समाप्त कर दिया जाय क्योंकि बहुत सारे नकली अकाउंट भी होते हैं जिनमें बॉट अकाउंट की समस्या है। इससे निपटने में कंपनी को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब आने वाले समय में यह क्या रूप लेता है तो देखने वाली बात होगी, लेकिन एक बात तो सही है कि एलन मस्क ने अपने ऐलान से सोशल मीडिया खासकर एक्स के यूजर्स के मन में हलचल और उत्सुकता दोनों क्रिएट कर दिया है। **(समाप्त)**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### मासूम बच्ची 6 दिन से गायब, परिजन परेशान

**गुमला।** सात वर्षीय असिता कुमारी उर्फ श्रेया कुमारी, टोटो ग्राम निवासी पिता सुकरा उरांवा रविवार दिन से अपनी नानी के घर से एकाएक गायब हुई। वह अपनी नानी के घर में ही वह रह रहीं थी। रविवार को एकाएक घर से निकलकर कहीं चली गई है। शुक्रवार तक 6 दिन बाद भी कोई अता-पता नहीं चल सका है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी बिनोद कुमार को लिखित आवेदन देकर गायब बच्ची की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

### युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत कामडारा थाना स्थित चीतापीढ़ी बड़काटोली ग्राम निवासी 40 वर्षीय विजय टोप्पो घरेलू विवाद के बाद घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही कामडारा थाना पुलिस ने एसआई विनोद कुमार तिवारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

### समिति की बैठक में विस्तार पर चर्चा

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के कुटमु गांव में प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत की अध्यक्षता में की गई। इसमें सदर प्रखंड के प्रभारी ओम महतो बजरंग साहू उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर खास चर्चा की गई, जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष अमित सिंह, महामंत्री समीकरण प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र भगत, कोषाध्यक्ष महेश सिंह, सह कोषाध्यक्ष दुर्गा तिर्की, मीडिया प्रभारी आशीष कुमार को बनाया गया। प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत ने कहा जय श्रीराम समिति धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के रूप में विगत 18 वर्षों से कार्य कर रही है। मौके पर ओम महतो, महावीर सिंह, आयुष कुमार, उपेंद्र, महेंद्र, संदीप प्रजापति आदि मौजूद थे।

### जिप सदस्य ने डीडीसी का स्वागत किया

**लोहरदगा।** जिला परिषद कार्यालय में लोहरदगा जिला के नए उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को जिला परिषद सदस्यों ने सम्मानित किया। किस्को प्रखंड के जिला परिषद संदीप कुमार एवं सेन्हा प्रखंड के जिला परिषद राधा तिर्की ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

### शाइनिंग झारखंड ने बांटी पोषक सामग्री

**लोहरदगा।** शाइनिंग झारखंड द्वारा पिछले दो सप्ताह से जिले के विभिन्न गांवों में डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से पोषक सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बरही ग्राम में संगोष्टि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सचिव पूजा राजश्री ने कहा कि हमारी संस्था ग्रामीणों के मदद से श्रमदान से गांव के विकास के लिए कार्य करते हैं। इसके तहत गांव की सुंदरता एवं स्वच्छता पर भी विशेष ख्याल रखा जाता है। साथ ही विद्यालयों में अध्ययनरत गरीब विद्यार्थियों के बीच भी हमारी संस्था उनकी मदद करती है तथा उनकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए हरसंभव प्रयास करती है।

# वर्ष 2022 के मुकाबले में 2023 में नक्सलवाद की घटनाओं में आई कमी

## विभिन्न दर्ज 69 कांडों में 105 आरोपित हुए गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा में वर्ष 2022 के मुकाबले में 2023 में नक्सलवाद की घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। लोहरदगा में हत्या, डकैती, लूट, एनडीपीएस एक्ट, उत्पाद अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, और नक्सल जैसे मामलों को लेकर कुल 69 कांड अलग- अलग थानों में दर्ज किए गए। जिसमें पुलिस ने 105 आरोपितों की गिरफ्तारी की है। पुलिस की त्वरित अनुसंधान और लगातार पर्यवेक्षण की वजह से परिणाम निकलकर सामने आ रहा है। लोहरदगा पुलिस कप्तान हारीस बिन जमां ने बताया की इस वर्ष नक्सलवाद से संबंधित महज 10 कांड रजिस्टर्ड हुए हैं। इसमें 17 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से नौ हथियार और 95 गोलियां बरामद किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि शस्त्र अधिनियम के तहत 15 मामले दर्ज हुए थे। इसमें 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। कुल 12 हथियार बरामद हुए थे। विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के दो कांड दर्ज हुए थे। इसमें नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद सामग्रियों में 1079 पीस डेटोनेटर, लाल, नीला, काला रंग का सेफ्टी फ्यूज, तार 2294 फीट से अधिक लंबा अलग अलग टुकड़ों में, 16.5 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, 224 पीस विस्फोटक में इस्तेमाल किए जाने वाला पावर जेल और तीन मोटरसाइकिल बरामद किये गए हैं। एसपी ने बताया कि नक्सलवाद समेत अपराधिक घटना में कमी आने से जिले में शांति और सौहार्द का वातावरण है। इससे विकास कार्य तेज गति से हो रहा है।

### पुलिस अधीक्षक बोले, पुलिस आम आदमी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध



पुलिस कप्तान ने बताया कि लोहरदगा जिले में एक जनवरी से 20 दिसंबर 2023 तक हत्या के 24 कांड दर्ज हुए। इसमें 27 लोगों की गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार आरोपियों के पास से खून लगा कुल्हाड़ी, मोबाइल और अन्य सामग्रियां बरामद हुए। डकैती का एक कांड दर्ज हुआ इसमें 07 लोगों की गिरफ्तारी हुई। इनके पास से एक तार काटने वाली कैंची, इंसुलेटर बरामद हुए। लूट के नौ कांड दर्ज हुए। इसमें 12 लोगों की गिरफ्तारी हुई। उनके पास से तीन देसी कट्टे, लूट का सामान मोबाइल, पर्स, आदि बरामद हुए। एनडीपीएस एक्ट के चार कांड दर्ज हुए इसमें नौ लोगों की 20 दिसंबर तक गिरफ्तारी हुई। इसके तहत एक एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट किया गया। परफेक्ट रोल और सफेद पेपर में 10-10 पीस तंबाकू और गांजा का मिश्रण बरामद हुआ। ऑनरेक्स कफ सिरप की 119 बोतलें, नाइट्राजेपाम टैबलेट्स 1200 की संख्या में मिले। 100 पीस छोटा प्लास्टिक में भरा 400 ग्राम सुखा पत्तेदार गांजा, दो केजी सूखा पत्तेदा एक केजी चूर गांजा, 600 ग्राम खैनी, रोलिंग पेपर में 25 पीस गांजा, एच-10 लिखा हुआ 14 पैकेट फिल्टर सिगरेटस, सिगरेट की पानी में 11 पैकेट गांजा भरा हुआ मिला है। 24 ग्राम चरस, दो लाख 41 हजार 440 रुपए, करीब डेढ़ केजी गांजा, गांजा भरा हुआ रिजला पेपर 167 पीस सहित अन्य सामग्रियां बरामद हुईं।

उत्पाद अधिनियम के तहत चार मामले दर्ज हुए। इसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। बरामद सामग्रियों में 20 बोतल बीयर, 55 लीटर महुआ शराब, तुलसी देसी शराब 44 बोतल, 39 लीटर अवैध देसी महुआ शराब, सहित पांच लीटर देसी शराब को नष्ट किया गया। किंगफिशर बीयर आठ पीस, 10 पीस 500 एमएल के गॉडफादर बीयर, स्टर्लिंग विस्की 375 एमएल की एक पीस, 39 लीटर अवैध महुआ देसी शराब, किंगफिशर 650 एमएल की बोतल, 500 एमएल गॉडफादर बीयर की 10 बोतलें, स्टर्लिंग रिजर्व, ओरिजिनल ब्लेंडर व्हिस्की 10.57 लीटर, 375 एमएल की मैकडॉवेलस छह पीस, 180 एमएल की मैकडॉवेलस छह पीस, 180 एमएल की आफिसर चाइस ब्लू एक पीस, 375 मिलीलीटर की ओसी ब्लू दो पीस, 180 एमएल की स्टर्लिंग रिजर्व पांच पीस, 180 मिलीलीटर की रॉयल स्टार तीन पीस, 180 एमएल देसी शराब दो पीस, 180 मिलीलीटर एट पीएम दो पीस, 180 मिलीलीटर, सिग्नेचर दो पीस, गॉडफादर बीयर छह पीस बरामद किया गया है। एसपी ने कहा कि अपराध और उग्रवाद को समाप्त करने को लेकर पुलिस लगातार काम कर रही है। अपराध और उग्रवाद के नियंत्रण को लेकर पुलिस का लगातार अभियान जारी रहेगा। पुलिस आम आदमी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। आम आदमी के साथ बेहतर संबंध बनाकर रखना ही पुलिस का उद्देश्य है।

# अयोध्या से आए पूजित अक्षत का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के निमित विश्व हिंदू परिषद ने लोहरदगा ग्रामीण क्षेत्र का 12 पंचायत को कलश वितरण किया। ग्रामीण सह संयोजक सूरज कुमार दसोंदी की अध्यक्षता में अक्षत कलश वितरण किया गया।

निगनी पंचायत, हरमू पंचायत, यूरिया पंचायत, हैसल पंचायत, हिरही पंचायत, मन्हो पंचायत, जोरी पंचायत, आकोर्सा पंचायत, बाघ पंचायत, रामपुर पंचायत, भट्ट खिजरी पंचायत, तिगरा पंचायत, के राम भक्त शामिल हुए। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, सतीश जसवाल, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार, नवल अग्रवाल, राम भक्त श्याम नंदन पाठक, बजरंग दल नगर सहसंयोजक राजकुमार साहू, बजरंग दल सा गौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप, हसमुख बर्मा, धनंजय अग्रवाल, रमेश चंद्र कुंवर, प्रणव पाठक, कृष्ण सिंह, देवेंद्र प्रसाद साहू, शशि सिंह, अनिल प्रजापति, कुलदीप सिंह, विनीत कुमार साहू, विनोद साहू, दीपक कुमार, पंकज साहू, राहुल साहू उपस्थित थे।

# अबुआ आवास के अनुमोदन के लिए ग्रामसभा आयोजित

**भंडरा।** प्रखंड के भंडरा एवं भीठा पंचायत में शुक्रवार को अबुवा आवास योजना के अनुमोदन के लिए भंडरा, कसपुर, पझरी, भीठा, कचमची, तेतरपोंका, धोबाली में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य समेत अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे। भंडरा ग्राम सभा में मुखिया इंद्रदेव उरांव ने कहा कि योग्य आवेदकों को सूची के आधार पर आवास का आवंटन किया जाएगा। लाभुक सीधे कार्यालय से संपर्क करें। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा कि अबुवा आवास में बिचौलियों के माध्यम से आवास लेने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने आवेदन जमा किया, जिसे आन द स्पाट अनुमोदित किया गया। बीडीओ ने कहा कि पूर्व में जिन्हें इसके तहत आवास आवंटित किया गया है वे अबुवा आवास योजना में आवेदन जमा ना करें।

**आगमन** सैलानियों की उमड़ती है भीड़, दूर दूर से आते हैं पर्यटक

# नववर्ष पर आकर्षित करेगा धरधरिया जलप्रपात

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत अरु चटकपुर गाँव के समीप जंगलों पहाड़ों में स्थित धरधरिया जलप्रपात पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने के बाबजूद विकास का अभाव है। वही पर्यटकों का प्रत्येक वर्ष नया साल में 1 जनवरी को सैलानियों की भीड़ उमड़ती है। धरधरिया जलप्रपात के अलावे सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पठारी इलाके में ऐसे कई स्थान हैं, जो पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हुए हैं। इन सभी स्थानों पर वर्षो पूर्व से सैलानियों का आवगमन रहने के बावजूद यातायात में कठिनाई होती थी। इस पर धीरे-धीरे ग्रामीण व जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट हुआ और श्रम दान कर पथ की मरम्मत कराई गई। इसकी सूचना प्रकाशित होने पर झारखंड सरकार द्वारा इस क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास का कदम उठाया गया।



हालांकि आज भी मूलभूत सुविधाओं से पर्यटक स्थल धरधरिया जलप्रपात कोसों दूर है। विदित हो कि विकास के नाम पर सैलानियों के लिए यात्री शेड जगह जगह पर बनाए गए हैं। कुर्सी, स्टिक लाइट की व्यवस्था हुई है। लेकिन कूड़ेदान के अभाव में धरधरिया जलप्रपात के आसपास गंदगी फैली हुई है। उसी तरह अलौदी पंचायत स्थित पर्यटन स्थल चंदवा गढ़गांव, जहां 1200 फीट ऊंचे पहाड़ के ऊपर गुफा में स्थित भगवान शंकर का शिवलिंग स्थित है, जिसका दर्शन सावन माह में किया जाता है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को दूर दूर से भक्तजन आते हैं। कोराम्बे महाप्रभु मन्दिर और राजा रानी पहाड़ भी विकसित हो रहा है, परंतु पूर्ण विकास का अभाव आज भी है। प्रखंड क्षेत्र का ही नहीं, जिला का भी सबसे मुख्य पर्यटक स्थल धरधरिया जलप्रपात प्रखंड क्षेत्र के पश्चिम में लगभग प्रखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र उरू चटकपुर के समीप मनमोहक वादियों में स्थित है। इसका प्राकृतिक बनावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां 1 जनवरी या अन्य दिनों में भी लोग बड़ी संख्या में पिकनिक मनाने और घूमने दूर-दूर से आते हैं। यहां आने के लिये सड़क का अभाव है। धरधरिया जलप्रपात तक सैलानियों को आने में काफी परेशानी होती है। सड़क नहीं रहने के कारण लोग आना पसंद नही करते हैं।

बिशु उरांव, लालकु महतो, राजेश महतो, सुदीप उरांव, उमेश उरांव, पूर्व मुखिया रेखा देवी सहित अन्य स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि पर्यटक स्थल धरधरिया जलप्रपात के सुंदरीकरण हेतु मूलभूत सुविधा के साथ निगरानी समिति का चयन हो, जिससे सैलानियों को सुविधा मिल सके और लोग धरधरिया जलप्रपात को देखने के लिये आना जाना पसंद करेंगे। वहीं सड़क बन जाने से ग्रामीणों को प्रखंड व जिला मुख्यालय या बाजार, अस्पताल आने जाने के लिये परेशानी नही होगी।

# अंडर 17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड ने रचा इतिहास

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
बिहार के सारण में 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित 67वीं राष्ट्रिय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-17 बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने हरियाणा को 3-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड द्वारा संचालित आवासीय बालिका फुटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र इंडोर स्टेडियम गुमला की 7 ट्रेनी अलका इंदवार, एलिजाबेथ लकड़ा, साऊलीना डुंग डुंग, बिनीता होरो, रेस्मी मिंज , सूरज मुनी कुमारी अनिता, डुंग डुंग ने फिर से गुमला जिला का नाम रोशन किया।




## उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
## (एन०आर०ई०पी०, शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–09 / 2023–24**

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 08.01.2024 कार्यालय दिवस में 10.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराहन तक।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 09.01.2024 3.00 बजे अपराहन तक।
निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक– 09.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड– लातेहार, पंचायत– परसही, ग्राम– परसही में चुरूरवा नाला पर 01 स्पेन का पुलिया निर्माण। | 23,85,500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | प्रखंड– लातेहार, पंचायत– परसही, ग्राम– परसही में विवाह मंडप के पास कर्ल्भट एवं गार्डवाल निर्माण। | 23,46,500.00 | 47000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | प्रखंड– हेरहंज, पंचायत– चीरू, ग्राम– हुम्बु में करीवा यादव के घर से टोंगरी पथ तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 19,00,400.00 | 38000.00 | 5000.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग / पथ निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्ते https://latehar.nic.in एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

PR.NO.314686 Rural Development(23-24):D



## समाहरणालय, लातेहार (भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VII

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा** (अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या– 615 / भू0 अ0 दिनांक–23.12.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–ओल्हेपाट थाना नं0–200 राजस्व थाना–बालुमाथ जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–सासंग(एन0एच0–75पर) ब्रहमणी –सेरक मासियातु–ओल्हेपाट –पचफेडी (एस0एच0–10 पर) पथ निर्माण अपेक्षित है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–ओल्हेपाट थाना नं0–200 राजस्व थाना–बालुमाथ जिला लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**3.38** एकड़ मानक माप का भूखंड, अधिघोषणा अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओलहेपाट | 2 | 385 | धान दो | 0.044 | जलील मियां पिता स्व0 अब्दुल मियां | 384 | 615 | 386 | 387 |
| 2 | ओलहेपाट | 2 | 404 | | 0.035 | तदैव | | | | |
| 3 | ओलहेपाट | 2 | 405 | | 0.25 | तदैव | | | | |
| 4 | ओलहेपाट | 11 | 615 | टाड़ दो | 0.058 | बुधन तुरी वो कृष्णा तुरी वो नन्का तुरी पिता स्व0 धुजा तुरी वो रमेष तुरी पिता स्व0 भुखन तुरी वो रामदेव तुरी वो जमुना तुरी वो कजरू तुरी पिता स्व0 कैला तुरी वो हरदयाल तुरी वो सुरेष तुरी वो महेन्द्र तुरी वो बुधराम तुरी पिता स्व0 महादेव तुरी | 614 | 644 | 616 | 617 |
| 5 | ओलहेपाट | 11 | 644 | टाड़ दो | 0.027 | तदैव | 643 | 744 | 645 | 646 |
| 6 | ओलहेपाट | 11 | 744 | परती काबिल आबाद | 0.060 | तदैव | 743 | 387 | 745 | 746 |
| 7 | ओलहेपाट | 15 | 387 | टाड़ दो | 0.025 | चरका पाहन वो नन्कु पाहन पिता स्व0 मिटकी पाहन | 386 | 416 | 388 | 389 |
| 8 | ओलहेपाट | 15 | 416 | टाड़ दो | 0.190 | चरका पाहन वो नन्कु पाहन पिता स्व0 मिटकी पाहन | 415 | 716 | 417 | 418 |
| 9 | ओलहेपाट | 16 | 716 | टाड़ दो | 0.170 | चरन पाहन वो भूखल पाहन पिता पूरन पाहन वगैरह | 715 | 692 | 717 | 718 |
| 10 | ओलहेपाट | 18 | 692 | टाड़ दो | 0.035 | जगेसर गंझू वो देवधारी गंझू पिता बुधन गंझू वगैरह | 691 | 737 | 693 | 694 |
| 11 | ओलहेपाट | 18 | 737 | टाड़ दो | 0.030 | तदैव | 736 | 751 | 738 | 739 |
| 12 | ओलहेपाट | 18 | 751 | टाड़ दो | 0.04 | तदैव | 750 | 753 | 752 | 753 |
| 13 | ओलहेपाट | 18 | 753 | टाड़ दो | 0.06 | तदैव | 752 | 754 | 754 | 755 |
| 14 | ओलहेपाट | 23 | 754 | टाड़ दो | 0.03 | जटहा गंझू पिता जुंगी गंझू | 753 | 395 | 755 | 756 |
| 15 | ओलहेपाट | 33 | 629 | टाड़ दो | 0.068 | कृष्णा लोहरा पिता स्व0 कुलेष्वर लोहरा वो विरेन्द्र लोहरा पिता स्व0 राजेन्द्र लोहरा वो जुलेष्वर लोहरा वो ललित लोहरा पिता स्व0 पाल्ही लोहार वो जगदेव लोहार पिता स्व0 कजरू लोहार | 628 | 732 | 630 | 631 |
| 16 | ओलहेपाट | 33 | 732 | टाड़ दो | 0.09 | तदैव | 731 | 419 | 733 | 734 |
| 17 | ओलहेपाट | 41 | 419/1 | टाड़ दो | 0.08 | ईनामूल मियां | 418 | 613 | 420 | 421 |
| 18 | ओलहेपाट | 41 | 419/2 | टाड़ दो | 0.16 | चरका पाहन वो नन्कु पाहन पिता स्व0 मिटकी पाहन | 418 | 613 | 420 | 421 |
| 19 | ओलहेपाट | 43 | 613 | टाड़ दो | 0.018 | त्रिवेणी गंझू वगैरह पिता स्व0 बाढो गंझू वो बालकिसुन गंझू वो नामधारी गंझू वो जगरनाथ गंझू पिता स्व0 लखन गंझू वो मंगर गंझू वो सुखदेव गंझू पिता स्व0 कोईली गंझू बगैरह | 612 | 614 | 614 | 615 |
| 20 | ओलहेपाट | 46 | 614 | टाड़ दो | 0.01 | तदैव | 613 | 347 | 615 | 616 |
| 21 | ओलहेपाट | 49 | 347 | पुरानी परती काबिल आबाद | 0.21 | वालो तुरी वो रामधनी तुरी वो गोविन्द तुरी पिता कलिया तुरी वगैरह | 346 | 643 | 348 | 349 |
| 22 | ओलहेपाट | 55 | 643 | टाड़ दो | 0.02 | तदैव | 642 | 742 | 644 | 645 |
| 23 | ओलहेपाट | 55 | 742 | टाड़ दो | 0.04 | तदैव | 741 | 743 | 743 | 744 |
| 24 | ओलहेपाट | 55 | 743 | टाड़ दो | 0.04 | तदैव | 742 | 390 | 744 | 745 |
| 25 | ओलहेपाट | 58 | 390 | टाड़ दो | 0.06 | जगदीष लोहार पिता बबुना लोहार वगैरह | 389 | 408 | 391 | 392 |
| 26 | ओलहेपाट | 58 | 408 | टाड़ दो | 0.03 | जगदीष लोहरा पिता बबुना लोहरा वगैरह | 407 | 411 | 409 | 410 |
| 27 | ओलहेपाट | 58 | 411 | टाड़ दो | 0.02 | तदैव | 410 | 414 | 412 | 413 |
| 28 | ओलहेपाट | 58 | 414 | टाड़ दो | 0.02 | तदैव | 413 | 733 | 415 | 416 |
| 29 | ओलहेपाट | 58 | 733 | टाड़ दो | 0.03 | तदैव | 732 | 391 | 734 | 735 |
| 30 | ओलहेपाट | 71 | 391 | टाड़ दो | 0.07 | गुजरा लोहर वो हरिलाल लोहर वगैरह पिता स्व0 बन्धुआ लोहार वो लालचन्द लोहरा वो नान्हू लोहरा वो बालेष्वर लोहरा पिता स्व0 बालदेव लोहार वो बिरजु लोहार पिता स्व0 महेष लोहार वो कबुतरी देवी पति स्व0 जमुना लोहार | 390 | 413 | 392 | 393 |
| 31 | ओलहेपाट | 71 | 413 | टाड़ दो | 0.09 | तदैव | 412 | 458 | 414 | 415 |
| 32 | ओलहेपाट | 71 | 458 | धान एक | 0.10 | तदैव | 457 | 731 | 459 | 460 |
| 33 | ओलहेपाट | 71 | 731 | धान एक | 0.02 | तदैव | 730 | 322 | 732 | 733 |
| 34 | ओलहेपाट | 71 | 388 | | 0.09 | कैइला लोहार पिता स्व0 राजेन्द्र लोहार | | | | |
| 35 | ओलहेपाट | 72 | 322 | टाड़ दो | 0.010 | लाल विजय नाथ साहदेव पिता स्व0 लाल लक्ष्मी नारायण नाथ साहदेव | 321 | 333 | 323 | 324 |
| 36 | ओलहेपाट | 72 | 370 | टाड़ दो | 0.01 | तदैव | 369 | 372 | 371 | 372 |
| 37 | ओलहेपाट | 72 | 372 | टाड़ दो | 0.010 | तदैव | 371 | 407 | 373 | 374 |
| 38 | ओलहेपाट | 72 | 407 | टाड़ दो | 0.16 | तदैव | 406 | 417 | 408 | 409 |
| 39 | ओलहेपाट | 72 | 417 | टाड़ दो | 0.08 | तदैव | 416 | 634 | 418 | 419 |
| 40 | ओलहेपाट | 72 | 634 | टाड़ दो | 0.05 | तदैव | 633 | 693 | 635 | 636 |
| 41 | ओलहेपाट | 72 | 693 | टाड़ दो | 0.06 | तदैव | 692 | 719 | 694 | 695 |
| 42 | ओलहेपाट | 72 | 719 | टाड़ दो | 0.03 | तदैव | 718 | 720 | 720 | 721 |
| 43 | ओलहेपाट | 72 | 720 | रास्ता | 0.04 | तदैव | 719 | 723 | 721 | 722 |
| 44 | ओलहेपाट | 72 | 723 | टाड़ दो | 0.02 | तदैव | 722 | 727 | 724 | 725 |
| 45 | ओलहेपाट | 72 | 727 | टाड़ दो | 0.06 | तदैव | 726 | 752 | 728 | 729 |
| 46 | ओलहेपाट | 72 | 752 | टाड़ दो | 0.08 | तदैव | 751 | 755 | 753 | 754 |
| 47 | ओलहेपाट | 72 | 755 | टाड़ दो नई परती | 0.02 | तदैव | 754 | 756 | 756 | 757 |
| 48 | ओलहेपाट | 72 | 756 | टाड़ दो | 0.02 | तदैव | 755 | 757 | 757 | 758 |
| 49 | ओलहेपाट | 72 | 757 | टाड़ दो | 0.11 | तदैव | 756 | 758 | 758 | 759 |
| 50 | ओलहेपाट | 72 | 758 | टाड़ दो | 0.05 | तदैव | 757 | 889 | 759 | 760 |
| 51 | ओलहेपाट | 74 | 888 | मकान मय सहन | 0.02 | समीना खातुन पति खलिल मियां | 888 | 386 | 890 | 891 |
| 52 | ओलहेपाट | 74 | 889 | टाड़ एक | 0.23 | समीना खातुन पति खलिल मियां | 888 | 386 | 890 | 891 |
| | कुल– | | | | **3.38** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–शून्य

ग्राम–ओल्हेपाट थाना नं0–200 राजस्व थाना–बालुमाथ जिला लातेहार क्षेत्रफल–**3.38** एकड़ यानि–1.37 हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार उपर दिये गये हैं :– शून्य

ह0 / –
उपायुक्त, लातेहार

PR 314556 Land Reforms (23-24)_D

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC



**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**


- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### जेपी नड्डा से मिले राजभर कहा यूपी, बिहार व लोस चुनाव को ले हुई बातचीत



**नई दिल्ली।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ सरकार में फिर से मंत्री बनने को लेकर लॉबिंग कर रहे ओम प्रकाश राजभर की जेपी नड्डा के साथ इस मुलाकात को उत्तर प्रदेश की राजनीति के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। योगी सरकार में फिर से मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज राजभर अब 2024 में लोक सभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। हालांकि ओम प्रकाश राजभर ने जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की तस्वीरों को एक्स पर पोस्ट करते हुए स्वयं इस मुलाकात का एजेंडा भी बता दिया। राजभर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात कर उत्तर प्रदेश और बिहार के राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की।

### आंध्र में एक ही परिवार के 4 लोगों ने की आत्महत्या

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली जिले में एक परिवार के चार सदस्यों की कथित आत्महत्या में मौत हो गई, जबकि पांचवां सदस्य जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। पुलिस के मुताबिक, अनाकापल्ली शहर में एक सुनार ने अपनी पत्नी और तीन बेटियों के साथ गुरुवार रात अपने घर पर कथित तौर पर साइनाइड खा लिया। शिव रामकृष्ण (40), उनकी पत्नी माधवी (38), बेटियां वैष्णवी (16) और लक्ष्मी (13) की अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई। दंपति की सबसे छोटी बेटी कुसुमप्रिया को अनकापल्ली सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसकी हालत गंभीर बताई गई है।

### देश में जेएन.1 के 145 मामले आए सामने, 5 मरीजों की मौत



**नई दिल्ली।** देश में पिछले 225 दिनों के दौरान गुरुवार को एक दिन में कोरोना के सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 797 नए मामले सामने आए हैं और 5 मरीजों की मौत दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में 4091 एक्टिव मामले हैं। इसके साथ कोरोना के नए वेरियंट जेएन.1 के 145 मामले सामने आए हैं। नए वेरियंट के सबसे ज्यादा मामले केरल और कर्नाटक से दर्ज किए गए हैं।

### केंद्र ने लद्दाख में 1170 करोड़ की 29 सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में राज्य राजमार्ग, प्रमुख एवं अन्य जिला सड़कों सहित 29 सड़क परियोजनाओं के लिए 1170.16 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इसके अतिरिक्त वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरआईएफ योजना के तहत 8 पुलों के लिए 181.71 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सबसे कम आबादी वाला एवं क्षेत्रफल के हिसाब से देश का सबसे बड़ा केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख अनुमोदित पहलों के माध्यम से अपने दूरदराज के गांवों तक बेहतर कनेक्टिविटी का गवाह बनेगा।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी वंदे भारत-2

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे 6 ट्रेनों का उद्घाटन
- वंदे भारत 2.0 में ब्रेक सिस्टम इलेक्ट्रो न्यूमेटिक

■ यह ब्रेक डिस्क सीधे व्हील डिस्क पर लगती है ■ हर कोच में 32 यात्री सूचना-इंफोटेनमेंट सिस्टम लगे हैं ■ 1128 लोगों के बैठने की है क्षमता

**बंद की स्थिति से मात्र 129 सेकेंड में 160 किमी की रफ्तार हासिल करता है**





### बेहतर ताप वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग प्रणाली की सुविधा

### रियर व्यू कैमरा सहित चार प्लेटफार्म साइड कैमरे लगे हैं

**एजेंसी। अयोध्या**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की नई पीढ़ी की सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत 2.0 की 6 नई ट्रेनों का उद्घाटन करेंगे। इनमे श्री माता वैष्णो देवी कटरा- नई दिल्ली, अमृतसर - दिल्ली जं., कोयंबटूर - बेंगलुरू, मंगलुरु - मुडगांव, जालना - मुंबई और अयोध्या धाम जं. - आनंद विहार टर्मिनल के बीच छह और वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के लिए तैयार है। नई शुरू की गई वंदे भारत ट्रेनों में से तीन उत्तर रेलवे द्वारा चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से पवित्र शहरों अयोध्या, श्री माता वैष्णो देवी कटरा और अमृतसर की यात्रा करने वाले यात्रियों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' के विजन को ध्यान में रखते हुए, ट्रेन की मुख्य प्रणालियों को देश में भारतीय रेलवे की प्रमुख कोच निर्माण इकाई 'इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई में डिजाइन और निर्मित किया गया है। इसमें बेहतर डिजाइन, इंटीरियर और स्पीड है, जिनसे यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिलेगा।

### ट्रेन कवच तकनीक से है सुसज्जित

ट्रेन सबसे उन्नत सुरक्षा सुविधाओं और कवच तकनीक से भी सुसज्जित है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में 16 कोच की चेयर कार कॉन्फिगरेशन है, जिसमें स्टेनलेस स्टील कार बॉडी और 1128 की बैठने की क्षमता है। इनकी गति सीमा 160 किमी प्रति घंटे की होगी। उन्नत अत्याधुनिक सस्पेंशन प्रणाली यात्रियों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा और बेहतर सवारी आराम सुनिश्चित करेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस में लगातार खिड़कियां हैं जो ट्रेन के सौंदर्य को बढ़ाती हैं। ट्रेन की रंग योजना के साथ-साथ आंतरिक सज्जा को आधुनिक ट्रेन सेट की समग्र थीम के अनुरूप विकसित किया गया है। ट्रेन में बेहतरीन यात्री सुविधाएं हैं, जैसे ऑन-बोर्ड वाई-फाई इंफोटेनमेंट, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, आलीशान आंतरिक सज्जा, टच फ्री सुविधाओं के साथ बायो-वैक्यूम शौचालय, विसरित एलईडी लाइटिंग, हर सीट के नीचे चार्जिंग पॉइंट, व्यक्तिगत टच आधारित रीडिंग लाइट और छुपा हुआ रोलर ब्लाइंड हवा की रोगाणु मुक्त आपूर्ति के लिए यूवी लैंप के साथ बेहतर ताप वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग प्रणाली की सुविधा भी है।



### मैट्रो की तरह दोनों छोरों पर दो ड्राइवर कैब

वंदे भारत एक्सप्रेस के दोनों छोर पर दो ड्राइवर कैब कोच हैं जो इसे गंतव्य पर तेजी से पहुंचने में सक्षम बनाते हैं। ड्राइवर कैब का वायुगतिकीय आकार (नोज कोन) हवा के खिंचाव को कम कर ऊर्जा की आवश्यकता को महत्वपूर्ण रूप से बचाएगा। वंदे भारत 2.0 में ब्रेक सिस्टम इलेक्ट्रो न्यूमेटिक है, जिसमें ब्रेक डिस्क सीधे व्हील डिस्क पर लगाई जाती है, जिससे ब्रेकिंग दूरी कम हो जाती है। दिव्यांगजन यात्रियों के लिए विशेष शौचालय बनाए गए हैं। स्पर्श-मुक्त सुविधाओं के साथ बायो वैक्यूम शौचालय भी मौजूद हैं। साथ ही सीट हैंडल पर सीट नंबर ब्रेल अक्षरों में भी दिए गए हैं। हर कोच में 32 यात्री सूचना और इंफोटेनमेंट सिस्टम लगा है। ट्रेन में कवच (ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली) लगाई गई है। प्रत्येक कोच में आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था की गई है। कोच के बाहर रियर व्यू कैमरे सहित 4 प्लेटफार्म साइड कैमरे लगाए गए हैं।

# पीएम का वेलफेयरिज्म मॉडल एक केस स्टडी : शिक्षा मंत्री

## आईआईएम के छात्रों से 'विकसित भारत 2047' पर की चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वेलफेयरिज्म मॉडल एक केस स्टडी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईएम के छात्रों से चर्चा के दौरान यह बात कही। वह 'विकसित भारत 2047' छात्र समुदाय के साथ बातचीत कर रहे थे। इस चर्चा का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत में शैक्षिक और कौशल विकास परिदृश्य को आकार देना है। छात्रों के साथ चर्चा सरकार के इस दीर्घकालिक दृष्टिकोण और इसकी कई पहलों के इर्द-गिर्द घूमती रही, जो शैक्षिक परिदृश्य को राष्ट्र के समग्र व्यापक लक्ष्यों को केंद्र में रखते हुए हुई। इस अवसर पर प्रधान



ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन दर्शन, समाज के निचले पायदान पर मौजूद लोगों के उत्थान के दृष्टिकोण, सबका साथ-सबका विकास मॉडल, मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा देने और भारतीयता से गौरव, प्रेरणा और आत्मविश्वास प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री का वेलफेयरिज्म मॉडल एक केस स्टडी है। प्रधान ने संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों को इसकी सूक्ष्मता से जांच करने और जम्मू और कश्मीर के अद्वितीय प्रस्तावों और संभावनाओं पर दीर्घकालिक केस स्टडी के साथ आने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने अगले 25 वर्षों के महत्व पर भी जोर दिया जब सबका प्रयास (सभी की भागीदारी) के साथ, विकसित भारत @2047 का लक्ष्य साकार होगा। छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए, उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहल का उल्लेख किया। जिसे सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के एक हिस्से के रूप में शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए योजना बना रही है और लागू कर रही है। बातचीत के दौरान, प्रधान ने शिक्षा के समग्र विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व का भी उल्लेख किया। अपनी यात्रा के दौरान, धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईएम जम्मू के जगती परिसर के निर्माण की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और भविष्य के नेताओं को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया गया। उन्होंने संस्थान में अत्याधुनिक पुस्तकालय का भी दौरा किया और एक व्यापक शिक्षण ईकोसिस्टम प्रदान करने के लिए वहां उपलब्ध उन्नत सुविधाओं की सराहना की।

## पीएम ने किया मदन मोहन मालवीय वाड्मय का लोकार्पण

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतरत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जयंती के अवसर पर महामना मालवीय मिशन द्वारा संपादित और प्रकाशन विभाग भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 'पंडित मदनमोहन मालवीय संपूर्ण वांगमय' के एकादश खंड की प्रथम श्रृंखला का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। मंच पर सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष एवं वाड्मय प्रधान संपादक पद्मश्री राम बहादुर राय, पण्डित मदनमोहन मालवीय सम्पूर्ण वाड्मय परियोजना के कार्यकारी अध्यक्ष इंजीनियर हरिशंकर सिंह तथा कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, महामना मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नारायण श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय महामंत्री वेद प्रकाश सिंह उपस्थित थे। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित इस भव्य समारोह में अनेक विश्वविद्यालयों के कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र, महामना मालवीय मिशन की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी सम्मिलित हुए हुए। समारोह में देश भर के पूर्व राजघरानों के वर्तमान उत्तराधिकारियों को आमंत्रित किया गया था, जिन्हें मंच के सामने प्रथम पंक्ति में विशेष आमंत्रित की एक अलग श्रेणी में बैठाया गया था। बलरामपुर-नरेश महाराजाधिराज जयेंद्र प्रताप सिंह, कोटा-नरेश महाराजाधिराज इज्यराज सिंह, महारानी कल्पना देवी, डूंगरपुर-नरेश महाराज डॉ. मानवेन्द्र सिंह, खरारी स्टेट युवराज डॉ.शूलपाणि सिंह, कुमार अंकित प्रताप सिंह, सुप्रिया सिंह बूंदी-नरेश महाराजाधिराज वंशवर्धन सिंह, कालाकांकर की राजकुमारी एवं प्रतापगढ़ की महारानी रत्ना सिंह, युवराज भुवन्यु सिंह, दरभंगा-नरेश महाराजाधिराज कपिलेश्वर सिंह, आनापुर-नरेश डॉ. वैदूर्य प्रताप शाही, अहमदाबाद उदय माहुरकर, देवगढ़ अगोरी बडहर के कुमार जितेन्द्र कुमार सिंह, रश्मि वर्मा शिकारपुर स्टेट आदि राजपरिवार के गणमान्य सदस्य बैठे थे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में राजपरिवार के आमंत्रित सदस्यों को भारत सरकार के केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के द्वारा अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। पद्मश्री राम बहादुर राय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा था कि वर्ष 2023 दो बातों के लिए याद किया एक मोदी की गारंटी और दूसरा वांग्मय का विमोचन।

## कनाडा में मंदिर अध्यक्ष के बेटे के घर फायरिंग

**एजेंसी। ओटावा**

कनाडा के सरे में अज्ञात हमलावरों ने एक हिंदू मंदिर के अध्यक्ष के बेटे के आवास पर 14 राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। सरे रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की तरफ से हमले की पुष्टि करते हुए बताया गया है कि लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार के बेटे के आवास पर यह फायरिंग की गई। घटना 27 दिसंबर को सुबह 8 बजे की है। इसे लेकर जांच एजेंसी ने लोगों से पूछताछ की है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है। उल्लेखनीय है कि सरे में पहले भी हिंदू समुदाय और हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा चुका है।

### सुरई और किलपुरा रेंज में एक बाघ व हाथी की मौत

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के तराई पूर्वी वन क्षेत्र के सुरई रेंज में एक बाघ की मौत हो गई है। साथ ही किलपुरा रेंज में एक हाथी की भी मौत हो गई है। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई बाघ और हाथी की मौत से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। जिस बाघ का शव मिला है वो नर बाघ है और उसकी उम्र 12 साल थी। वहीं किलपुरा रेंज में जिस हाथी का शव मिला है वो भी नर है और उसकी उम्र 15 साल थी।

**पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोहरा झटका**

## अब अमेरिकी राज्य मेन ने भी अयोग्य ठहराया

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों को फिर बड़ा झटका लगा है। दोबारा राष्ट्रपति बनने का सपना देख रहे ट्रंप को लेकर अमेरिकी राज्य मेन की शीर्ष चुनाव अधिकारी ने फैसला सुनाया है कि वे 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में शामिल नहीं हो सकते। मेन राज्य की सेक्रेटरी ऑफ स्टेट शेना ली बेलोज ने



2021 के कैपिटल हिल दंगे में ट्रंप की भूमिका को लेकर यह फैसला सुनाया है। बेलोज ने 34 पन्नों के फैसले में लिखा है कि अमेरिकी संविधान हमारी सरकार की नींव पर हमले को बर्दाश्त नहीं करता। निष्कर्ष निकाला गया है कि ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में झूठे दावे के जरिये विद्रोह को उकसाया और अपने समर्थकों से यूएस कैपिटल पर मार्च का आह्वान किया। इस फैसले के बाद रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए ट्रंप अमेरिकी राज्य मेन में होने वाले प्राइमरी चुनाव में भाग नहीं ले सकते। मेन दूसरा राज्य है जिसने ट्रंप को चुनाव में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया है।

### ईपीएफओ के दो अधिकारी समेत 3 लोग एक जनवरी तक पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नासिक जिले से रिश्वतखोरी के आरोप में गुरुवार को पकड़े गए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय आयुक्त, प्रवर्तन अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति को स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को एक जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सीबीआई ने दो लाख रुपये की रिश्वतखोरी के आरोप में इन तीनों को गिरफ्तार किया था।

**नई पहल** विभिन्न देशों के रक्षा सहयोग से किसी तीसरे देश के हितों व क्षेत्रीय शांति को नुकसान नहीं पहुंचे

# भारत-फिलीपींस संयुक्त अभ्यास से चीन परेशान

**एजेंसी। नई दिल्ली**


भारत और फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में किए गए नौसैनिक अभ्यास से चीन परेशान है। नाराज चीन ने इस पर कहा कि विभिन्न देशों के बीच रक्षा सहयोग से किसी तीसरे देश के हितों व क्षेत्रीय शांति को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। पिछले दिनों भारतीय नौसेना का जहाज 'आईएनएस कदमत्त' अपने एक ऑपरेशन के तहत फिलिपींस पहुंचा था। यह नौसैनिक जहाज फिलीपींस से निकलने के बाद दक्षिण चीन सागर में एक महत्वपूर्ण संयुक्त सैन्य अभ्यास का हिस्सा बना। नौसेना का जहाज 'आईएनएस कदमत्त' स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित पनडुब्बी रोधी समुद्री युद्धपोत है, जो अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी वेपन सूट से सुसज्जित है।



रक्षा मंत्रालय के मुताबिक वर्तमान में चल रही लंबी दूरी की ऑपरेशन तैनाती के एक हिस्से के रूप में 'आईएनएस कदमत्त' फि लिपींस की राजधानी मनीला पहुंचा था। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और फि लिपींस के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना था। मनीला से प्रस्थान के बाद दक्षिण चीन सागर में 'आईएनएस कदमत' व फि लिपींस नौसेना के अपतटीय गश्ती जहाज बीआरपी रेमन अलकराज के बीच समुद्री साझेदारी अभ्यास आयोजित किया गया। अब चीन, भारत और फिलीपींस के अभ्यास व फ्रांसिसी नौसेना के साथ प्रस्तावित फिलीपींस के हवाई अभ्यास पर प्रश्न उठा रहा है। चीनी मीडिया में चाईनीज रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन ने सदैव इस बात पर जोर दिया है कि संबंधित देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए या क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान नहीं होना चाहिए। यह पहला अवसर नहीं है जब चीन ने ऐसा रुख अपनाया है, बल्कि फिलीपींस व अन्य देशों के बीच सैन्य सहयोग को लेकर चीन भड़कता रहा है। दक्षिण चीन सागर के हिस्सों पर फिलीपींस और चीन की नौसेना अपने-अपने दावे करती है। हाल ही में फिलीपींस की नौसेना ने आरोप लगाया था कि चीन के नौसैनिक जहाजों ने उसके जहाजों पर पानी की बौछारों से हमला किया था। चीन, दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है। जबकि दूसरी ओर फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी इस क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं।

**फिल्म जगत**

## अरबाज खान के बाद अब मलाइका अरोड़ा भी दूसरी शादी के लिए तैयार



**एक्टर** अरबाज खान ने कुछ दिन पहले ही शादी कर सबको चौंका दिया। मलायका अरोड़ा के साथ तलाक के बाद अरबाज की जिंदगी में जॉर्जिया आईं। कई सालों तक एक-दूसरे को डेट के बीच उनके ब्रेकअप की भी चर्चा हुई। अब अरबाज खान ने मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ दूसरी जिंदगी शुरू की है। अब अरबाज के बाद क्या मलाइका अरोड़ा भी दूसरी शादी करेंगी, इसका जवाब उन्होंने खुद एक रियलिटी शो में दिया है। डांस शो 'झलक दिखला जा' में मलाइका अरोड़ा जज की भूमिका निभाती हैं। इन में फराह खान, मलाइका से पूछती है, 'क्या मलायका 2024 में सिंगल पेरेंट से डबल पेरेंट में होने वाली है।' इस पर मलाइका कहती हैं, कि अगर कोई पूछेगा तो मैं जरूर शादी करूंगी।' तो फराह कहती हैं, 'कोई नहीं है, बहुत हैं।' इस पर मलाइका कहती हैं, 'तो अगर कोई मुझसे शादी के लिए पूछेगा तो मैं हां कह दूंगी।' फराह कहती हैं, 'तो अगर कोई पूछेगा तो क्या आप उससे शादी करेंगी।' इस पर सभी हंसते हैं। अरशद वारसी मुस्कुराते हुए कहते हैं कि ये गलत है। फिलहाल "झलक दिखला जा" का ये प्रोमो वायरल हो रहा है। मलायका और अर्जुन कपूर काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि क्या दोनों कम से कम 2024 में शादी करेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**आबादी को घटाने और...**
बीच बीते नवंबर में प्रधानमंत्री मोदी एवं शेख हसीना ने आभासी रूप से सीमा पार अखौरा-अगरतला रेलवे लाइन का उद्घाटन किया, जो पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश से जोड़ता है। इससे अगरतला और कोलकाता के बीच की यात्रा का समय भी कम होगा। जी-20 शिखर सम्मेलन से अलग भारत-बांग्लादेश ने तीन सहमति पत्रों पर भी हस्ताक्षर किए। पाकिस्तान के साथ संबंध अभी अनिश्चित बने हुए हैं, लेकिन अफगानिस्तान को भारत की मानवीय सहायता जारी है। राजनीति से परे भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मणिपुर में जो हुआ, वह फिर कभी न हो। भारत के ओलंपिक विजेताओं को अपनी आवाज सुनाने के लिए हफ्तों तक धरने पर नहीं बैठना पड़ता, उनकी चिंताओं का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है, वे सम्मान के पात्र हैं। आतंकी पन्नू के कारण भारत और अमेरिका के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी पटरी से उतरने की संभावना नहीं है। कनाडा खालिस्तानी कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। अमेरिका और कनाडा, दोनों को खालिस्तानी कट्टरपंथियों पर लगाम लगानी चाहिए, जो भारतीय राजनयिकों को धमकी दे रहे हैं। अगस्त में भारत ने सफल चंद्रयान-3 मिशन के तहत यान को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराई, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। दुनिया के सबसे तेज 5जी रोलआउट को हासिल कर के भारत ने एक और रिकॉर्ड बना लिया है। यह नेटवर्क देश के 738 जिलों और लगभग 100 मिलियन यूजर्स को सेवा देता है। बिकने या बंदी के कगार पर खड़े एयर इंडिया ने टाटा के अधिग्रहण के बाद दुनिया के सबसे बड़े विमान सौदे की उपलब्धि हासिल की है। दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल पेमेंट भारत में की जा रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित हुए विशाल योग सत्र ने भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। दुनिया की सबसे लंबी नदी क्रूज और भारत की पहली निर्मित क्रूज जहाज एमवी गंगा विलास को लॉन्च किया है। दुनिया के सबसे बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स का सूरत में उद्घाटन किया गया है। इसमें 4,500 से अधिक हीरा व्यापार कार्यालय हैं। वाराणसी में पीएम मोदी ने हाल ही में दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन किया है।

**मुख्यमंत्री नीतीश फिर जदयू...**
उनको केन्द्रीय मंत्री पद से हटाना पड़ा। उसके बाद आरसीपी जदयू से अलग होकर नीतीश व जदयू के विरोध में मुहिम चला रहे हैं।

**ललन फेल हो गए थे :** अब राजीव रंजन सिंह उर्फ.लल्लन सिंह ने इस्तीफा दिया ,उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए नीतीश का नाम आगे किया और पार्टी ने नीतीश के नाम पर मुहर लगा दी।फि लहाल लोकसभा में जदयू सदस्यों की संख्या 16 है। राज्यसभा जदयू के 5 सदस्य हैं। राज्यसभा में पार्टी नेता के तौर पर राम नाथ ठाकुर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राज्यसभा में उपसभापति 9 अगस्त 2018 से हरिवंश नारायण सिंह हैं। वह जदयू के राज्यसभा सांसद हैं और उनका दूसरा कार्यकाल है।वैसे उनके बारे में भाजपा की तरफ होने की बात कही जाने लगी है। रही बात बिहार की ,तो विधानमंडल में विधानसभा सदस्यों की संख्या 45 तथा विधान परिषद सदस्यों की संख्या 24 है। बिहार विधानमंडल दल के नेता नीतीश कुमार हैं।और लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के सहयोग से मुख्यमंत्री हैं। बहुत दिनों से लंबित जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में हुई। जो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की गई। जिसमें ललन सिंह की जगह नीतीश कुमार पार्टी की कमान सौंपी गई।क्योंकि पार्टी नीतीश के चेहरे पर लोकसभा चुनाव में जाने का निर्णय की है । इस पद पर रहते हुए वह बेहतर तरीके से इंडिया एलायंस व राज्य में राजद से तालमेल बना सकेंगे। क्योंकि अथॉरिटी का केन्द्र केवल नीतीश के हाथ में होगा। जिसमें राजीव रंजन उर्फ.ललन सिंह फेल माने गए हैं।

**नीतीश का लक्ष्य विपक्षी गठबंधन का नेता पद या अन्य जगह पोजीशनिंग :** मालूम हो कि नीतीश कुमार पहली बार बिहार विधानसभा में 1985 में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पहुंचे । 1989 में वह लोकसभा सांसद बने। पहले कार्यकाल में ही नीतीश कुमार केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए गये। वर्ष 1991 में फिर लोकसभा चुनाव जीते और राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए। वह 1989 से 2004 तक बाढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुने गये। वह इस दौरान 2001 से 2004 तक कैबिनेट रेल मंत्री थे। नीतीश कुमार सात बार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं। पहली बार मार्च 2000 में मुख्यमंत्री बने। कुछ सांसदों का कहना है कि विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार वही हो सकता है जिसके पास ज्यादा पार्टियों का समर्थन होगा। उसे ही चेहरा बना दिया जाएगा। जहां तक विपक्ष का सवाल है तो हिन्दी बेल्ट के राज्यों में जदयू, राजद , सपा उत्तर भारत के तीन बड़े विपक्षी दल हैं।और इन तीनों में नीतीश सबसे बड़े व अनुभवी तथा महीन , सबसे बात करने वाले नेता हैं। देश में इन दिनों विमर्श पिछड़ा से खिसक कर अति पिछड़ा तथा जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी भागीदारी का चल पड़ा है। ऐसे में उत्तर भारत में तो नीतीश कुमार बेहतर चेहरा हो ही सकते हैं। ये हैं मुख्य दो वजह जिसके कारण नीतीश ने यह चाल चली है। बाकी यह कहना कि ललन ने राजद से प्रगाढ़ता बढ़ा ली है , वह कुछ लोगों को तोड़कर राजद की सरकार बनवा सकते हैं या कुछ लोग टूटकर भाजपा के साथ जा सकते हैं, ऐसा कहने वाले जानते हैं कि लोकसभा चुनाव के पहले ऐसा कुछ भी होगा , तो राज्यपाल के मार्फत केंद्रीय हुक्मरान ,बिहार में राष्ट्रपति शासन लगवा देगा ।तब किसके अधीन राज्य में लोकसभा चुनाव होगा ,तो उसमें क्या होगा ? तब हो सकता है कि राज्य की 40 लोकसभा सीटों में से कुल 40 या उससे एक कम पर भाजपा जीत जाए।

# झांस दे महिला से पर्स व जेवर ले उड़े ठग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में भविष्य बता झांसे में लेकर रुपए व सामान ठगी कर फरार हो जा रहे हैं। ताजा मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हवाई नगर रोड नंबर आठ का है। यहां रहने वाली महिला मधु पांडेय को अपराधियों ने भविष्य बताने का झांसा देकर उनका मोबाइल व जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना गुरुवार की है। इस संबंध में मधु पांडेय में दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ठगों की पहचान करने लिए पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही है।

**देखो दिख रही दुर्गा जी...और लेकर फरार हो गया पर्स :** पीड़िता ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दिन के साढे तीन बजे वह बिरसा चौक दूध लाने के लिए जा रही थी। इसी क्रम में हवाई नगर के पास जब वह हवाई नगर रोड नंबर छह के पास पहुंची। इसी दौरान दो लोग उनके पास पहुंचे और कहा कि वह हरिद्वार से आएं हैं। लोगों का भविष्य देखकर बताते हैं। इसी दौरान दोनों ठगों पीड़िता से डॉ शीतल का पता पूछा। पता बताने के बाद ठगों ने उनसे कहा कि आपके दो बच्चे हैं। यह सुनते ही पीड़िता ठगों के झांसे में गई। इसी दौरान ठगों ने पीड़िता से शरीर में पहने जेवरात खोलकर पर्स में रखने की बात कही। यह भी कहा कि सड़क पर गहने पहनकर नहीं घूमना चाहिए। पीड़िता उनकी बातों आकर सोने का चेन व कान का झुमका को पर्स में रख दिया। इसी बीच ठगों ने पीड़िता को मंदिर की तरफ दिखाकर कहा कि देखो दुर्गा जी दिखाई दे रही है।

## Office Nagar Parishad, Lohardaga
### Notice Inviting Short Tender

**e-Tender Reference No. LNP/ 13/2023-24** **Date- 28-12-2023**

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of P.C.C. road from Praveen oraon house to Bhagwati Devi house , Barun Singh house to Shailender Singh House and Dev Pratap Yadav house to Krishi Market Boundary in ward no 22 | 1989184.00 | 39,784.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 2 | 2 | Construction of P.C.C. road from Shivshanker Chawrisya house to Mahabir oraon house via Swayambhu Mandir , Shachi Devi house to Dillip oraon house and NH Road(Munna Sahu house ) to Teli Dharamsala in ward no 21 | 2475069.00 | 49,502.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 3 | 3 | Construction of P.C.C. road from Lohardaga Nursing home to Parmanand Sahu house via Dewnath oraon house,Bhola Agerwal house to Shiv Agerwal house,Shashi Soni house to Anand Pandit house and Ranjeet Nayak house to Pound in ward no 20 | 2472554.00 | 49,452.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 4 | 4 | Construction of P.C.C. road and R.C.C from Ajay Mittel house to Ajay Park house in ward no 15 | 2072219.00 | 41,445.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 5 | 5 | Construction of P.C.C. road from Munna Market(New road) to Jakir Hussain house and Ashdew Mahato house to Lakhan Prajapati house via sanju singh house in ward no 14 | 2475300.00 | 49,506.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 6 | 6 | Construction of P.C.C. road from 1,Nand kishor Sahu house to Satish Mishra house 2,Duldar kujur house to Basudew oraon house 3,Dular shope(pcc road) to Sobhit Minz house 4,Pound to Karma Munda house. in ward no 22 | 2241440.00 | 44850.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 7 | 7 | Construction of P.C.C. road from Mahabir Sahu house to Sukhnath khesh house via Sanjay Thakur house in ward no 22 | 2474389.00 | 49,488.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 8 | 8 | Construction of P.C.C. road from Police Picket road to Praveen 0raon house via Domonik Xalxo house and Praveen oraon house to NH Road in ward no 22 | 2474389.00 | 49,488.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 01-01-2024 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-01-01-2024 Time 11:00 A.M To Date 18-01-2024 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 01-01-2024 Time 11:30 P.M To Date 18-01-2024 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 19-01-2024 Time 05:00 P.M |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Administrator**
**Nagar Parishad, Lohardaga**

PR 314663 Lohardaga(23-24)#D

## कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### अल्पकालीन निविदा
**(NIT No. - 15/2023-24)**

1. विज्ञापनदाता का नाम — प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि, स्थान एवं समय — दिनांक 11.01.2024 एवं 12.01.2024 तक, कार्यालय अवधि में न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर
3. निविदा प्राप्ती का तिथि, स्थान एवं समय — दिनांक 13.01.2024 के 10.00 बजे पूर्वा0 से 02.00 बजे अप0 तक न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर
4. निविदा खोलने का तिथि, स्थान एवं समय — दिनांक 13.01.2024 को नगर पंचायत, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर में 3.00 बजे अप0 से।

| क्र0 | कार्य का नाम | मद | वार्ड | प्रा0 राशि | परिमाण विपत्र मूल्य | अग्रधन राशि | कार्य पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Road from House of Jalil Miyan to House of Serrajuddin Ansari | शहरी परिवहन | 1 | 561400.00 | 5000.00 | 11300.00 | 2 माह |
| 2 | Construction of PCC Road from House of Mahendra Prasad to Land of Sudhir Prajapati (Bandh) | शहरी परिवहन | 2 | 999300.00 | 5000.00 | 20000.00 | 2 माह |
| 3 | Contruction of PCC Road from House of Kripa Kujur to Bindu Tirkey | शहरी परिवहन | 4 | 998270.00 | 5000.00 | 20000.00 | 2 माह |
| 4 | Construction of PCC Road from Domtoli Pul to Rajendra Choubey | शहरी परिवहन | 7 | 997110.00 | 5000.00 | 20000.00 | 2 माह |
| 5 | Construction of PCC Road from Well of Nandu Saw to House of Pintu Ram | शहरी परिवहन | 10 | 999800.00 | 5000.00 | 20000.00 | 2 माह |
| 6 | Construction of PCC Road from House of Dr Sobran to House Anil Chandravanshi | शहरी परिवहन | 12 | 156490.00 | 1000.00 | 3200.00 | 1 माह |
| 7 | Construction of PCC Road from House of Jitendra Kamlapuri to House of Israfik Chudihar | शहरी परिवहन | 12 | 999200.00 | 5000.00 | 20000.00 | 2 माह |
| 8 | Construction of PCC Road from House of Pradeep Saw to Bacchu Guruji | शहरी परिवहन | 12 | 811000.00 | 5000.00 | 16300.00 | 2 माह |
| 9 | Construction of PCC Raod House of Ajay Tiwari to House of Munna Mukesh | शहरी परिवहन | 13 | 489500.00 | 1000.00 | 9800.00 | 1 माह |
| 10 | Construction of PCC Road from House of Chinta Kunwar to House of Upendra Mahto | शहरी परिवहन | 14 | 947700.00 | 5000.00 | 19000.00 | 2 माह |
| 11 | Construction of PCC Road from House of Ajay Ram to Banki River | शहरी परिवहन | 14 | 583400.00 | 5000.00 | 11700.00 | 2 माह |
| 12 | Construction of PCC Road from House of Shankar Pal to House of Surendra Pal | शहरी परिवहन | 15 | 977400.00 | 5000.00 | 19600.00 | 2 माह |
| 13 | Construction of PCC Road from House of Nandkishor Baitha to House of Biphan Mehta | शहरी परिवहन | 15 | 341600.00 | 1000.00 | 6900.00 | 1 माह |
| 14 | Construction of PCC Road from House of Premnath Shukla to House of Narsingh Narayan | शहरी परिवहन | 16 | 664700.00 | 5000.00 | 13300.00 | 2 माह |
| 15 | Construction of PCC Road from House of Sukhdev Mahto to Karpuri Choupal | शहरी परिवहन | 16 | 813100.00 | 5000.00 | 16300.00 | 2 माह |
| 16 | Construction of PCC Road from PCC to House of Manoj Ram | शहरी परिवहन | 17 | 639400.00 | 5000.00 | 12800.00 | 2 माह |
| 17 | Construction of PCC Road from House of Rajeshwar Ram to Samat Asthal | शहरी परिवहन | 17 | 479000.00 | 1000.00 | 9600.00 | 1 माह |
| 18 | Construction of PCC Road from NH75 to Culvert(Part 1) | शहरी परिवहन | 17 | 902410.00 | 5000.00 | 18100.00 | 2 माह |
| 19 | Construction of PCC Road from NH75 to Culvert(Part 2) | शहरी परिवहन | 17 | 902410.00 | 5000.00 | 18100.00 | 2 माह |

अधिक जानकारी के लिये के बेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 314634 Urban Development (23-24)_D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

### e-Procurement Notice
**e-Tender Ref No- 5/ RCD/Daltonganj/2023-24/ 1321**
**Dated:- 28.12.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Balance Work of widening and Strengthening of Bishrampur-Belhara via Pandu Road (Total Length- 22.00 K.m) for the year 2023-24. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 8,19,73,331.76 (Rupees Eight Crore Nineteen Lacs Seventy Three Thousand Three Hundred Thirty One and Seventy Six Paise) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 8,19,800.00 (Rupees Eight Lac Nineteen Thousand Eight Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 09 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 17.01.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 07.02.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 08.02.2024, 12:30 PM |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | 24.01.2024, 15:00 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 314706 Road(23-24)D

## कार्यालय :– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

### अल्पकालीन निविदा
**(NIT No. - 14/2023-24)**

| | |
|---|---|
| 1. विज्ञापनदाता का नाम | प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 11.01.2024 एवं 12.01.2024 के 10.00 बजे पूर्वा0 से 05.00 बजे अप0 तक न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 3. निविदा प्राप्ती का तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 13.01.2024 के 10.00 बजे पूर्वा0 से 02 .00 बजे अप0 तक न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 4. निविदा खोलने का तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 13.01.2024 को नगर पंचायत, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर में 3.00 बजे अप0 से। |

| क्र0 | कार्य का नाम | मद | वार्ड | प्रा0 राशि | परिमाण विपत्र मूल्य | अग्रधन राशि | कार्य पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of RCC Drain Slab From House of Badan Ram to Banki River | 15th finance | 10 | 981700.00 | 5000.00 | 19650.00 | 02 माह |
| 2 | Construction of Drain Slab from House of Ravi Saw to PCC | 15th finance | 12 | 358300.00 | 1000.00 | 7200.00 | 02 माह |
| 3 | Repairing of Toilet Near Nagar Panchayat Office, Near Sabji Market and Chechariya Pul | 15th finance | 8 | 699100.00 | 5000.00 | 14000.00 | 02 माह |

अधिक जानकारी के लिये के बेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत,
श्री बंशीधर नगर।

PR 314638 (Urban Development) 23-24 (D)

## उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
### (एन0आर0ई0पी0, शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–10 / 2023–24

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 08.01.2024 कार्यालय दिवस में 10.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराहन तक।
परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 09.01.2024, 3.00 बजे अपराह्न तक।
निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 09.01.2024. को अपराह्न 3.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड– बालूमाथ, पंचायत–बसिया राजकीयकृत मध्य विद्यालय, पिण्डारकोम में चाहरदिवारी | 15,81,500.00 | 32000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | प्रखंड– बालूमाथ, पंचायत–बालू उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बहेरा टोला में चाहरदिवारी | 6,19,700.00 | 12500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | प्रखंड– महुआडांड़, पंचायत–चैनपुर राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सेमरबुढ़नी में चाहरदिवारी | 22,67,500.00 | 45500.00 | 5000.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग / भवन प्रमण्डल विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्ते **https://latehar.nic.in** एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 314688 Rural Development (23-24)_D

## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Ranchi West Ranchi

### VERY SHORT TENDER NOTICE
### INVITATION FOR BIDS (IFB)

**RFP No- 07/CDO/Ranchi/RWSS/2023-24** **Dated:- 27.12.2023**

The undersigned on behalf of the Government of Jharkhand invites RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. 558(CDO) dt. 01.09.2020 and 165(CDO) dt. 08.02.2021. Item rate bids for the work mentioned in Annexure- 1 through e-Procurement. The bid shall be submitted online in the Website https://jharkhandtenders.gov.in. The Consultant(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

**Annexure–1**

| Group No. | Name of Work | RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is Invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi. | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Scheme | Job | Completion of Work | Cost of Earnest money in Rs. | Cost of Tender Fee in Rs. | Eligibility |
| 1 | Construction of Weir for Pandu Rural Water Supply Scheme at Banki River under D.W. & S. Div. Medininagar. | 1.0 | 3 Months | 1,00,000.00 | 10,000.00 | For A, B & C Category |

| | |
|---|---|
| Date & Time for publishing of NIT & TOR on website | 30.12.2023 at 3.00 PM |
| Last date & time of online submission Bid /RFP Fee/Performance Guarantee. | 11.01.2024 up to 3.00 PM |
| Date & Time for Opening of Technical Bid document | 12.01.2024 at 3.00 PM |
| Contact no. for procurement officer | 0651-2490581 / 9430725642 |
| Help line no. for e-procurement cell | 0651-2480345/ 9430725642 |

2. RFP application Fee should be Paid Rs 10,000/- (Non- Refundable ) through Online Gateway Facilities in two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **"Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West" payable at Ranchi. (As per IT & e-governance Department Office order Letter-120,Date-03.10.2023 Attached as Annexure-2).**
3. Performance Guarantee should be Rs 1,00,000/- through Online Gateway Facilities in two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **"Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West" payable at Ranchi (As per IT & e-governance Department Office order Letter-120,Date-03.10.2023 Attached as Annexure-2).** Performance Guarantee will be returned after the expiry of Three years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work. Tender fee, Bid security (earnest money) & Bid Documents separately shall be deposited in Online Mode. Only those applications will be entertained whose cost of tender fee, bid security & bid documents is received separately and properly super scribed in Online Mode. The office of Chief Engineer, CDO, D.W.& S. Dept., Jharkhand, Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online method.
4. In case of Empanelled consultant of MSME category will follow the Govt. rule / PWD code
5 All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi
6. Details of Notes to Bidder / Term of Reference (TOR) / Annexure and related information can be seen / downloaded from the https://Jharkhandtenders.gov.in and http://dwsd.jharkhand.gov.in.
7. The authority may accept or reject partly or whole RFP without assigning any reason.
8 Bid Validity shall be 180 Days from the date of Opening Bid
9. The authority may cancel the RFP at any stage before issue of Work order without assigning any reason and for that no claim whatsoever will be made.

**Executive Engineer**
**D.W.& S. Division Ranchi West Ranchi**

PR 314569 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

सब जूनियर महिला हॉकी लीग

# राजा करण अकादमी और प्रीतम सिवाच ने दर्ज की जीत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले चरण के 9वें दिन राजा करण हॉकी अकादमी और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।



### राजा करण हॉकी अकादमी ने करीबी मुकाबला जीता

दिन के पहले मैच में राजा करण हॉकी अकादमी ने खालसा हॉकी अकादमी, अमृतसर को 2-1 से हराया। राजा करण हॉकी अकादमी के लिए कप्तान कुदरत (14'') ने पेनल्टी कॉर्नर के साथ पहला गोल किया। इसके बाद तीसरे क्वार्टर के अंत में (45') उन्होंने फील्ड गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। जशनदीप कौर (54') ने चौथे क्वार्टर में एक गोल करके खालसा हॉकी अकादमी, अमृतसर के लिए कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन राजा करण हॉकी अकादमी ने बढ़त बरकरार रखते हुए मैच जीत लिया।

### प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने दर्ज की आरामदायक जीत

दिन के दूसरे मैच में प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी को 4-0 से हराया। चंचल (18'), वंशिका (25') और आरती (35') ने एक-एक फील्ड गोल किया, जबकि कप्तान रितिका (37') ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया और उन्होंने बिना कोई गोल खाए मैच जीत लिया।

## जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया भूमि पूजन



**रांची।** मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती के अवसर पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय सरना समिति कर रही है। 3 जनवरी से 5 जनवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता के सभी मैच जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में खेले जायेंगे। प्रतियोगिता की सफलता के लिए मुख्य पाहन जगलाल पाहन द्वारा पूर्वजों और देवी देवताओं से बिनती की गयी। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता 3 जनवरी को शुभारंभ होगा।

इस कार्यक्रम में अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विश्वास उरांव, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, मुन्ना लकड़ा, राजू पाहन, सुकरा पाहन, जैना पाहन, मुकेश मुंडा, आनंद पाहन, मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो उपस्थित थे। गुड्डू पाहन को खेल प्रभारी बनाया गया है।

## 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के तहत राज्य को 2024 में छह प्रतिस्पर्धाओं की मिली मेजबानी

**रांची।** वर्ष 2024 में झारखंड को पहली बार राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिलेगा। 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत छह अलग-अलग प्रतिस्पर्धाओं की मेजबानी करने का राज्य को मौका मिलेगा। इन प्रतियोगिताओं में अनुमानतः 5,600 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। जिन छह प्रतिस्पधाओं की मेजबानी राज्य को मिली है उनमें फुटबॉल अंदर 14 बालक-बालिका, कबड्डी अंडर 14 बालक, वुशु अंडर 17 एवं 19 बालक/बालिका, खो-खो अंडर 14 बालक-बालिका, साइक्लिंग अंडर 14,17 एवं 19 बालक-बालिका, स्केटिंग अंडर 11,14,14 एवं 19 बालक-बालिका शामिल हैं। फुटबॉल का आयोजन 17 जनवरी, से 21 जनवरी, कबड्डी और वुशु का आयोजन 24 जनवरी से 28 जनवरी तक, खो-खो का आयोजन 31 जनवरी से चार फरवरी तक, साइक्लिंग का आयोजन आठ फरवरी से 12 फरवरी तक और स्केटिंग का आयोजन 15 फरवरी से 19 फरवरी तक होगा। ये सभी प्रतिस्पधाएं रांची में आयोजित होंगी। राज्य शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि यह आयोजन राज्य के लिए गौरव की बात है। आयोजन के संदर्भ में शिक्षा सचिव के रवि कुमार और राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी का निरंतर मार्गदर्शन मिल रहा है। दोनों पदाधिकारियों के सकारात्मक विजन और टीम के निरंतर अभ्यास से हमें अपने होमग्राउंड में पहली बार हो रहे राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतिस्पधाओं में जीतने का मौका मिलेगा। इसे लेकर हम सभी काफी आशान्वित हैं।

### अंडर 17 बालिका फुटबॉल में झारखंड बनी राष्ट्रीय चैंम्पियन



**रांची:** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा सारण बिहार में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के अंडर 17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए चैम्पियन बनी। फाइनल मैच में काजल कुमारी ने शानदार 2 गोल एवं अनीता डुंगडुंग ने 1 गोल कर टीम को जीत दिलाई। पूरे प्रतियोगिता में राज्य की बालिकाओं ने अपना दबदबा बना कर रखा और प्रतियोगिता के पहले मैच में बिहार को 5-0 से हरा कर प्रतियोगिता में शानदार शुरूआत किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ को 2-1 से, आई बी एस ओ को 12-0 से हरा कर लीग मैच समाप्त किया। प्री क्वार्टर फाइनल में अरुणाचल प्रदेश को 5-0 से, क्वार्टर फाइनल में वेस्ट बंगाल को 4-0 से, सेमीफाइनल में गुजरात को 4-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया जिसके बाद फाइनल में हरियाणा को 3-0 से हरा कर खिताब अपने नाम किया। 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के टीमों ने भाग लिया। ज्ञात हो की झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा खेलो झारखंड राज्य प्रतियोगिता से टीम चयनित कर विषेश प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया था। जिसके बाद टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया। राज्य टीम की इस उपलब्धि पर पूरी टीम एवं टीम कोच बिंदु कुजूर को शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।

### जालौन में रोहित शर्मा के भाई ने क्रिकेट एकेडमी का शुभारंभ किया

**जालौन।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के संरक्षण में चल रही क्रिक किंगडम क्रिकेट एकेडमी का जालौन में शुभारम्भ किया गया। जालौन के उरई पहुंचे रोहित शर्मा के भाई विशाल शर्मा और सिंगापुर क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर पराग दहीवाल ने इस क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन किया। इस एकेडमी को खोलने का मुख्य उद्देश्य पिछड़े बुंदेलखंड क्षेत्र से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को निकालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाना है, यह उत्तर प्रदेश की पहली क्रिकेट एकेडमी है, जो निर्धन और प्रतिभावान बच्चों को भी निखारेगी और उनको स्पॉन्सरशिप भी देगी। उरई के झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे 27 स्टेट दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में क्रिक किंगडम क्रिकेट अकादमी के उदघाटन के मौके पर एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट और सिंगापुर क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी पराग दहिवाल ने बताया कि इस अकादमी को खोलने का मुख्य मकसद बुंदेलखंड क्षेत्र से प्रतिभावान खिलाड़ियों को निखरना है, इससे बुंदेलखंड से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाया जा सके।

## यंग क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट से जीत दर्ज किया

स्व. आई. जे. मेहरा ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24



**नवीनमेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में 29 दिसंबर को छावनी फुटबॉल मैदान में ए डिवीजन जिला लीग के तहत यंग क्रिकेट क्लब बनाम जस्ट क्रिकेट अकादमी के बीच मेच खेला गया। 40-40 ओवर के मैच में जस्ट क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.1 ओवर में 43 बनाकर आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलते हुए यंग क्रिकेट क्लब ने 9 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 47 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीता लिया। मैच में जस्ट क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज नरेंद्र सिंह ने 16 रन बनाए। वहीं, यंग क्रिकेट क्लब के गेंदबाज नागेंद्र कुमार सिंह तीन ओवर चार रन देकर 5 विकेट लिया। राहुल कुमार वर्मा ने 7 ओवर में छह रन देकर तीन विकेट एवं दिव्यम राज 5.1 ओवर में 18 रन देखकर दो विकेट लिया। यंग क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज रुद्राक्ष कुमार सिंह 16 रन और संदीप कुमार 12 रन बनाए। जस्ट क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कैफ आलम ने पांच ओवर में 18 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया।

30 दिसंबर को मैच रॉयल क्रिकेट क्लब बनाम शारदा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा। मैच में अंपायर की भूमिका अभय कुमार व प्रिंस कुमार ने और स्कोरिंग की रवि मुंडा ने निभाई। मौके पर सचिव अरुण कुमार राय, सुरज प्रसाद, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।


### रूपिंदर पाल सिंह ने भारतीय टीम के लिए किया ड्रैग फ्लिकिंग शिविर का आयोजन

**बेंगलुरु।** प्रसिद्ध ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह वर्तमान में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 5 दिवसीय ड्रैग फ्लिकिंग शिविर आयोजित करने के लिए साई बेंगलुरु में हैं। 27 दिसंबर से शुरू शिविर में रूपिंदर, दीपिका और गुरजीत कौर सहित भारतीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकरों की सहायता करेंगे, क्योंकि टीम महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए तैयारी कर रही है। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाला है। भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रखा गया है। इस बीच, पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं।चल रहे सत्र को लेकर अनुभवी भारतीय पेशेवर गुरजीत कौर ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्लसाई बेंगलुरु में 5 दिवसीय ड्रैग फ्लिकिंग शिविर हमारे लिए एक मूल्यवान अनुभव साबित हुआ है। हम हर दिन नई चीजें सीख रहे हैं और उन विशिष्ट पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करके अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## सावधान... यूपीआई आईडी हो सकता है बंद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** यदि आप भी यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) का इस्तेमाल करते हैं तो नए साल में आपको बड़ा झटका लगने वाला है। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई यूजर्स के लिए एक नई गाइडलाइन जारी की है। सरकार की ओर से कुछ दिन पहले ही कहा गया है कि एक लापरवाही के कारण आपका यूपीआई अकाउंट, यूपीआई आईडी बंद हो सकती है। इस फैसले से अमेजनपे, गूगलपे, फोनपे, पेटीएम, मोबिक्विक जैसे एप्स के यूजर्स प्रभावित होंगे। एनपीसीआई ने अपनी नई गाइडलाइन में कहा है कि यदि कोई यूपीआई यूजर एक साल तक अपने यूपीआई अकाउंट से किसी भी तरह का कोई ट्रांजेक्शन नहीं करता है तो उसकी यूपीआई आईडी बंद कर दी जाएगी। यदि इस दौरान कोई यूजर बैलेंस भी चेक करता है तो उसकी आईडी बंद नहीं होगी। एनपीसीआई ने कहा, 'डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में ग्राहकों के लिए सुरक्षित लेनदेन अनुभव सुनिश्चित करने के लिए बैंकिंग प्रणाली के भीतर अपनी जानकारी की नियमित रूप से समीक्षा और सत्यापन करना आवश्यक है। यूजर्स खाते से लिंक अपने मोबाइल नंबर को तो बदल लेते हैं लेकिन उस नंबर से जुड़े यूपीआई अकाउंट को बंद नहीं करते। इस गाइडलाइन का मकसद यूपीआई यूजर्स को एक सिक्योर एक्सपेरियंस देना है। इस साल भी कई यूपीआई अकाउंट इनएक्टिव होंगे। इसकी शुरूआत 31 दिसंबर 2023 से होगी। एनपीसीआई यूपीआई यूजर्स को इस संबंध में ई-मेल के जरिए अलर्ट भेजेगी।




### झारखंड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा के 78वें वार्षिक सम्मलेन पर खेले गए कई मैच




**केरसई:** सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड के सिकरीबेवरा ग्राम में झारखण्ड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा की 78वा वार्षिक सम्मलेन में अवसर पर बालक और बालिका हॉकी,पुरूष वर्ग में क्रिकेट में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें कई टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक एवं विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री बिमला प्रधान उपस्थिति रही। अतिथियों ने परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरु चरण नायक ने कहा पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है।उन्होंने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई किया। वही विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हारने वाले को जीतने के लिए तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिए खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से भी निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरूरी है ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढता है।वहीं उन्होंने कहा हमारे समाज की बेटी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी संगीता कुमारी और रोपनी कुमारी की प्रशंसा करते हुए कहा हॉकी खेल में हमारी बेटियों ने देश में ही नहीं विदेश में भी अपना नाम बनाया है।और सिमडेगा का नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होंने कहा हमारी बेटी अब हॉकी के साथ-साथ फुटबॉल में भी आगे आ रही है।हमारे समाज की बेटी पूर्णिमा कुमारी ने भी जिला सहित झारखंड का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया है।

# व्यापार

## व्यापार आधारित मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** भारत और हांगकांग सीमा शुल्क ने द्विपक्षीय सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान के आधार पर हांगकांग स्थित निर्यातकों और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में मौजूद भारतीय आयातकों से जुड़े व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग (टीबीएमएल) के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि भारत और हांगकांग सीमा शुल्क ने भारतीय आयातकों से जुड़े व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग (टीबीएमएल) के एक बड़े मामले का खुलासा किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। यह कार्रवाई एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक सरगनाओं को बेनकाब करने के लिए दोनों प्रशासन ने संबंधित कानूनों के तहत की गई है, जो उनके जांच और प्रवर्तन कार्रवाइयों को दशार्ती है। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई भारतीय सीमा शुल्क और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा हाल ही में संपन्न प्रवर्तन मामलों में सहयोग के वैश्विक सम्मेलन (जीसीसीईएम) के ठीक बाद सामने आई है। डीआरआई की जांच से पता चला कि सस्ते सिंथेटिक हीरों को प्राकृतिक हीरे बताया जा रहा था और 100 गुना से अधिक मूल्य लगाया जा रहा था। खास बात यह है कि जहां आयात के अधिकांश घोषित बढ़े हुए मूल्य को बैंकिंग चैनलों के माध्यम से देश से बाहर भेजा गया था, वहीं निर्यात के लिए प्राप्त प्रेषण केवल 0.2 फीसदी के मामूली स्तर पर देखा गया था। इससे यह पता चलता है कि यह व्यापार काले धन को सफेद करने के लिए किया गया है। जांच में मिले साक्ष्य यह भी संकेत देते हैं कि इस व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग का मास्टरमाइंड हांगकांग में मौजूद है।



### 2023-24 के लिए आठ करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल

**नई दिल्ली,** आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए अबतक आठ करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा किए जा चुके हैं। इस उपलब्धि के लिए आयकर विभाग ने सभी करदाताओं और कर पेशेवरों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

आयकर विभाग ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए अबतक आठ करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए गए हैं।

इससे पहले कर निर्धारण वर्ष यानी आकलन 2022-23 के लिए करदाताओं ने कुल 7,51,60,817 आईटीआर दाखिल किए थे। आयकर विभाग ने इसे अनूठा मील का पत्थर बताते हुए कहा कि हमें 8 करोड़ का आंकड़ा पार करने में मदद करने के लिए सभी विभाग करदाताओं और कर पेशेवरों के प्रति आभार व्यक्त करता है।

## पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स का उड़ीसा आयुष एक्सपो आयोजित

**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची/भुवनेश्वर:** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और शिक्षा ओ अनुसंधान के सहयोग से शिक्षा ओ अनुसंधान, भुवनेश्वर उड़ीसा परिसर 2 में दो दिवसीय उड़ीसा आयुष एक्सपो का उद्घाटन किया। पीएचडीसीसीआई आयुष एक्सपो में आयुर्वेद, योग, होम्योपैथिक, सिद्ध, यूनानी के स्टॉल हैं, जहां निःशुल्क जांच और उपचार किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह पीएचडीसीसीआई की निदेशक मिली दुबे के स्वागत भाषण के साथ शुरू हुआ। उन्होंने आयुष के लाभार्थियों, सत्र के वक्ताओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. पीके नंदा, कुलपति, एसओए विश्वविद्यालय, सम्मानित अतिथि डॉ. एके महापात्रा, पूर्व निदेशक, एम्स नई दिल्ली, डॉ. संजय कुमार, एमडी पारस एचईसी अस्पताल और प्रेमजीत नायक, निदेशक, आयुष विभाग, ओडिशा सरकार आदि मौजूद थे।मुख्य अतिथि डॉ. पीके नंदा, कुलपति एसओए यूनिवर्सिटी ने अपने परिसर में इस तरह की अद्भुत प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को धन्यवाद दिया। धन्यवाद ज्ञापन पीएचडीसी आई के रेजिडेंट डायरेक्टर प्रणब सिंह ने दिया। एक्सपो में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा कई निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था की गई है। साथ ही आयुर्वेदिक और जैविक उत्पादों का कारोबार करने वाली कई स्थानीय कंपनियां भी अपने उत्पाद का प्रदर्शन और बिक्री की। कई लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## सरकार को बीपीसीएल से लाभांश के रूप में मिले 2413 करोड़ रुपये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 2,413 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। वित्त मंत्रालय के तहत निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांता पांडे ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में बीपीसीएल से लगभग 2,413 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। दीपम सचिव के मुताबिक एक दिन पहले गुरुवार को सरकार को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) से लाभांश के रूप में लगभग 832 करोड़ रुपये मिले। इससे पिछले पिछले हफ्ते सरकार को लाभांश किश्त के रूप में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड से क्रमशः लगभग 262 करोड़ रुपये और 120 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत सरकार की तीसरी सबसे बडी. एकीकृत तेल शोधन और विपणन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है। बीपीसीएल को सरकार से महारत्न का दर्जा प्राप्त है।

## आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन नवंबर में 7.8 फीसदी की दर से बढ़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन नवंबर महीने में सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की दर से बढ़ा है। पिछले साल इसी अवधि में यह दर 5.7 फीसदी थी। इसी साल अक्टूबर महीने में यह दर 12.1 फीसदी रही थी।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि नवंबर महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की दर से बढ़ा है। इसी साल अक्टूबर महीने में यह दर 12.1 फीसदी रही थी। मंत्रालय के मुताबिक अक्टूबर में आठ बुनियादी उद्योगों में शामिल कच्चे तेल और सीमेंट को छोड़कर सभी क्षेत्रों के उत्पादन में अच्छी वृद्धि हुई। कोयला और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले आठ महीनों (अप्रैल-नवंबर) के दौरान प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 8.6 फीसदी बढ़ा है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 8.1 फीसदी था। आठ प्रमुख उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल है। आठ कोर उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 फीसदी का योगदान है।



## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली,** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव घट कर 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं की है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ 77.50 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.38 फीसदी की उछाल के साथ 72.04 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 165 अंक टूटा

**नई दिल्ली,** मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में उतार-चढ़ाव जारी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 164.53 अंक यानी 0.23 फीसदी लुढ़क कर 72,245.85 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.50 अंक यानी 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 21,737.20 पर कारोबार कर रहा है। बाजार में शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 शेयर में गिरावट, जबकि 7 शेयर में तेजी देखने को मिल रही है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले गुरुवार को सेंसेक्स 371.95 यानी 0.51 फीसदी की उछाल के साथ पहली बार 72,410.38 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 123.96 अंक यानी 0.57 फीसदी की मजबूती के साथ पहली बार 21,778.70 अंकों पर पहुंच कर बंद होने में सफल रहा था।